www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025 | वर्ष-18 | अंक-9 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए




नीतीश को भाजपा ने कर लिया हाईजैक : तेजस्वी यादव 02
■ बाबा साहेब ने हमेशा समानता, सामाजिक न्याय...
■ एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर ने मनाया... 03
■ यूनुस सरकार के तहत मजबूत हुई कट्टरपंथी ताकतों...
■ न्यूयॉर्क में भी मनाया गया भीमराव अंबेडकर दिवस 07
फिर जन्म हुआ तो भीमराव अंबेडकर बनना... 10

# वक्फ कानून पर बंगाल में फिर हिंसा, गाड़ियां जलाईं

## पुलिस से भिड़े आईएसएफ के समर्थक, बवाल के बाद हाई अलर्ट

- दक्षिण 24 परगना में हुई झड़प
- पुलिस के वाहनों को आग लगाई
- कई लोगों के घायल होने की खबर



**कोलकाता,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। बंगाल में वक्फ कानून को लेकर जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा घटना में इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थक पुलिस से भिड़ गए। इस दौरान जमकर बवाल हुआ। हिंसा में कई लोगों के घायल होने की खबर है और कई पुलिस वाहनों को आग लगा दी गई। यह हिंसा बंगाल के दक्षिण 24 परगना में हुई। यह झड़प तब हुई, जब पुलिस ने आईएसएफ समर्थकों को पार्टी के नेता और भांगर विधायक नौशाद सिद्दीकी की रैली में जाने से रोकने की कोशिश की। नौशाद सिद्दीकी की रैली कोलकाता के रामलीला मैदान में हुई। पुलिस का कहना है कि इस रैली के लिए पुलिस की अनुमति नहीं थी।

पुलिस ने बताया आईएसएफ समर्थकों को दक्षिण 24 परगना में बसंती राजमार्ग पर भोजेरहाट के पास रोका गया। यहां पर मीनाखान और संदेशखाली से भी बड़ी संख्या में आईएसएफ समर्थक इकट्ठा हुए थे। पुलिस द्वारा रोके जाने पर भीड़ ने बैरिकेट तोड़ने की कोशिश की, जिससे तनाव बढ़ गया। इसके बाद हिंसा शुरू हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शकारियों ने कुछ पुलिस वाहनों में आग लगा दी। इस दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया, जिसमें एक आईएसएफ समर्थक के सिर में चोट लगी।

### वक्फ कानून के खिलाफ भाकपा भी पहुंची सुप्रीम कोर्ट

- दर्जनों याचिकाओं पर कल होगी सुनवाई

इस कानून के विरोध में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वक्फ कानून के विरोध में आए सीपीआई ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की है। अब तक इस मामले में दर्जनों याचिका दायर की जा चुकी है, जिसपर 16 अप्रैल को सुनवाई होनी है। सीपीआई के महासचिव डी. राजा की ओर से दायर इस रिट याचिका में कहा गया है कि यह कानून संविधान में दिए गए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों का उल्लंघन करता है।

### मुर्शिदाबाद में हालात सुधरे, 19 परिवार लौटे

इधर, मुर्शिदाबाद में 10-12 अप्रैल बीच हुई हिंसा के बाद अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। सोमवार को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर जावेद शमीम ने बताया- दुकानें खुलने लगी हैं। अब तक 19 विस्थापित परिवार अपने घर लौट चुके हैं। मालदा और मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन मिलकर लोगों की सुरक्षित वापसी करवा रहा है। शमीम ने कहा, अब तक 210 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### टीएमसी सांसद ने केंद्रीय मंत्री पर लगाए आरोप



तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मजूमदार ने देश के अलग-अलग हिस्सों की हिंसा की तस्वीरें शेयर करके उन्हें पश्चिम बंगाल से जुड़ा बताने की कोशिश की, ताकि राज्य में सांप्रदायिक तनाव फैलाया जा सके। गोखले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए दावा किया कि सुकांत मजूमदार ने अन्य राज्यों की हिंसा की पुरानी तस्वीरें साझा कर यह दिखाने की कोशिश की कि ये तस्वीरें बंगाल में हिंदू त्योहारों के दौरान हुई हिंसा की हैं।

# वक्फ से सिर्फ भू-माफिया का फायदा हुआ : मोदी



- वक्फ की जमीनों से गरीबों का भला होना चाहिए था
- प्रधानमंत्री मोदी ने हिसार से अयोध्या के लिए सीधी उड़ान की शुरुआत की

**हिसार,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर हरियाणा पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले हिसार हवाई अड्डे का उद्घाटन किया और हिसार से अयोध्या के लिए सीधी उड़ान को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद पीएम मोदी ने जहां एक तरफ मंच से वक्फ कानून को लेकर अपनी सरकार की नई नीति के बारे में बताया, वहीं कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए बाबा साहेब अंबेडकर के अपमान का आरोप भी लगाया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा, वक्फ के नाम पर लाखों हेक्टेयर जमीन पूरे देश में है। इस जमीन से गरीबों का, बेसहारा महिलाओं-बच्चों का भला होना चाहिए था। अगर ईमानदारी से इसका उपयोग हुआ होता, तो मुसलमानों को साइकिल के पंचर बनाने की जरूरत नहीं होती। इससे सिर्फ भू-माफिया को ही फायदा हुआ। ये माफिया इस कानून के जरिए गरीबों की जमीन लूट रहे थे।

**मुस्लिम महिलाओं ने बदलाव की मांग की थी**

पीएम मोदी ने वक्फ कानून को लेकर की गई गुहार का भी जिक्र किया। बताया कि सैकड़ों विधवा मुस्लिम महिलाओं ने सरकार को पत्र लिखकर वक्फ कानून में बदलाव की मांग की थी, जिसके बाद सरकार ने इसमें संशोधन किया। पीएम मोदी ने कहा, हमने बहुत बड़ा काम किया है। अब नए वक्फ कानून के तहत किसी भी आदिवासी की जमीन को, हिंदुस्तान के किसी भी कोने में, वक्फ बोर्ड हाथ भी नहीं लगा पाएगा। नए प्रावधान वक्फ की पवित्र भावना का सम्मान करते हुए बनाए गए हैं।


## सार संक्षेप

### खरगे, सोनिया व राहुल ने अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में बाबा साहेब की जयंती पर उनको नमन करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में श्री खरगे, श्रीमती गांधी तथा श्री गांधी के साथ ही कई अन्य प्रमुख नेताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अभिनेता सलमान खान को फिर मिली धमकी



**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। वर्ली में परिवहन विभाग के नंबर पर धमकी भेजी गई है, जिसमें अभिनेता को जान से मारने के साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की बात अज्ञात शख्स ने कही है। अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। वर्ली में परिवहन विभाग के नंबर पर धमकी भेजी गई है, जिसमें अज्ञात शख्स ने अभिनेता को जान से मारने के साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की बात कही है।

### शिवराज का किसानों से डिजीटल आईडी बनवाने का आग्रह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से डिजीटल पहचान पत्र (आईडी) बनवाने का आग्रह करते हुए कहा है कि इससे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सरलता होगी और किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। श्री चौहान ने सोमवार को मध्यप्रदेश के विदिशा में किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने डिजिटल कृषि मिशन की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और तकनीक-सक्षम बनाना है।

### सामाजिक न्याय का राज आज की जरुरत : अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 'सामाजिक न्याय का राज' आज की जरुरत है जिसका असली मतलब है संविधान की बराबरी की भावना और समता-समानता के सिद्धांतों की सही में स्थापना करना है और इसी से नागरिकों के अधिकारों की सही में रक्षा हो पाएगी। श्री यादव ने देश संविधान से चलेगा, मन विधान से नहीं।

# आरएलजेपी ने एनडीए से तोड़ा रिश्ता

## अंबेडकर जयंती के मौके पर पशुपति पारस ने किया ऐलान

- नीतीश सरकार को दलित विरोधी बताया
- रामविलास पासवान को भारत रत्न देने की मांग



**पटना,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अंबेडकर जयंती के मौके पर सोमवार को राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की ओर से बापू सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आरएलजेपी प्रमुख पशुपति पारस ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला और इस सरकार को दलित विरोधी बताया। साथ ही ये ऐलान भी कर दिया कि आज से एनडीए से हमारी पार्टी का कोई नाता रिश्ता नहीं है। पारस ने साफ लहजों में एनडीए से गठबंधन तोड़ने की बात कही। एनडीए की भारत सरकार और बिहार सरकार दोनों पर हमला करते हुए कहा कि यह भ्रष्टाचारी और दलित विरोधी सरकार है। केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सदन में अंबेडकर साहब को अपमानित करने का काम किया गया। वहीं कार्यक्रम में पशुपति पारस ने स्व. रामविलास पासवान को भारत रत्न देने की मांग की।

**जो हमें सम्मान देगा, उसके साथ जाएंगे**

हम सभी 243 सीटों पर अपनी पार्टी की तैयारी करेंगे और हमारे कार्यकर्ता घूम-घूमकर संगठन को मजबूत करेंगे। चुनाव के समय में जो हमें सम्मान देगा उसके साथ हम जाएंगे और यह अकेले फैसला नहीं लेंगे। हमारे पार्टी के सभी नेता लोग मिल बैठकर यह तय करेंगे कि किसके पास जाना है, लेकिन अभी हम सभी सीटों पर तैयारी करेंगे। वहीं पूर्व सांसद प्रिंस राज ने कहा कि हमारी सरकार बनेगी तो पहली कलम से उन दलित और गरीब को जेल से छुड़वाने का काम करेंगे, जिन्हें नीतीश सरकार में शराबबंदी के नाम पर जेल भिजवा दिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि आप भीम संवाद कर रहे हैं और शराबबंदी के नाम पर दलितों को जेल भेज रहे हैं।

# भारत ने मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण का किया अनुरोध

- चोकसी को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया
- पीएनबी के 13,850 करोड़ के घोटाले में है वांछित



**ब्रसेल्स,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले में वांछित हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी बेल्जियम में पकड़ा गया। बेल्जियम की संघीय लोक न्याय सेवा (एफपीएस) ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की कि चोकसी को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। एफपीएस ने कहा, बेल्जियम की संघीय लोक न्याय सेवा पुष्टि कर सकती है कि मेहुल चोकसी को शनिवार, 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। उन्हें हिरासत में रखा गया है और उनके वकीलों को इसकी जानकारी दी गई है। एफपीएस ने कहा कि भारत सरकार की ओर से मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए पहले ही अनुरोध किया जा चुका है। चूंकि मामला न्यायिक प्रक्रिया में है, इसलिए इस पर और कोई विवरण साझा नहीं किया जा सकता। सूत्रों के अनुसार, मेहुल चोकसी को भारतीय एजेंसियों के अनुरोध पर बेल्जियम पुलिस ने एंटवर्प में गिरफ्तार किया गया। वह वहां अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा था और उसके पास बेल्जियम का 'रेजिडेंसी कार्ड' भी था। माना जा रहा है कि 65 वर्षीय चोकसी अब जमानत के लिए याचिका दाखिल कर सकता है, जिसमें वह स्वास्थ्य कारणों का हवाला दे सकता है।

### मेरे मुवक्किल को भारत लाना नहीं होगा आसान : वकील

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के आरोपी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया है। चोकसी के वकील विजय अग्रवाल का कहना है कि उनके मुवक्किल का प्रत्यर्पण आसान नहीं होगा, क्योंकि संजय भंडारी मामले में भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध को भी खारिज कर दिया गया था। इस साल की शुरुआत में, लंदन की एक अदालत ने भारत की जेल प्रणाली के भीतर 'यातना और प्रणालीगत दुरुपयोग के जोखिम' का हवाला देते हुए, धन शोधन और कर चोरी के आरोपों में भारतीय अधिकारियों द्वारा वांछित रक्षा सलाहकार भंडारी के प्रत्यर्पण को रोक दिया था। अग्रवाल ने कहा, उनके लिए अपील दायर की जाएगी। अगर कोई व्यक्ति वहां के इलाज से खुश है, तो उसे वहीं इलाज करवाना चाहिए।

मेहुल चोकसी और उसका भतीजा नीरव मोदी पीएनबी के 13,850 करोड़ रुपये के घोटाले में सीबीआई और ईडी द्वारा वांछित हैं। उन पर मुंबई के ब्रैडी हाउस ब्रांच के अधिकारियों को रिश्वत देकर फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग और फॉरेन लेटर ऑफ क्रेडिट के जरिए धोखाधड़ी करने का आरोप है।

**2018 में हुए थे फरार**

यह दोनों जनवरी 2018 में भारत से फरार हो गए थे, ठीक उसी समय जब पीएनबी घोटाला सामने आया। मेहुल चोकसी ने एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता ले ली थी और बाद में वहां से इलाज के बहाने निकल गया।

# उपभोक्ताओं को खराब गैस मीटरों से बचाने के लिए कड़े किए नियम

- उपभोक्ता मामलों के विभाग ने नए ड्राफ्ट नियम तैयार किए
- टेस्टिंग, वेरिफिकेशन और मुहर लगाना अनिवार्य करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सोमवार को कहा कि उसने नए ड्राफ्ट नियम तैयार किए हैं, जिसके तहत घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक उद्देश्यों में उपयोग होने वाले सभी गैस मीटरों के लिए उपयोग से पहले टेस्टिंग, वेरिफिकेशन और मुहर लगाना अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। इससे उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हो सकेगी। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन गैस मीटरों का रिवेरिफिकेशन भी नियमों के तहत निर्धारित किया गया है ताकि उपयोग में होने पर उनकी शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। लीगल मेट्रोलॉजी (जनरल) नियम, 2011 के तहत तैयार किए गए इन नए नियमों का प्राथमिक उद्देश्य गैस के माप में सटीकता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। सत्यापित और मुहर लगे गैस मीटरों से अधिक शुल्क लेने या कम माप करने पर लगाम लगेगी, विवादों में कमी आएगी और खराब या छेड़छाड़ किए गए मीटरों के खिलाफ उपभोक्ताओं को गारंटीकृत सुरक्षा सुनिश्चित होगी।



आधिकारिक बयान के अनुसार, उपभोक्ताओं को उचित बिलिंग, बेहतर ऊर्जा दक्षता और मानकीकृत उपकरणों से रखरखाव में बचत का फायदा होगा। उपभोक्ता लाभों के अलावा, नए नियम 'निर्माताओं' और 'गैस वितरण कंपनियों' के लिए एक स्ट्रक्चर्ड फ्रेमवर्क तैयार करेंगे, जो इंटरनेशनल बेस्ट प्रैक्टिस और इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ लीगल मेट्रोलॉजी स्टैंडर्ड्स से जुड़े होंगे।

### हितधारकों के साथ की गई थी बैठक

आधिकारिक बयान में कहा गया है कि हितधारकों की बैठकों और अंतर-विभागीय परामर्श के कई दौर आयोजित किए गए थे जिनमें नियामक जरूरतों और नियमों को लागू करने में आसानी के बीच संतुलन बनाते हुए हर पहलू पर व्यापक रूप से ध्यान दिया गया था। विचार-विमर्श के बाद, नियमों को अंतिम रूप दिया गया।

# आरएसएस के लोग अंबेडकर के दुश्मन थे, आज भी हैं : खरगे



- जिन लोगों ने संविधान की प्रति जलाई, उनके चेले आज सत्ता में बैठे हैं

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का सिर्फ नाम लेती है, जबकि बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोग ही अंबेडकर के शत्रु हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कांग्रेस पर अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाए जाने को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि बाबासाहेब को चुनाव में हराने के लिए बीजेपी के वैचारिक पूर्वज जिम्मेदार थे। खरगे ने संवाददाताओं से बातचीत में बीजेपी और आरएसएस का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि ये लोग बाबासाहेब के शत्रु हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में बाबासाहेब को हराने के लिए विनायक दामोदर सावरकर और कम्युनिस्ट नेता एस ए डांगे जिम्मेदार थे। उन्होंने दावा किया कि जिन लोगों ने संविधान की प्रति जलाई, उनके चेले आज सत्ता में बैठे हैं।

# 1,800 करोड़ की ड्रग्स समुद्र में फेंक भागे तस्कर

- गुजरात एटीएस कोस्ट गार्ड ने की कार्रवाई

**गांधीनगर,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान से ड्रग्स की तस्करी की एक बड़ी साजिश को गुजरात एटीएस और भारतीय कोस्ट गार्ड ने संयुक्त ऑपरेशन में नाकाम कर दिया। भारतीय सुरक्षा बलों को देखकर पाकिस्तानी तस्कर 311 किलोग्राम ड्रग्स समुद्र में फेंककर भाग गए, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1,800 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई 12 और 13 अप्रैल की रात को समुद्र में की गई। गुजरात एटीएस को खुफिया सूचना मिली थी कि पाकिस्तान का ड्रग्स सप्लायर फिदा तमिलनाडु की एक नौका को 400 किलोग्राम ड्रग्स सौंपने वाला है। गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी के अनुसार, इंस्पेक्टर जे.एम. पटेल को इस सौदे की जानकारी मिली थी।

**तैयारी** *तीन जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेगी यात्रा*

# अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण आज से होगा शुरू

■ सुरेश एस डुग्गर--

जम्मू, 14 अप्रैल (देशबन्धु)। इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेगी। इस बार पूरे 39 दिन भक्तों को बाबा बर्फानी के दर्शन करने का मौका मिलेगा। अगर आप भी इस यात्रा पर जाने की सोच रहे हैं, तो 15 अप्रैल से इसका रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। अधिकारियों ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति देश भर में 533 बैंक शाखाओं में रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

- 533 बैंक शाखाओं में करवा सकते हैं रजिस्ट्रेशन
- आधार कार्ड और हेल्थ सर्टिफिकेट जरूरी होगा

इसके लिए आधार कार्ड और हेल्थ सर्टिफिकेट जरूरी होगा। सरकार इस बार यात्रियों के लिए और भी अच्छी सुविधाएं देने वाली है, ताकि यात्रा आराम से हो सके। सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। अमरनाथ यात्रा भारत की सबसे पवित्र



तीर्थयात्राओं में से एक है, जो भक्तों को जम्मू और कश्मीर में पवित्र अमरनाथ गुफा तक ले जाती है। हर साल देश भर से हजारों तीर्थयात्री इस आध्यात्मिक यात्रा में हिस्सा लेते हैं। 2025 में अमरनाथ यात्रा में शामिल होने के लिए पहले से पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। इस साल, पंजीकरण आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है और अधिकृत बैंकों और श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आनलाइन और आफलाइन दोनों तरह से उपलब्ध है। यूं तो इस बार भी केवल सीमित संख्या में तीर्थयात्रियों, लगभग 15,000 प्रतिदिन को भाग लेने की अनुमति है।

### ऑफलाइन पंजीकरण की भी सुविधा उपलब्ध

ऑफलाइन पंजीकरण पसंद करने वालों के लिए, जम्मू और कश्मीर सरकार ने वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन हॉल सहित कई केंद्र स्थापित किए हैं। यहां बताया गया है कि प्रक्रिया कैसे काम करती है। निर्दिष्ट केंद्रों में से किसी एक से टोकन स्लिप प्राप्त करें। ये टोकन चयनित यात्रा तिथि से तीन दिन पहले जारी किए जाते हैं। अगले दिन, अपनी मेडिकल जांच और औपचारिक पंजीकरण के लिए सरस्वती धाम जानाहोगा।

# देश

उवाच "बिहार के सभी जिलों में आई आंधी-तूफान एवं बेमौसम बारिश के कारण किसानों की फसलों को क्षति हुई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है इसलिए फसल सहायता अनुदान के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई जाए।

-रामनरेश पाण्डेय, भाकपा के राज्य सचिव



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.0 | 26.0 |
| मुंबई | 33.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# देश में आज हो रही संविधान की मूल भावना की अवेहलना : कांग्रेस

■ डा. अंबेडकर जयंती पर आयोजित समारोह में शामिल हुए सचिन पायलट



**संविधान की मूल भावना का आदर करना प्रत्येक नागरिक एवं विशेष रूप से प्रत्येक सरकार की जिम्मेदारी : सचिन पायलट**

**टोंक,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान को आज पहले से अधिक प्रासंगिक बताते हुए कहा है कि इसकी मूल भावना का आदर करना प्रत्येक नागरिक एवं विशेष रूप से प्रत्येक सरकार की जिम्मेदारी हैं लेकिन दुर्भाग्यवश देश में जो हालात निर्मित हुए है आज सिर्फ अंबेडकर मूर्ति पर फूल मालाए तो चढ़ रही हैं मगर संविधान की मूल भावना की अवेहलना की जा रही हैं। पायलट ने सोमवार को यहां डा. अंबेडकर जयंती पर आयोजित समारोह में शामिल होने के अवसर पर मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि डा अंबेडकर जयंती के मौके पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। डा. अंबेडकर जिस संविधान का निर्माण करके गए, वह संविधान आज पहले से अधिक प्रासंगिक हैं। संविधान की मूल भावना का आदर करना प्रत्येक नागरिक एवं विशेष रुप से प्रत्येक सरकार की जिम्मेदारी हैं लेकिन दुर्भागयवश देश में जो हालात निर्मित हुए है आज सिर्फ अंबेडकर मूर्ति पर फूल मालाए चढ़ रही हैं मगर संविधान की जो मूल भावना है, उसकी अवेहलना हो रही हैं। जो वंचित वर्ग एवं शोषित, आदिवासी सबको अलग तरह के माहौल में जीने को विवश आज व्यवस्था ने कर रखा हैं।

**वर्तमान सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं को किया कमजोर**

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि जिन संवैधानिक संस्थाओं को 70 सालों से अलग-अलग सरकारों ने पोषित किया है, वर्तमान सरकार चाहे केन्द्र की हो या राज्य की सरकार, इन संस्थाओं को खोखला एवं कमजोर करने का काम किया गया हैं और यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं हैं।

एक सवाल के जवाब में राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि यह सही बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को केवल उनके क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए और उन्हें प्रदेश में दौरे कर पूरे प्रदेश को लाभ पहुंचाने का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि राजे ने राज्य सरकार की पोल खोल दी और उन्होंने सरकार के काम करने के तरीके को कटघरे में खड़ा कर दिया हैं। उन्होंने आरोप लगाते हए कहा कि सरकार का काम केवल जुमलेबाजी रह गया और मंत्रियों में खींचतान हो रही हैं तथा अफसरशाही हावी हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राजनीतिक व्यस्था को अपने पक्ष करने के लिए जानबूझकर परिसीमन किया जा रहा है। यह वोट को देखकर किया जा रहा है जो गलत हैं और यह संविधान की भावना के विपरीत हैं जिसका हम विरोध कर रहे हैं। पायलट ने वक्फ संशोधित बिल पर कहा कि यह जनता का ध्यान भटकाने के लिए बनाया गया हैं।

### दलितों एवं वंचित वर्ग के साथ जानबूझकर की जा रही प्रताड़ना

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि अगर डा. अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देनी है तो संविधान का सम्मान हो, सिर्फ भाषण नहीं दिया जाए और अपनी कार्यप्रणाली में सरकार के माध्यम से न्याय पहुंचे। आज दलितों एवं वंचित वर्ग के साथ जानबूझकर प्रताड़ना की जा रही है। असामाजिक तत्वों को छूट मिल रही हैं और उनके हौसले बुलंद क्यों है, देश में अनेक घटनाएं घट रही है जिसकी कोई जवाबदेही तय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य दोनों सरकारों को डा.अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलना चाहिए।

## विपक्षी दल फैला रहे हैं भ्रांतियां : जदयू

**पटना,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के बयान को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। इस बयान को लेकर एनडीए में शामिल जदयू के प्रवक्ता राजीव रंजन ने साफ कर दिया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर दिए गए बयान को लेकर भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता अमित शाह ने हाल ही में बयान दिया था, बिहार में एनडीए की सरकार एक बड़े बहुमत के साथ बनेगी और इसकी अगुवाई मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं और रहेंगे। यह बयान उन्होंने एक टीवी शो के दौरान दिया है। अब हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के एक बयान को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। उन्होंने दरअसल, हरियाणा के मुख्यमंत्री महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर सैनी समाज के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा कि हरियाणा में आप सबों ने, सैनी, कुशवाहा समाज के लोगों ने, भाजपा की जीत सुनिश्चित की है।



## वक्फ संशोधन अधिनियम मुसलमानों के अधिकारों पर हमला : तारिगामी



■ सुधार के नाम पर मुस्लिम संस्थानों को निशाना बनाने का लगाया आरोप

**श्रीनगर,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता एवं विधायक मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने सोमवार को कहा कि हाल ही में संपन्न हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा सत्र में वक्फ संशोधन अधिनियम पर चर्चा की अनुमति दी जानी चाहिए थी। तारिगामी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम मुसलमानों के अधिकारों पर हमला है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाली सरकार सुधार के नाम पर मुस्लिम संस्थानों को निशाना बना रही है। उन्होंने बताया कि माकपा ने तमिलनाडु में हुए माकपा पार्टी कांग्रेस अधिवेशन में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें इस कदम को असंवैधानिक और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला करार दिया गया। तारिगामी ने कहा कि प्रस्ताव में पार्टी ने कहा कि नया कानून, जो गैर-मुस्लिमों को वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने की अनुमति देता है, मुस्लिम समुदाय के धार्मिक मामलों में सीधे हस्तक्षेप के समान है। उन्होंने सवाल किया कि सुधारों का लक्ष्य केवल मुस्लिम-प्रबंधित वक्फ संपत्तियों पर ही क्यों है, जबकि अन्य समुदायों की संस्थाओं में भी सुधार की गुंजाइश है। नेता ने कहा कि यह किसी के धार्मिक संस्थानों का प्रबंधन करने के संवैधानिक अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन है।

माकपा के नेता एवं विधायक मोहम्मद यूसुफ तारिगामी ने कहा कि वक्फ एक सदियों पुरानी व्यवस्था है, जिसके तहत मुस्लिम संपत्तियां धार्मिक और सामुदायिक कल्याण के लिए समर्पित होती है। उन्होंने कहा कि नया कानून वक्फ बोर्डों की स्वायत्तता को खत्म करता है और बाहरी शक्तियों को अनुचित प्रभाव प्रदान करता है।

### वक्फ अधिनियम के बारे में सवाल उठाएं विधायक

माकपा नेता ने कहा कि विधायकों का यह उचित कर्तव्य है कि वे जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ अधिनियम के बारे में सवाल उठाएं। उन्होंने कहा कि देश के लोग इस अधिनियम के निहितार्थों को लेकर बहुत चिंतित हैं। अगर ऐसे महत्वपूर्ण मामलों पर कोई बहस नहीं होगी, तो क्या होगा। मैंने विधानसभा में कहा था और मैं आज भी इसे दोहराता हूं कि इस पर बहस होनी चाहिए थी। वरिष्ठ विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा ने सत्ता संभालने के बाद से जम्मू-कश्मीर के लोगों के अधिकारों को व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है।

## सार संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी ने उड़िया नववर्ष की दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिया नववर्ष के अवसर पर ओडिशा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में मोदी ने ओडिशा की सांस्कृतिक समृद्धि पर जोर दिया और सभी के लिए खुशी, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने ओडिशा की शानदार संस्कृति पर गर्व व्यक्त किया और उम्मीद जतायी कि नया साल सभी के लिए खुशियां और सफलता लेकर आएगा।

### वाहन की टक्कर से चार वर्षीय पर्यटक की मौत

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक नाबालिग पर्यटक की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि सेल्फी प्वाइंट पहलगाम के पास एक दुर्घटना हुई, जिसमें एक अज्ञात वाहन ने एक नाबालिग पर्यटक लड़की को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। उन्होंने बताया कि लड़की का नाम हलमा हसीना पुत्री हाशिम कुरैशी निवासी मूलगंज कानपुर उत्तर प्रदेश को इलाज के लिए पहलगाम अस्पताल लाया गया था।

### धनखड़ ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान जनक डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की है। धनखड़ ने सोमवार को कहा कि हमारे संविधान के प्रमुख निर्माता और सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के लिए एक अथक योद्धा के रूप में, डॉ. अम्बेडकर ने अपने विवेक, दृढ़ विश्वास और हाशिए पर पड़े लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के माध्यम से भारतीय इतिहास की दिशा बदल दी। मैं भारत के सबसे महान राष्ट्र-निर्माताओं और समाज सुधारकों में से एक डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की जयंती पर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

### पिनाराई ने लोगों को दीं विशु पर्व की शुभकामनाएं

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने विशु पर्व पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। विजयन ने अपने संदेश में कहा कि विशु समृद्धि और प्रचुरता का प्रतीक है। यह उत्सव का समय है जब हर कोई बेहतर और अधिक समृद्ध दिनों के लिए आशाओं और सपनों को साझा करने के लिए एक साथ आता है। यह त्योहार हमें अपनी समृद्ध कृषी संस्कृति को पुनः प्राप्त करने की आवश्यकता की याद दिलाता है। विशु सभी वर्गों के लोग एक साथ मिलकर मनाते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने भी दुनिया भर के मलयाली लोगों को विशु की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमारी समृद्ध कृषि संस्कृति की याद दिलाता है।

## नीतीश को भाजपा ने कर लिया हाईजैक : तेजस्वी यादव

**पटना,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग अंबेडकर का विरोध करने वाले लोग हैं और उनकी जयंती मना रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग संविधान को नहीं मानते हैं, वैसे भाजपा और आरएसएस के लोग न चाहते हुए भी अंबेडकर जयंती मना रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि जनता दल यूनाइटेड हो या भाजपा हो या एनडीए के अन्य पार्टनर, ये सभी अंबेडकर की विचारधारा के विपरीत काम करने पर तुले हुए हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि पिछले दिनों संसद में भाजपा के दिग्गज नेता के भाषण को सभी लोगों ने सुना था। उनके दिल की बात, जुबान से निकली थी। तेजस्वी यादव ने भाजपा को आरक्षण खोर पार्टी बताते हुए कहा कि बिहार में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर इसे नौंवी अनुसूची में डालने की मांग की गई थी, लेकिन भाजपा की सरकार ने कोर्ट में जाकर गड़बड़ी करने का काम किया। राजद नेता तेजस्वी यादव ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार बनाने के बयान पर दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भाजपा ने हाईजैक कर लिया है। मुख्यमंत्री अचेत अवस्था में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में कौन नहीं सीएम बनेगा, यह तो बता दो। क्यों आप लोग झगड़ा लगवा रहे हैं।



झामुमो के 13वें महाधिवेशन में बाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# झारखंड के घर-घर में फैल गई हैं पार्टी की जड़ें

■ मुख्यमंत्री ने पार्टी और राज्य को नई ऊंचाई पर ले जाने का किया आह्वान



**आंदोलन से उपजी पार्टी को सींचकर और बढ़ाना है हमारा लक्ष्य झारखंड व यहां के वासियों को निरंतर आगे बढ़ाना : हेमंत**

**रांची,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में सोमवार को सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) का 13वां केंद्रीय महाधिवेशन शुरू हुआ। जेएमएम के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित महाधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी और राज्य को नई ऊंचाई पर ले जाने का आह्वान किया।

सोरेन ने कहा कि हमारी पार्टी की जड़ें अब झारखंड के घर-घर में फैल गई हैं। आंदोलन से उपजी पार्टी को सींचकर और बढ़ाना है। हमारा लक्ष्य झारखंड और यहां के वासियों को निरंतर आगे बढ़ाना है। हमें दिन-रात काम कर यहां के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाना है। दो दिनों तक चलने वाले इस महाधिवेशन में झारखंड के अलावा ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं अन्य राज्यों के लगभग चार हजार से ज्यादा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस महाधिवेशन को पार्टी के 50 वर्षों से भी ज्यादा के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा संगठनात्मक जलसा माना जा रहा है। इस दौरान पार्टी के संगठनात्मक संरचना में बदलाव और राजनीतिक एजेंडों को लेकर कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। सम्मेलन की शुरुआत संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण और पार्टी का ध्वज फहराने के साथ हुई। हेमंत सोरेन ने महाधिवेशन के उद्घाटन सत्र में भारतीय जनता पार्टी पर जोरदार जुबानी हमले किए। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के गठन के बाद सत्ता ऐसे लोगों के हाथ में चली गई, जिनको आदिवासी-मूलवासी से कोई मतलब नहीं था। सरकार की नीतियों की वजह से आदिवासी-मूलवासी और किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता ने झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित लोगों ने उत्पीड़न से परेशान होकर वर्ष 2019 में डबल इंजन की सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया था। उस वक्त जब झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी, तो उसे परेशान और तबाह करने की कोशिश की गई।

विपक्षी पार्टी की तमाम कोशिशों के बावजूद झारखंड की अबुआ सरकार ने झुकना स्वीकार नहीं किया।

### झारखंड के आम लोगों के हितों में फैसले ले रही अबुआ सरकार : मुख्यमंत्री

अबुआ (अपनी) सरकार झारखंड के आम लोगों के हितों में फैसले ले रही है। हेमंत सोरेन ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा नामक जो पौधा लगाया था, आज विशाल वृक्ष का रूप धारण कर चुका है। आज राज्य की जनता के आशीर्वाद और झामुमो के जुझारू सिपाहियों की मेहनत की बदौलत हमने, अपने आप को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बोलने वाले दल को हराने का काम किया है। राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनने का आशीर्वाद हमें मिला है। महाधिवेशन के उद्घाटन सत्र में हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन, उनकी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन, पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद पांडेय, सांसद महुआ माजी, विजय हांसदा, मंत्री हफीजुल हसन अंसारी, योगेंद्र प्रसाद, चमरा लिंडा सहित पार्टी के सभी विधायक मंच पर मौजूद रहे।

# जातिवाद और संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति छोड़ें सरकारें : मायावती



■ अंबेडकर की जयंती पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**लखनऊ,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सभी सरकारों से भी जातिवादी व संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति को त्यागने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसा करके ही संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के 'विकसित भारत' के सपने को साकार किया जा सकता है।

मायावती ने सोमवार को डा. अंबेडकर को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों व अन्य उपेक्षितों को बसपा जुड़कर अम्बेडकरवादी बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी बहुजनों के लाख दुखों की एक दवा है उनकी आपसी एकता व वोटों के जरिए सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करना। इसके लिए विरोधियों के सभी हथकण्डों को भी विफल करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी सरकारें जातिवादी व संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति आदि को त्याग कर संविधानवादी भारतीय बने ताकि जन व देशहित में 'विकसित भारत' और समतामूलक भारत बनाने का डा. अंबेडकर का सपना जमीन पर पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों बहुजनों में गरीबी, बेरोज़गारी, महंगाई, अशिक्षा, पलायन, पिछड़ेपन का त्रस्त जीवन दूर होने जैसे जीवन सुधार का सही लाभ मिलता हुआ नज़र नहीं आ रहा है। ऐसे में संविधान के सर्वजन हितैषी कल्याणकारी राज की स्थापना कैसे संभव है।

### भाजपा शासनकाल में दलित पिछड़ों के हाल बदतर

बसपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा शासनकाल में दलित पिछड़ों के हाल बदतर हैं। इन वर्गों के आरक्षण के संवैधानिक अधिकार पर भी हर प्रकार का सुनियोजित कुठाराघात होने से रोजगार के अभाव में इनके हालात कुछ बेहतर होने के बजाय ज्यादातर बिगड़ते ही चले जा रहे हैं। जातिवादी पार्टियों के संरक्षण में स्वार्थी तत्वों का ही बोलबाला है।

## गुजरात में नशीले पदार्थों के पैकेट बरामद

**अहमदाबाद,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात एटीएस और भारतीय तटरक्षक बल (कॉस्टगार्ड) ने भारतीय जल सीमा से 1800 करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थों के 311 पैकेट बरामद किए हैं। एटीएस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि 10 अप्रैल को सूचना मिली थी कि पाकिस्तान के फिदा नामक ड्रग माफिया का लगभग 400 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ पसनी बंदरगाह से एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव में 12 अप्रैल को रात 2000 बजे से 13 अप्रैल की सुबह चार बजे के दौरान पोरबंदर के अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास भारतीय जल क्षेत्र में आएगा और चैनल नंबर 48 पर अपने कॉल साइन रमिज के नाम से तमिलनाडु की ओर से किसी भी नाव को सादिक के नाम से बुलाकर उसे देगा और वह मादक पदार्थ की मात्रा तमिलनाडु ले जाएगा।

सूचना के आधार पर एटीएस और तटरक्षक बल (कॉस्टगार्ड) के उच्च अधिकारियों ने इसे तुरंत गंभीरता से लिया और एटीएस. और तटरक्षक अधिकारियों ने इस संबंध में एक ऑपरेशन तैयार किया, जिसके तहत एटीएस और तटरक्षक अधिकारी भारतीय जल सीमा में संभावित स्थान पर पहुंच गए और निगरानी करते रहे।

## मेहुल को दस साल तक खुलेआम घूमने दिया : राजेश



■ चोकसी को गिरफ्तारी को बताया केंद्र की नाकामी

**रांची,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के आरोपी मेहुल चोकसी की बेल्जियम में गिरफ्तारी पर बयान दिया। राजेश ठाकुर ने कहा कि मेहुल चोकसी को बहुत पहले गिरफ्तार किया जाना चाहिए था। कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर ने कहा कि यह केंद्र सरकार की नाकामी है, जिन्होंने मेहुल चोकसी को 10 साल तक खुलेआम घूमने दिया।

वरना, उसे बहुत पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया होता। हमने इस पर पहले ही कार्रवाई की थी। सरकार के पास सभी संसाधन हैं, लेकिन उनके पास कार्रवाई करने की इच्छाशक्ति नहीं है। अब दबाव है और अगर विपक्ष का यह दबाव जारी रहा, तो जो लोग भ्रष्टाचार में लिप्त थे, उन्हें अंततः न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर ने आंबेडकर जयंती पर कहा कि बाबा साहेब हमारे और भारत के लोगों के दिलों में बसते हैं। जब से अमित शाह ने उनको अपमानित करने का काम किया है, तब से हम देख रहे हैं कि मौजूदा सरकार किस तरह उनका अपमान कर रही है।

पहले उन्होंने सदन में उनका अपमान किया और फिर बार-बार बाबा साहेब के बनाए संविधान के साथ छेड़छाड़ की गई। जैसा कि आज आप देख सकते हैं कि राहुल गांधी ने बाबा साहेब के सम्मान की लड़ाई शुरू की है उससे लोग प्रभावित हो रहे हैं।


राजनीति | डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के अस्तित्व पर मंडराने लगा खतरा

# गुलाम नबी आजाद ने अपनी पार्टी की सभी समितियां कीं भंग

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 14 अप्रैल (देशबन्धु)। डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने राज्य, प्रांतिय, जिला और ब्लाक समितियों सहित पार्टी की सभी इकाइयों को भंग कर दिया है, साथ ही प्रवक्ताओं के पैनल को भी भंग कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी के अस्तित्व पर खतरा** मंडराने लगा है। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक संचार में कहा गया है कि डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने प्रवक्ता सहित राज्य, प्रांतीय, जिला और ब्लाक समितियों सहित पार्टी की सभी इकाइयों को भंग कर दिया है।

इसमें आगे कहा गया है कि समितियों का उचित समय पर पुनर्गठन किया जाएगा। यह अध्यक्ष की स्वीकृति से जारी किया जाता है। यह आदेश अध्यक्ष के सचिव बशीर आरिफ द्वारा जारी किया गया है। इतना जरूर था कि इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद की पार्टी का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है क्योंकि बताया जा रहा है कि उनकी पार्टी के अधिकतर नेता पार्टी को छोड़ने जा रहे है।



■ समितियों का उचित समय पर होगा पुनर्गठन

पार्टी सूत्रों का कहना था कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद और केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी का राजनीतिक सफर केंद्र शासित प्रदेश में अपने 'अंतिम पड़ाव' पर हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2022 में कांग्रेस छोड़ने वाले सभी नेताओं ने फिर से बड़ी पुरानी पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ताज मोहिउद्दीन के नेतृत्व में कई नेता अगले कुछ दिनों में फिर से कांग्रेस में शामिल होने वाले हैं।

ताज ने आजाद की पार्टी में शामिल होने के लिए अगस्त 2022 में कांग्रेस छोड़ दी थी। बाद में उन्होंने पिछले साल अगस्त में पार्टी से इस्तीफे की घोषणा की और फिर उड़ी निर्वाचन क्षेत्र से एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में 2024 का विधानसभा चुनाव लड़ा, लेकिन असफल रहे। बदलते घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस में फिर से शामिल होने का इरादा रखने वाले अन्य नेताओं में जीएम सरूरी, देवसर से मुहम्मद अमीन भट, अशोक कुमार, गुलजार अहमद वानी और अन्य शामिल हैं।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि इस सप्ताह जम्मू या नई दिल्ली में बड़े पैमाने पर फिर से शामिल होने की उम्मीद है। कांग्रेस में फिर से शामिल होने की उम्मीद रखने वाले कई नेताओं ने पिछले साल ही डीपीएपी से इस्तीफा दे दिया था। गौरतलब है कि इससे पहले यह खबर दी जा चुकी थी कि 2024 के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद डीपीएपी अनिश्चित भविष्य का सामना कर रही है। पार्टी की गतिविधियां ठप्प हो गई हैं, और आजाद खुद जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक परिदृश्य से असामान्य चुप्पी और अनुपस्थिति बनाए हुए हैं।

उल्टा पुल्टा

पति पत्नी हाथ पकड़े बाजार में घूम रहे थे...
उन्हे देखकर दोस्त बोला : इतने साल बाद भी इतनी मोहब्बत... ।।
पति बोला : ओ भाई कैसी मोहब्बत...हाथ छोड़ते ही दुकान में घुस जाती है...

देवेंद्र यादव ने 'आप' व भाजपा के कई नेता का कांग्रेस में किया स्वागत, कहा

# कांग्रेस के पास वादों को पूरा करने का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आम आदमी पार्टी के कई नेताओं और श्रमिकों का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। करावल नगर और गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र सैंकड़ों की संख्या भाजपा और आप पार्टी के लोगों को दिल्ली कांग्रेस में प्रदेश कार्यालय, राजीव भवन में कांग्रेस का पटका पहना कर कांग्रेस पार्टी में उन्हें शामिल करवाया।

कांग्रेस में शामिल होने वालों में प्रमुख सतीश डेढ़ा पूर्व सलाहकार, ओबीसी आयोग, मोहित डेढ़ा भाजपा डूसू-प्रभारी, करावल नगर, यश सिंह एएपी यूथ विंग आयोजन सचिव, करावल नगर, सबहाश खरोलिया, राजा, रोहित शरम, रोव हाफिस अंसारी आदि बीजेपी और करावल नगर जिले के आम आदमी पार्टी से कांग्रेस में शामिल हुए।

इस मौके पर जिला प्रभारी डॉ. पी.के.मिश्रा और लक्ष्मण रावत भी मौजूद थे। गांधी नगर से कांग्रेस के विधायक उम्मीदवार कमल अरोड़ा ने गांधी नगर से आम आदमी पार्टी के नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और करावल नगर से सैंकड़ो कार्यकर्ता डॉ. पी. के. मिश्रा के साथ जुड़कर कांग्रेस में शामिल हुए। देवेंद्र यादव ने कांग्रेस में शामिल हुए आम आदमी पार्टी और भाजपा के श्रमिकों और नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे विकास और प्रगति के लिए कांग्रेस की विचारधारा से आकर्षित है, क्योंकि कांग्रेस के पास अपने वादों को पूरा करने का एक ट्रैक रिकॉर्ड है, जबकि आम आदमी पार्टी ने केवल लोगों को धोखा देने और सिर्फ वादा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के अधिक कार्यकर्ता और नेता कांग्रेस में शामिल होने के लिए कतार में हैं, क्योंकि वे केजरीवाल पार्टी के भ्रष्टाचार और धोखे से उनका मोहभंग हो गया है।




**लोग विकास व प्रगति के लिए कांग्रेस की विचारधारा से आकर्षित है, जबकि 'आप' ने केवल धोखा देने और सिर्फ वादा करने का काम किया है : देवेंद्र यादव**

## डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को कायम रखने के लिए कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रहेगी : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ आज यहां प्रदेश कार्यालय, राजीव भवन में भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर को उनकी 134वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। देवेंद्र यादव के अलावा डॉ. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख अन्य नेताओं में दिल्ली के पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ, मंगत राम सिंघल, डॉ. किरण वालिया, राजेंद्र पाल गौतम, भीष्म शर्मा, जतिन शर्मा, सिद्धार्थ राव, संजय नीरज, दर्शना रामकुमार, जगजीवन शर्मा, डॉ. पी.के. मिश्रा, एडवोकेट सुनील कुमार, धर्मपाल चंदेला, सुरेन्द्र कुमार, हाजी इशराक खान, हाजी जरीफ, राज कुमार जैन, मोहम्मद उस्मान, हर्ष चौधरी, राजीव वर्मा, कमल अरोड़ा और जे.पी. पंवार, हाजी इशराक खान और हाजी जरीफ शामिल थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि डॉ. भीम राव अम्बेडकर सामाजिक न्याय और समानता के पक्षधर थे, उन्होंने दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के उत्थान के लिए अथक प्रयास किए और उन पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उन्हें शिक्षा के माध्यम से जीवन की मुख्यधारा में लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर, जो भारतीय संविधान के निर्माता थे, जिसे दुनिया भर में एक पवित्र दस्तावेज माना जाता है, ने संविधान में हाशिए पर पड़े लोगों के खिलाफ भेदभाव और अन्याय को मिटाने, उन्हें सम्मान और गरिमा के साथ जीवन में आगे बढ़ने के समान अवसर देने के प्रावधान किए। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तथा उसके नेता हमेशा भाजपा तथा आरएसएस के नापाक इरादों तथा कुकृत्यों के खिलाफ खड़े रहे हैं तथा देश पर उनके खतरनाक विभाजनकारी कदमों को थोपने के खिलाफ लगातार संघर्ष किया है।



## बाबा साहेब ने हमेशा समानता, सामाजिक न्याय व मानवाधिकारों के लिए किया संघर्ष : विजेंद्र गुप्ता

**■ संविधान निर्माता बाबा साहब को विधानसभा में दी गई श्रद्धांजलि**



**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने हमेशा समानता, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष किया।

इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, अजा, अजजा और ओबीसी कल्याण मंत्री रविन्द्र सिंह इंद्राज और अन्य विधायक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल श्रद्धा और सम्मान से भरा हुआ था। अपने संबोधन में गुप्ता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान को विश्वभर में एक अद्वितीय स्थान प्राप्त है।

उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां कोई भेदभाव न हो और सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हों। उनका यह दृष्टिकोण आज भी आधुनिक भारत की नींव है। डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और उनकी सोच आज भी लोगों को प्रेरित करती है। गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब की सोच ने देश को एक नई दिशा दी, जिसमें सामाजिक समरसता और न्याय की प्रमुख भूमिका रही। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि डॉ. अंबेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया, जो देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान उनके समाज सुधार, न्याय और समानता के प्रति योगदान को दर्शाता है। उनका जीवन और कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे। विधानसभा परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब के विचारों को याद किया गया और संविधान के मूल मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता और समानता को बनाए रखने की प्रेरणा ली गई।

## सार संक्षेप

### लिटिल एम्पोरियो की सिस्टर ब्रांड वूमेन एम्पोरियो का आरडीसी में भव्य शुभारंभ



**नई दिल्ली।** आरडीसी राजनगर में वूमेन एम्पोरियो का भव्य उद्घाटन हुआ, जो कि लोकप्रिय ब्रांड लिटिल एम्पोरियो की सिस्टर ब्रांड है। लिटिल एम्पोरियो ने बहुत कम समय में खासतौर पर माताओं और पैरेंट्स के बीच विशेष पहचान बनाई और लोगों की बार-बार की गई मांग को ध्यान में रखते हुए ब्रांड ने महिलाओं के लिए एक समर्पित स्टोर वूमेन एम्पोरियो की शुरुआत की। इस मौके पर कैप्टन डॉ. दिनिशा भारद्वाज सिंह, प्रिंसिपल, डीपीएसजी मेरठ रोड स्कूल ने स्टोर का उद्घाटन किया। अल्का अग्रवाल, चार्टर्ड प्रेसिडेंट, इनर व्हील और सौंदर्य ब्यूटी वेलनेस की डायरेक्टर, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। ब्रांड के संस्थापक वैभव त्यागी और छवि त्यागी ने अपनी खुशी और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नया प्रयास उनके क्लाइंट बेस को और विस्तार देगा और हर उम्र व वर्ग की महिलाओं की जरूरतों को पूरा करेगा।

### टैगबिन ने लांच किया एआई संचालित डॉ. बीआर अंबेडकर होलोबॉक्स

**नई दिल्ली।** अनुभवजनित एआई सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली कंपनी टैगबिन के साथ मिलकर संस्कृति मंत्रालय ने डॉ. बीआर आंबेडकर होलोबॉक्स का अनावरण किया है। यह एक एडवांस्ड एआई संचालित होलोग्राफिक अनुभव है, जिससे संविधान को समझने की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। इस खास पहल में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को इमर्सिव टेक्नोलॉजी से मिलाया गया है, जिससे डॉ. बीआर आंबेडकर की विरासत एवं भारतीय संविधान को समझने का रास्ता खुलता है। टैगबिन के सीईओ सौरव भाइक ने इस अवसर पर कहा कि इस अनुभव के पीछे हमारा उद्देश्य यह था कि ज्ञान और इतिहास को केवल किताबों तक सीमित न रखकर, उन्हें जीवंत रूप में सामने लाया जाए। नई पीढ़ी डॉ. बी.आर. अंबेडकर से सीधे हमारे संविधान और उसके निर्माण की प्रक्रिया को समझ सके यही इस प्रयास का मूल था।

### पुलिस ने ऑटो लिफ्टर को दबोचा, मोटरसाइकिल व स्कूटी बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड ने सोमवार को एक शातिर ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी का नाम शिवा है, जो दिल्ली के निजामपुर इलाके का रहने वाला है। पुलिस ने इसके पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। शिवा पहले भी तीन आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। इसकी गिरफ्तारी से बिंदापुर और रनहोला थानों के दो चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि पुलिस को वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देख रेख में एक विशेष टीम गठित की गई।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सफाई कर्मचारियों को प्रदान किए प्रशस्ति पत्र

**डॉ. अंबेडकर केवल एक नाम नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता, और मानव अधिकारों का प्रतीक हैं : महेश कुमार**



**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम, सिविक सेंटर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर महेश कुमार, आयुक्त अश्वनी कुमार, नेता कांग्रेस नाज़िया दानिश, अतिरिक्त आयुक्त जितेन्द्र यादव, अतिरिक्त आयुक्त वीर सिंह यादव, अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, प्रमुख अभियंता के पी सिंह क्षेत्रीय उपायुक्त, वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत महापौर महेश कुमार, आयुक्त अश्वनी कुमार व निगम के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा सिविक सेंटर स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। दिल्ली के महापौर महेश कुमार ने भारत रत्न, संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक नाम नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता, और मानव अधिकारों का प्रतीक हैं। उन्होंने अपने जीवन में अपार संघर्षों का सामना करते हुए, शिक्षा और संविधान के माध्यम से भारत को एक नई दिशा दी। उन्होंने न केवल संविधान का निर्माण किया, बल्कि उसमें हर वर्ग, हर जाति और हर धर्म के लोगों के अधिकार सुनिश्चित किए। महापौर महेश कुमार ने सफ़ाई कर्मचारियों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था की मजबूत नींव हमारे सफाई कर्मी हैं। उनकी निष्ठा, परिश्रम और निरंतर सेवा भावना के बिना स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ दिल्ली की कल्पना भी अधूरी है। वे न केवल नगर निगम के, बल्कि पूरे समाज के असली नायक हैं। आयुक्त अश्वनी कुमार ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री, विधिवेत्ता, समाज सुधारक, शिक्षाविद् और संविधान निर्माता थे। उन्होंने विश्व के श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर अपने ज्ञान का उपयोग देश और समाज के उत्थान के लिए किया। उन्होंने सामाजिक समानता, आत्म-सम्मान और मानवाधिकारों की जो अलख जगाई, वह आज भी हमारी नीति और दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करती है।

नेता कांग्रेस नाज़िया दानिश ने कहा कि बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर एक महान भारतीय न्यायविद्, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, समाजसुधारक और भारतीय संविधान के वास्तुकार थे। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अल्पसंख्यकों, दलितों और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया।

## बाबा साहब ने हमेशा समरसता को बढ़ावा दिया : जय प्रकाश



**नई दिल्ली।** बाबा भीमराव अंबेडकर जी की 134 वी जयंती पर सदर विधानसभा के डिप्टी गंज धर्मशाला में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैम्प में दिल्ली नगर निगम पूर्व महापौर जय प्रकाश जेपी शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व महापौर ने उपस्थित लोगों को बाबा साहब का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा कहा है शिक्षित बनो और संगठित रहो संघर्ष करो आप पढ़ोगे लिखोगे शिक्षित बनोगे तो समाज जीवन में देश को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका आदा करोगे। संगठित रहोगे तो हर बुराई से लड़ने और देश को आगे बढ़ाने में सफलता मिलेगी। जय प्रकाश ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर 64 विषयों में मास्टर थे। उन्हें हिंदी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, फारसी और गुजराती जैसी 9 भाषाओं का ज्ञान था । इसके अलावा उन्होंने दुनिया के सभी धर्मों का करीब 21 साल तक तुलनात्मक अध्ययन किया। जय प्रकाश ने बताया बाबासाहेब दुनिया के पहले और एकमात्र व्यक्ति हैं जिन्हें लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डॉक्टर ऑल साइंस नामक मूल्यवान डॉक्टरेट की डिग्री मिली। कई बुद्धिमान छात्रों ने इसके लिए प्रयास किया, लेकिन वे अब तक सफल नहीं हो पाए हैं। कार्यक्रम में सुमेश लिलोठिया, मनोज गुप्ता , गणेश जी, गिरीश गुप्ता, मनीष, और अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ई-विधान कार्यान्वयन अध्ययन के लिए दिल्ली विस का प्रतिनिधिमंडल जाएगा ओडिशा

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता 15 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025 तक तीन दिवसीय अध्ययन दौरे पर ओडिशा जाएंगे। यह दौरा ओडिशा विधानसभा में राष्ट्रीय ई-विधान अनुप्रयोग के सफल कार्यान्वयन से सीखने और उसका मूल्यांकन करने हेतु आयोजित किया गया है।

ओडिशा विधानसभा हाल ही में पूरी तरह से कागजरहित प्रणाली में परिवर्तित हुई है। इस अध्ययन दौरे में माननीय उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली विधानसभा के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं एनईवीए परियोजना से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरे का उद्देश्य ओडिशा द्वारा अपनाई गई श्रेष्ठ तकनीकी प्रणाली, कार्यप्रणाली और नवाचारों का अध्ययन करना है, जिससे दिल्ली विधानसभा में भी एनईवीए का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। पिछले बजट सत्र के दौरान श्री विजेंद्र गुप्ता ने घोषणा की थी कि दिल्ली विधानसभा 100 दिनों के भीतर कागजरहित बन जाएगी। इस दिशा में पहल करते हुए संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा एनईवीए परियोजना के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता जारी किए जाने की संभावना है।



**■ ओडिशा विधानसभा पूरी तरह से कागजरहित प्रणाली में हुई परिवर्तित**

## दिल्ली क्राइम ब्रांच के साथ मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार, पुलिसकर्मियों पर की फायरिंग

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रवि?वार देर रात मुठभेड़ के बाद दो कुख्यात लुटेरों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी सुल्तानपुरी इलाके में हाल ही में हुई एक सनसनीखेज लूट और हत्या के प्रयास के मामले में वांछित थे।



मुठभेड़ के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसमें दो पुलिसकर्मियों को गोली लगी। हालांकि, बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण पुलिसकर्मी सुरक्षित रहे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिससे दोनों आरोपी घायल हो गए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ज्वाइंट सीपी सुरेंद्र कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कुछ दिन पहले सुल्तानपुरी में लूट की एक वारदात हुई थी।

## एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर ने मनाया चौथा दीक्षांत समारोह

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर ने अपने चौथे वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया, जो संस्थान की जिम्मेदार और भविष्य के लिए तैयार नेतृत्व को आकार देने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण माईल्स्टोन रहा। इस अवसर के मुख्य अतिथि एशिएन विकास बैंक, मनीला के वाइस प्रेसिडेंट मार्केट सॉल्यूशन्स भार्गव दासगुप्ता रहे, जिन्होंने दीक्षांत भाषण दिया। समारोह की एक विशेष झलक के रूप में, वाइस चेयरमैन फादर एस. जॉर्ज ने दासगुप्ता को प्रबंधन और औद्योगिक विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित फ्र. ई. अब्राहम मेडल से सम्मानित किया। कुल 221 छात्रों को दीक्षांत समारोह में डिप्लोमा प्रदान किए गए, जिनमें से 178 छात्रों ने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट बिजनेस मैनेजमेंट पीजीडीएम-बीएम और 43 छात्रों ने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट पीजीडीएम-आईईवी में स्नातक किया।

दीक्षांत भाषण में दासगुप्ता ने जिम्मेदार नेतृत्व और नवाचार की भूमिका पर बल दिया ।




**■ 221 छात्रों को दीक्षांत समारोह में प्रदान किए गए डिप्लोमा**

**आरोप** अरविंद केजरीवाल ने भाजपा एवं कांग्रेस पर लगाया आरोप, कहा

# मजबूरी में बाबा साहब डॉ. अंबेडकर को इज्जत देने का करते हैं दिखावा

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (देशबन्धु)। बाबा साहब के आदर्श पर चल कर आम आदमी पार्टी लोगों को सुविधाएं दे रही है। यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का। सोमवार को पार्टी मुख्यालय भारत रत्न बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की 134वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान केजरीवाल समेत अन्य नेताओं ने बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि बाबा साहब आम आदमी पार्टी के आदर्श है। हम उनके दिखाए रास्ते पर चलकर हर व्यक्ति तक शिक्षा, सम्मान और सुविधाएं पहुंचाने का काम कर रहे हैं। लेकिन देश की दोनों बड़ी पार्टियों को बाबा साहब से कोई प्यार नहीं है। ये सिर्फ वोट बैंक के खातिर मजबूरी में बाबा साहब की इज्जत करने का दिखावा करते हैं।

इस अवसर पर पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया, दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज, नेता प्रतिपक्ष आतिशी, गोवा के प्रभारी पंकज गुप्ता, पंजाब के सह प्रभारी सत्येंद्र जैन समेत अन्य लोग शामिल हुए।

**बाबा साहब के आदर्श पर चल रही है आप, दे रही सुविधाएं : केजरीवाल**

**अच्छी शिक्षा से मिलेगी देश के भविष्य को तरक्की**

केजरीवाल ने कहा कि बाबा साहब ने सबसे ज्यादा तबज्जो शिक्षा को दी थी। अगर हम चाहते हैं कि हमारा सारा समाज एक पीढ़ी के अंदर आगे बढ़े, सबको बराबरी का अधिकार मिले और सबकी गरीबी दूर हो तो वह केवल अच्छी शिक्षा से ही संभव हो सकती है। अगर हम अपने बच्चों को एक समान और अच्छी शिक्षा नहीं देंगे तो देश तरक्की नहीं कर सकता है। दिल्ली में भाजपा सरकार ने दो माह में शिक्षा का स्तर गिरा दिया। निजी स्कूल फीस बढ़ाकर मनमानी कर रही है, लेकिन सरकार चुप बैठी है। जबकि हमारी सरकार के समय फीस बढ़ने नहीं दी गई।




### भाजपा कर रही आप सरकार के काम बंद

केजरीवाल ने कहा कि दस साल में हमने सरकारी स्कूल कितनी मुश्किल से ठीक किए थे। लेकिन भाजपा ने हैपीनेस, देशभक्ति, बिजनेस ब्लास्टर्स और मिशन बुनियाद करिकुलम बंद कर दिया। हमने सरकारी स्कूलों में जितने अच्छे काम किए थे, उसे बंद करते जा रहे हैं।

## भाजपा ने पूरे नहीं किए वादे

दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने सरकार बनने के बाद तय किया था कि हर सरकारी कार्यालय चाहे मुख्यमंत्री का हो, मंत्रियों का हो या डीएम-एसडीएम का, सब जगह बाबा साहब की तस्वीर लगेगी। उनके हर प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीछे उनकी तस्वीर दिखती थी, जो संदेश देता था कि यह सरकार उनके आदर्शों पर चलने वाली सरकार है। भाजपा की सरकार बनते ही उसने बाबा साहब की तस्वीरें दीवारों से हटा दी। हमें भाजपा से उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बाबा साहब के नाम पर किए वादों को पूरा नहीं किया। इसमें अनुसूचित जाति के छात्र को 1,000 रुपये महीना देना, प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप को दोगुना करना और इंजीनियरिंग, मेडिकल, एमबीए सहित दूसरे कोर्स में दाखिला लेने वाले दलित छात्रों को 50 हजार रुपए देना। लेकिन इनमें से कोई भी वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "

ऑनलाइन ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड, टीएसटीपी 40 एमएलडी प्लांट संचालन के कार्यों को ट्वीट भी किया गया है, जिस पर लगभग हजारों शहर वासियों ने गाजियाबाद नगर निगम की वेस्ट वाटर मैनेजमेंट प्रणाली को सराहाया है, इसके अलावा वाटर प्लस प्लस की गाइडलाइन के अनुसार वेस्ट वाटर का लगभग 35 प्रतिशत गाजियाबाद नगर निगम जन हित मे री यूज़ कर रहा है जिसमे जलकल विभाग अधिकारियों द्वारा विशेष कार्रवाई की जाती है : **विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त।**

## जीडीए की पहल : सदरपुर में तालाब का होगा सुदृढ़ीकरण

**गाजियाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। जीडीए शहर को और बेहतर और खूबसूरत बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। अब इसी कड़ी में एक और अहम कदम उठाया गया है। मधुबन बापूधाम योजना के पॉकेट-ई से सटे सदरपुर गांव के पास स्थित करीब 12 हजार वर्ग मीटर के तालाब के चारो ओर रिटेनिंग वॉल बनाकर लोगों के लिए सुरक्षित और सुंदर बनाया जाएगा। जीडीए ने इसके लिए करीब 5 करोड़ रुपए का बजट तय कर टेंडर भी जारी कर दिया है। इस योजना में तालाब के चारों ओर रिटेनिंग वॉल बनाई जाएगी ताकि बरसात के मौसम में पानी ओवरफ्लो न हो और आसपास के प्लाटों में पानी भरने की परेशानी से बचा जा सके। साथ ही, पानी की निकासी के लिए एक नाली का निर्माण भी किया जाएगा ताकि जलभराव की समस्या न रहे। इसके अलावा, तालाब के किनारों पर मिट्टी भरकर लेवलिंग की जाएगी,



■ **थीम पार्कों की टेंडर प्रक्रिया हुई पूरी, कार्य जल्द होगा शुरू**

जिससे लोग वहां आसानी से टहल सकें और सुबह-शाम की सैर का आनंद ले सकें। इस पूरी प्रक्रिया से पॉकेट-ई के लोगों को बरसात के समय बड़ी राहत मिलेगी, और तालाब से सटे प्लॉट्स भी सुरक्षित रहेंगे। ये काम अगले दो महीने के भीतर शुरू होने की उम्मीद है।

सिर्फ यही नहीं, जीडीए शहर को और बेहतर बनाने के लिए कुछ खास थीम पार्क भी तैयार करने जा रहा है। कोयल एन्क्लेव में लगभग 25 करोड़ की लागत से रामायण थीम पार्क, इंदिरापुरम में 15 करोड़ की लागत से संस्कृति दर्शन और ग्रीन वुड पार्क के भी निर्माण की प्रक्रिया की जा रही है।

इन तीनों पार्कों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और तीन अलग-अलग कंपनियों ने इसमें भाग लिया है। अब अगले सप्ताह तक टेंडर हेतु फर्म का चयन कर जमीन पर काम शुरू करा दिया जाएगा। इन पार्कों की सबसे खास बात ये होगी कि ये पूरी तरह दिव्यांग अनुकूल होंगे। वेस्ट टू वंडर थीम पर तैयार की गई चीज़ें देखने को मिलेंगी, मोशन चेयर जैसी सुविधाओ का इंतजाम होगा, कहानियां सुनाने के लिए बेहतरीन साउंड सिस्टम, ब्रेल लिपि में जानकारी की सुविधा भी दी जाएगी।

इन योजनाओं के ज़रिए जीडीए न सिर्फ शहर का विकास कर रहा है, बल्कि आने वाले समय में गाजियाबाद पहले से कहीं ज़्यादा सुंदर, खुशहाल और स्मार्ट नजर आएगा।

## 35 प्रतिशत वेस्ट वाटर का प्रयोग कर रहा है निगम, भारत सरकार से मिली प्रशंसा

**गाजियाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम जहां ट्रिपल आर (रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल) पर बेहतर कार्य कर रहा है। वहीं वाटर वेस्ट मैनेजमेंट में भी प्रशंसा ने कार्य कर रहा है जिसके लिए अवसान और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गाजियाबाद नगर निगम की प्रशंसा की गई है। सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के अंतर्गत 40 एमएलडी के





टीएसटीपी प्रोजेक्ट को सराहा गया, तथा वाटर यूज़ प्रणाली की प्रशंसा की गई, गाजियाबाद शहर वासियों ने नगर आयुक्त तथा जलकल विभाग अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। नगर आयुक्त ने बताया कि ऑनलाइन ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड, टीएसटीपी 40 एमएलडी प्लांट संचालन के कार्यों को ट्वीट भी किया गया है, जिस पर लगभग हजारों शहर वासियों ने गाजियाबाद नगर निगम की वेस्ट वाटर मैनेजमेंट प्रणाली को सराहाया है, इसके अलावा वाटर प्लस प्लस की गाइडलाइन के अनुसार वेस्ट वाटर का लगभग 35 प्रतिशत गाजियाबाद नगर निगम जन हित मे री यूज़ कर रहा है जिसमे जलकल विभाग अधिकारियों द्वारा विशेष कार्रवाई की जाती है।

शोधित जल का उपयोग साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र के लिए किया जाए, पूरी योजना गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बनाई जा चुकी है। जिसको अमल में शीघ्र ही लाना प्रारंभ किया जाएगा।

## थार पर चढ़ किया डांस, वीडियो वायरल

■ **एलिवेटेड रोड का बताया गया वीडियो, 38 हजार 500 का किया चालान**



**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के सोशल मीडिया ग्रुप पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक थार कार पर चढ़कर डांस कर रहा है। उसके साथी नीचे खड़े होकर वीडियो शूट कर रहे है। थार पर जाति सूचक शब्द भी लिखा गया है। वीडियो शूट कर इसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। बताया गया कि ये वीडियो नोएडा के सेक्टर-33 एलिवेटड की है। एलिवेटेड पर हमेशा ट्रैफिक का प्रेशर रहता है। जिस समय ये वीडियो बनाया गया आसपास से भी ट्रैफिक मूवमेंट कर रहा है। ऐसे में बड़ा हादसा हो सकता है।

**11 सेकंड का है वीडियो**

वीडियो एलिवेटेड रोड का है। यहां सड़क किनारे थार लगाकर पांच युवक सड़क पर खड़े है। एक युवक कार की छि पर खड़ा डांस कर रहा है। इसका वीडियो शूट किया जा रहा है। हालांकि एक युवक कार से बाहर आकर डांस कर रहे युवक को नीचे उतरने के लिए कहता है। इसके बाद भी वो डांस कर रहा है।

**वीडियो वायरल होने पर चालान**

वीडियो एक्स से लेकर तमाम सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद लोगों ने एक्स पर वीडियो ट्रैफिक पुलिस को टैग किया। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर 38 हजार 500 रुपए का चालान किया। साथ ही कार को सीज करने की तैयारी भी की जा रही है। डीसीपी ट्रैफिक लखन यादव ने कहा कि इस तरह से सड़क पर स्टंट जानलेवा है। यातायात नियमों का पालन किया जाए।

## सार संक्षेप

### धूमधाम से हुआ मां दुर्गा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आयोजन

**बुलन्दशहर।** सोमवार को विधानसभा के गांव रुंसी में स्थित मां चामुंडा मंदिर में पूजा अर्चना के साथ मां दुर्गा की मूर्ति पर प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है। छतारी के गांव रुंसी में मां चामुंडा मंदिर विशाल मंदिर स्थित है। सोमवार को मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता कुश शर्मा ने मंडल अध्यक्ष रवेंद्र मीणा के साथ पूजा अर्चना की। इसके उपरांत गांव में मां दुर्गा की मूर्ति को भ्रमण किया गया। मूर्ति भ्रमण के दौरान गांव के सभी भक्त डीजे के संगीत पर सभी भक्त झूमते नजर आए हैं। उसी दौरान गांव के ग्रामीणों ने मंदिर आयोजित हवन में आहुति दी। जिसके बाद मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर चौ. जबर सिंह, पवन सूर्यवंशी, वीरपाल सिंह, डीके शर्मा, राहुल चौधरी, सचिन पंडित, संजय पूरी जी, निखिल यादव, निशांत शर्मा, सत्यवीर सिंह, दिनेश गिरी आदि मौजूद रहे।

### राज एंड एसोसिएट्स के 20 वर्ष पूर्ण होने पर माता की चौकी का आयोजन



**गाजियाबाद।** राज एंड एसोसिएट्स के 20 वर्ष पूर्ण होने पर माता की चौकी का आयोजन किया गया। नए ऑफिस का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश संयोजक अजय शर्मा ने किया। इस अवसर पर एडवोकेट लेखराज माहौर, सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व मेयर आशु वर्मा, पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, सुशील अग्रवाल, सुशांत गोयल, कुंजन पंडित, बॉबी त्यागी, अमित त्यागी, रॉबिन तोमर, जितेंद्र त्रिवेदी, रॉबिन सागवान आदि उपस्थित रहे।

### जेसीबी से फुटपाथ क्षतिग्रस्त

**नोएडा।** जेसीबी से फुटपाथ क्षतिग्रस्त करने के मामले में अवर अभियंता की शिकायत पर सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। शिकायत में अवर अभियंता लोकेश शर्मा ने बताया कि सेक्टर-104 में भंगेल बेगमपुर के खसरा संख्या 217 के सामने प्राधिकरण द्वारा निर्मित 45 मीटर रोड कि किनारे बने फुटपाथ को किसी ने जेसीबी से क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना 23 मार्च सुबह सात के करीब हुई। फुटपाथ क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

## आकाश आनंद चुनाव के मंच पर आएंगे नजर, सपा और भाजपा ने दलित को किया यूज : श्यामप्रसाद खैरवार

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में अंबेडकर जयंती पर एक जनसभा का आयोजन किया गया। सभी में मुख्य



अतिथि बसपा के पूर्व सांसद व मेरठ कॉर्डिनेटर श्यामप्रसाद खैरवार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दलित प्रेरणा स्थल में डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2027 में प्रदेश में बसपा की सरकार बनेगी। बसपा का कार्याकर्ता संगठित होकर कार्य में जुट गया है। गठबंधन पर कहा कि हमारी नेता बहन मायावती का फैसला होगाKमायावती के भतीजे आकाश आनंद पर कहा कि वे चुनाव के मंच पर नजर आएंगे। आकाश आनंद को बहन जी ने माफ कर दिया है। पिछली घटनाओं का भी जिक्र पर कहा कि बहन मायावती सर्व समाज की नेता हैं। इस दौरान सपा और भाजपा पर जमकर तंज कसते हुआ कहा कि सपा और भाजपा दोनों ही दलितों को अपनी राजनिती के लिए यूज कर रहे है। वक्फ बिल संशोधन पर बोले कि हम मुसलमानों के साथ हैं। यह बिल मुसलमानों का हितैषी नहीं है। समाजवादी पार्टी के सांसद राम जी सुमन के बयान पर कहा यह दलित लोगों की आवाज नहीं उठाते यही नहीं संसद भवन में विवादों की बात करते हैं। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान लोगों को दिक्कत न हो इसके लिए रुट भी डायवर्ट किया गया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

## 15 दिन में सोसाइटी की समस्या का करे निराकरण

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के जेपी अमन सोसाइटी में मेंटेनेंस से संबंधित आंतरिक कार्य अब तक पूरे नहीं हो सके है। इस संबंध में सोसाइटी के निवासी भारत भूषण ने सांसद डॉक्टर महेश शर्मा को अवगत कराया। जिस पर त्वरित एक्शन लेते हुए सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने प्राधिकरण अधिकारियों को संबंधित समस्याओं को देखने के निर्देशित किया। ऐसे में प्राधिकरण की नियोजन विभाग की टीम ने सोसाइटी का निरीक्षण किया। यहां की शिकायत के अनुसार समस्या मौके पर मिली। जिसमें अमन सोसाइटी में निर्मित अधिकांश टावरों का बाहरी प्लास्टर क्षतिग्रस्त है। दीवारों में सिपेज है। सोसायटी की एक तरफ की बाउंड्री वॉल निर्मित नहीं है। क्लब का निर्माण नहीं किया गया। स्टेयरकेस पर जंग लगी हुई है। कॉमन एरिया में मरम्मत का कार्य नहीं किया गया है। मंदिर के पास निर्मित इलेक्ट्रिक सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति प्रारंभ नहीं की गई है। बेसमेंट में कॉलम क्षतिग्रस्त है। जगह-जगह पर सिपेज एंव लीकेज की समस्या है। टावरों के इलेक्ट्रानिक पैनल पर शटर नहीं लगाए गए है। टावरों के भूतर पर कॉरिडोर्स में कही-कही खिड़कियों का कार्य पूरा नहीं है। ऐसे में प्राधिकरण नियोजन महाप्रबंधक ने सोसायटी को जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड को पत्र लिखकर 15 दिनों में सभी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए है।

## शहर में मनाया गया अग्निशमन सेवा दिवस, शहीदों को किया याद



■ **निकाला गया पैदल मार्च, लोगों को जागरूक करने के लिए बांटे पंपलेट**



**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह में फोर्टस्ट्रीकन माल वाहक समुद्री जहाज में भयंकर विस्फोट के साथ भीषण अग्निकाण्ड हुआ। जिसने सम्पूर्ण बंदरगाह को हिला दिया था। आग में 144 प्राणी अकाल मौत के शिकार हो गए थे। जिसमें से अग्निशमन सेवा के 66 अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद हो गए थे। इन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, के उद्देश्य से 14 अप्रैल अग्निशमन सेवा दिवस के रुप मे मनाया जाता है। इस क्रम में नोएडा के फेज-1 में शिवहरि मीना, अपर पुलिस आयुक्त (कानून/व्यवस्था), डीसीपी नोएडा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार और जनपद के अग्निशमन अधिकारियों पने मिलकर शहीदों को नमन करते हुए उनकी याद में 2 मिनट का मौन रखा और शहीदों को पुष्पचक्र चढ़ाते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को पिन फ्लेग भी लगाए। इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त द्वारा अग्नि सुरक्षा के संकल्प 'एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को



प्रज्वलित करें।' पर प्रकाश डाला। इसके उपरान्त जनपद के वाहनों की रैली को अपर पुलिस आयुक्त कानून, व्यवस्था, गौतमबुद्धनगर द्वारा आमजन को अग्नि से सुरक्षा के प्रति जागरूक करने एवं इससे सम्बन्धित पंपलेट वितरित किए जाने के उद्देश्य से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विभिन्न फायर स्टेशनों से आये अग्निशमन कर्मचारी और अधिकारियों को साथ लेकर फायर स्टेशन फेज प्रथम से संदीप पेपर मिल चौराहा और सेक्टर 2 के विभिन्न ब्लॉको से होते हुए फायर स्टेशन तक पैदल मार्च किया। वाहनों द्वारा फायर स्टेशन फेज-प्रथम नोएडा से संदीप पेपर मिल चौराहा, इंडियन ऑयल चौराहा, सेक्टर 16, अट्टा, सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-27, जिला अस्पताल, मोदी माल, नोएडा स्टेडियम, सेक्टर-12/22, सेक्टर-58, शॉप्रिक्स माल, सेक्टर-61, यूफ्लेक्स, कैलाश हास्पिटल सेक्टर-71, इत्यादि स्थानों पर जाकर अग्नि से सुरक्षा सम्बन्धी प्रचार-प्रसार करते हुए पंपलेट वितरित किये गए।

## भाजपा का 'वार्ड चलो अभियान' के तहत पत्रक वितरित किया

**खोड़ा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत शिव विहार में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'वार्ड चलो अभियान' के अंतर्गत वार्ड-12 में अभियान की शुरुआत की गई। पत्रक वितरण से पहले अभियान की बैठक वार्ड संयोजक नमन शुक्ला के कार्यालय पर आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पश्चिमी उत्तर प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष के.के.



शुक्ला ने लोगो को भाजपा के आठ साल बेमिसाल और पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं सुशासन सामाजिक समरसता सद्भाव जनता के विकास के लिए किए गए सराहनीय प्रयासों से लोगो को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा पी एम सूर्य योजना स्वच्छता अभियान करोड़ों उज्जवला कनेक्शन राष्ट्रीय राजमार्ग के द्वारा एक सीमा से दूसरी सीमा को जोड़ने अयोध्या राम मंदिर काशी कारीडोर प्रयागराज महाकुंभ मेला और मथुरा के विकास की चर्चा करके अवगत कराया। अभियान के तहत आम जनता को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से अवगत कराया। भाजपा मंडल अध्यक्ष जीतू राय ने वार्ड संयोजक नमन शुक्ला के आवास पर भाजपा का ध्वज फहराकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के.के. शुक्ला और मंडल अध्यक्ष जीतू राय, भाजपा नेता पंकज त्रिपाठी, सभासद रजनीश सिंह, समाजसेवी जितेंद्र शुक्ला, जितेंद्र शर्मा, जगदंबा प्रसाद ओझा, दिनेश दुबे कुलदीप मिश्रा, संदीप सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## मोमबत्ती कारखाने में लगी आग



■ **दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर पाया काबू, शॉटसर्किट बताई गई वजह**

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-6 स्थित एक फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री में मोमबत्ती बनाने का काम होता है। आग कंपनी के ग्राउंड फ्लोर में लगी। आग लगी वजह ज्वलनशीन पदार्थ/ शॉट सर्किट बताई जा रही है। लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। दमकल की एक-एक करके दो गाड़ियां भेजी गई। आग पर काबू पा लिया गया है। आग में कोई फंसा नहीं था। आग को फैलने से रोका गया। जिसके बाद उस पर काबू पाया गया। हालांकि मोमबत्ती बनाने वाली मशीन और कच्चा मॉल को नुकसान हुआ है। कोई जनहानि नहीं हुई है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सेक्टर-6 में ई-47 के ग्राउंड फ्लोर पर मोमबत्ती बनाने का कारखाना है। यहां काम चल रहा था। ऐसे में किसी ज्वलनशील पदार्थ या शॉट सर्किट की वजह से आग लगी। प्राथमिक जांच में ये बात सामने आई। हालांकि स्पष्ट कारणों का पता लगाया जा रहा है। आग लगते ही फैक्ट्री और आसपास के लोग बाहर आ गए। मौके पर पुलिस को दमकल विभाग को जानकारी दी गई। आग को बुझाने में करीब आधा घंटा लगा। इसमें कोई फंसा नहीं है। सीएफओ ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ आग की घटना बढ़ रही है। इसलिए इलेक्ट्रानिक उपकरणों की मैनटेनेंस जरुर कराए।


## बृहस्पति बाजार में श्रीराम चौक का अनावरण

**खोड़ा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत बृहस्पति बाजार स्थित श्रीराम चौक का रविवार को अनावरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बृहस्पति बाजार में लगाए गए श्रीराम चौक के बोर्ड का फीता काटकर अनावरण किया गया।



श्रीराम बिल्डर्स की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोर्ड का फीता काटकर डॉक्टर ब्रह्म कुमार गुप्ता विहिप वैशाली महानगर अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पदाधिकारी उपेंद्र मिश्रा समाजसेवी राजेंद्र द्विवेदी द्वारा किया गया। मौके पर सभासद अनुपम सिंह, पंकज त्रिपाठी, जगदीश भट्ट, टी एन पाण्डेय, दिनेश सिंह, त्रिलोकचंद गुप्ता, श्यामवीर भाटी, जितेंद्र शुक्ला, सी एम लोहानी, रामचरण यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की धूम







**गाजियाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे जिले में हर्षोल्लास व श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर जगह-जगह भंडारे लगाए गए, वहीं राजनीतिक दलों के नेताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर हम सभी उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं। उन्होंने न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के मूल्यों को भी सशक्त

■ **राजनीतिक दलों ने दी श्रद्धांजलि, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प**

आधार प्रदान किया। डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, संकल्प और समर्पण की प्रेरणा है। उनके विचार आज भी हमारे मार्गदर्शक हैं। भाजपा उनकी सोच को आत्मसात करते हुए समावेशी समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी न केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि करोड़ों शोषितों, वंचितों और पीड़ितों की आवाज भी थे। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया। महानगर कांग्रेस कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गई साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई इस मौके पर पूर्व मंत्री सतीश शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, विजेंद्र यादव, सुशांत गोयल,शिक्षाविद्ध जेके गौड़, अख्तर चौधरी, सईद चौधरी समेत तमाम कांग्रेसी उपस्थित थे। जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस के अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय चौधरी चरण सिंह पार्क, मेरठ तिराहा, मेरठ रोड गाजियाबाद पर भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर सदस्यता अभियान का शुभारम्भ किया गया।

## इंजीनियर के आत्महत्या करने के मामले में प्रेमिका समेत दो पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-27 स्थित ओयो होटल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के आत्महत्या करने के मामले में उसकी प्रेमिका और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सेक्टर-20 थाने में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने प्रेमिका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। केस में नामजद एक अन्य व्यक्ति से पुलिस जल्द ही पूछताछ करने की बात कह रही है।

पुलिस को दी शिकायत में कृषिकांत ने बताया कि उसके सॉफ्टवेयर इंजीनियर भाई उमेश कुमार सिंह को हाथरस निवासी संतोष और मथुरा निवासी इरम खान आर्थिक, मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। जिसकी वजह से उसके भाई ने इसी माह 10 अप्रैल को सेक्टर 27 के एक होटल में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस समय इंजीनियर ने आत्महत्या की उसकी प्रेमिका और बीबीए की छात्रा इरम भी वहीं पर थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि इरम और संतोष ने उसके भाई से करीब तीस लाख रुपये लिए। जब भी वह पैसे वापस मांगता था तो दोनों उसे प्रताड़ित और ब्लैकमेल करते थे। इरम और उमेश बीते दो सालों से सहमति संबंध में रह रहे थे। घटना वाले दिन दोनों अपने कुत्ते का उपचार कराने के लिए नोएडा आए थे। कुत्ते के उपचार को लेकर दोनों के बीच में विवाद हुआ था। उमेश शादीशुदा था। पत्नी से विवाद चल रहा था। दोनों अलग-अलग रह रहे थे। दो वर्ष पहले मथुरा की इरम से उमेश की नजदीकी बढ़ी और दोनों में प्रेम संबंध हो गए। दोनों डेटिंग ऐप के जरिए मिले थे। प्रेमिका ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया था कि दोनों के साथ उनका कुत्ता भी होटल आया था। कुत्ते के इलाज को लेकर उमेश और उसके बीच कहासुनी हुई। कुछ ही समय बाद उमेश ने खुदकुशी कर ली थी।

उवाच “

गांवों में विभिन्न कार्यों के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। एयरपोर्ट शुरू होने तक इन गांवों को चमकाने का काम पूरा किया जाएगा, ताकि गांव के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके : **डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**



# विस्थापित वन्य जीवों के लिए अस्थायी बाड़े का अगले माह से निर्माण

**ग्रेटर नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 10 हेक्टेयर में स्थायी पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। जू ऑथोरिटी ऑफ इंडिया की मंजूरी के बाद अब निर्माण कराने के लिए यमुना प्राधिकरण ने भी 341.93 लाख का टेंडर जारी कर दिया है। केंद्र का निर्माण हॉर्टिकल्चर विभाग कराएगा। यहां पर पशुओं के इलाज के लिए मेडिकल सेंटर, कमरे, शेड व डॉक्टर की टीम तक तैनात की जाएगी।

बता दें कि प्रदेश सरकार ने यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को नोएडा एयरपोर्ट से प्रभावित वन्य जीवों के लिए पुनर्वास और संरक्षण केंद्र के निर्माण के लिए जिम्मेदार एजेंसी नियुक्त किया, जो एयरपोर्ट के निर्माण से विस्थापित जानवरों की सेवा करेगी। पुनर्वास केंद्र के लिए दस हेक्टेयर जमीन चिन्हित की गई। एयरपोर्ट की बाउंड्री से लगे जंगल में रहने वाले वन्य जीव जैसे नील गाय, हिरन आदि जानवर एयरपोर्ट परिसर में घुस रहे हैं, जो सुरक्षा की दृष्टि से सही नहीं है। एयरपोर्ट परियोजना क्षेत्र में नीलगाय, हिरन, बंदर, सुनहरे सियार, जंगली बिल्लियां आदि वन्य जीव रहते हैं। एयरपोर्ट के लिए जैव विविधता संरक्षण योजना में भारतीय वन्यजीव संस्थान ने एयरपोर्ट के लिए निर्धारित भूमि में प्रमुख प्रजातियों के रूप में काले हिरण और सारस क्रेन की पहचान करते हुए विस्थापित जीवों के लिए एक बचाव केंद्र की स्थापना की सिफारिश की है



विस्थापित वन्य जीवों को रखने में किसी तरह की कोई दिक्कत न हो, इसके लिए अस्थाई बाड़ा तैयार किया जाएगा। इस संबंध में दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं वन्यजीव पुनर्वास और संरक्षण केंद्र के निर्माण की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उसका भी काम शुरू कर दिया जाएगा। एयरपोर्ट से हवाई जहाजों की उड़ान शुरू होने से पहले वन्यजीव पुनर्वास और संरक्षण केंद्र का काम पूरा कर लिया जाएगा।
डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।

- **निर्माण को लेकर यमुना प्राधिकरण ने जारी किया 341.93 करोड़ का टेंडर**
- **दिसम्बर तक तैयार हो जाएगा स्थायी पशु बचाव व पुनर्वास केंद्र**

उद्यान विभाग के निदेशक आनंद मोहन ने बताया कि टेंडर के तहत आवेदन की प्रक्रिया 15 से 21 अप्रैल तक चलेगी। 23 अप्रैल को सुबह 11 बजे टेक्नीकल बिड खोली जाएगी। इस टेक्नीकल बिड में जो फर्म प्री क्वालिफाई करेंगी, उन्हें ही फाइनेंशियल बिड के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। बताया जा रहा है कि मई से इसका काम शुरु हो जाएगा। बता दें कि वन्य जीव संस्थान देहरादून से जेवर में एयरपोर्ट के आसपास क्षेत्र में अध्ययन करवाया गया था। अध्ययन के तहत एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर क्षेत्र में आने वाले जीव-जंतुओं के संरक्षण पर रिपोर्ट मांगी गई थी। क्षेत्र के वन्य जीवों के संरक्षण की योजना और उनकी संख्या को भी जाना गया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि जेवर में 258 काले हिरण और 176 सारस हैं। एयरपोर्ट के निर्माण के चलते इनका पारिस्थितिकी तंत्र बिगड़ेगा। इसके चलते इनके संरक्षण की जरूरत है। ऐसे में सेक्टर-17ए में धनौरी वेटलैंड के पास वन्य जीव संरक्षण केंद्र बनाने की योजना बनी थी। पहले इसे पांच वर्ष के लिए अस्थायी तौर पर विकसित किया जाना था। इसके बाद वन्य जीवों का दूसरी जगह पर विस्थापन किया जाता, लेकिन अगस्त में प्राधिकरण ने जमीन की लीज को 30 वर्ष तक बढ़ाकर स्थायी पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र बनाने पर सहमति बनी। अब प्राधिकरण की ओर से इसका निर्माण शुरू करने के लिए भी टेंडर जारी कर दिया है।

### पहले वन विभाग को मिली थी जिम्मेदारी

पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र को बनाने के लिए पहले वन विभाग को जिम्मेदारी मिली थी, लेकिन अब इसे हॉर्टिकल्चर विभाग से बनवाने का फैसला लिया गया है। बताया गया कि वन विभाग ने केंद्र को बनाने के लिए करीब आठ करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया था, हालांकि अब हॉर्टिक्लचर इसे 341.93 लाख में तैयार करेगा। दावा है कि केंद्र में जानवरों के ठहरने से लेकर इलाज तक की सभी सुविधा होगी।

# यमुना प्राधिकरण का स्मार्ट विलेज का करेगा समग्र विकास

**ग्रेटर नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के गांवों को भी स्मार्ट विलेज बनाने की तैयारी है। गांवों में सड़क, नाली, इंटरलाकिंग टाइल्स बिछाने समेत कई पंचायत घरों में ई लाइब्रेरी बनने का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकरण की ओर से गांवों से जुड़े विकास कार्यों के लिए भी निविदा निकाली गई है, ताकि गांवों के लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े और बेहतर सुविधा मिल सके।

प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि विकास परियोजनाओं के लिए जिन गांवों की जमीन ली गई है, उनके आसपास के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के विकास कार्य कराए जाएंगे। इन गांवों में मई से विकास कार्य शुरु करा दिए जाएंगे। बताया गया कि जाफराबाद गांव में इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाले का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए 8.6 लाख का टेंडर जारी किया गया है।

फलैदा बांगर के लिए 9.31 लाख का टेंडर जारी किया गया है, यहां पर श्मशान घाट के लिए बाउंड्री वॉल और रास्ता बनेगा। महोम्मदाबाद खेड़ा गांव में श्मशान घाट का रास्ता व अन्य विकास कार्यों पर 5.46 लाख खर्च होंगे। इन गांवों के लिए मंगलवार से आवेदन की प्रक्रिया शुरु हो रही है और 21 अप्रैल तक आवेदन मांगे गए हैं।

साथ ही धुधेरा सिरसा मानिकपुर में ई-लाइब्रेरी और पंचायत घर का काम कराने के लिए 28 लाख खर्च होंगे। छांछल, अली अहमदनगर गढ़ी और मोहबालिपुर में पंचायत घर और ई-लाइब्रेरी का काम 25.19 लाख से होगा। नंगला कंचन गांव में भी नाले और इंटरलॉकिंग का काम होगा। इसके लिए 26.48 लाख का टेंडर जारी हुआ है। वीरमपुर और धंसिया में 22.12 लाख, तीर्थली जोन में 39.34 लाख और जेवर बांगर में 36.88 लाख से विकास कार्यों कराकर गांवों की हालत सुधारी जाएगी।

गांवों में विभिन्न कार्यों के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। एयरपोर्ट शुरू होने तक इन गांवों को चमकाने का काम पूरा किया जाएगा, ताकि गांव के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके।
- डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण

- **प्राधिकरण ने अपने अधीन गांवों के विकास कार्यों के लिए जारी किया टेंडर**

### अबतक 9 गांव बन चुके स्मार्ट

यमुना सिटी के अधिसूचित क्षेत्र में 96 गांव है। इनमें से अबतक 9 गांव स्मार्ट हो चुके हैं। इन गांवों में पार्क, डिजिटल लाइब्रेरी, स्कूल, शौचालय समेत अन्य सुविधाओं को दुरुस्त या विकसित कराया जा चुका है। वहीं शेष गांवों में भी अब विकास कार्यों की गति तेज कर दी है। एयरपोर्ट शुरू होने तक प्राधिकरण ने गांवों की स्थिति सुधारने के प्रयास शुरू कर दिए है। प्राधिकरण की टीम गांव के लोगों व किसानों के साथ बैठक कर समस्याओं पर चर्चा कर रही है।

# प्रथम निमंत्रण अग्रोहा धाम जाकर वैश्य समाज ने दिया, 5 मई को भवन का होगा उद्घाटन

**ग्रेटर नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा में नवनिर्मित श्री महाराजा अग्रसेन भवन के 5 मई को होने वाले भवन के उद्घाटन समारोह का प्रथम निमंत्रण कार्ड अग्रोहा धाम पहुंचकर समर्पित किया गया। समिति के अध्यक्ष सौरभ बंसल ने बताया कि वैश्य समाज के सभी लोगों की जड़ अग्रोहा धाम से जुड़ी हुई हैं। महाराजा अग्रसेन जी ने अपने शासन काल में वर्तमान में हरियाणा के डिस्ट्रिक्ट हिसार के अग्रोहा को अपनी राजधानी बनाया था। उन्हीं के नाम पर देश के विभिन्न शहरों में धर्मशाला व भवन बने हुए है। उसी तर्ज पर ग्रेटर नोएडा में बन रहे श्री महाराजा अग्रसेन भवन के उद्घाटन समारोह का प्रथम निमंत्रण धाम पर भेंट किया। निमंत्रण देने के लिये श्री महाराजा अग्रसेन वैश्य सेवा समिति, ग्रेटर नोएडा परिवार के 48 सदस्यों ने धाम पहुंचकर विधि विधान से निमंत्रण दिया। जिसमें ओमप्रकाश अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, नवीन जिंदल, अरुण गुप्ता, राजेश गुप्ता, बृजमोहन गोयल, ऋषि गोयल, गोपाल अग्रवाल, पीयूष गोयल, अमित गोयल, गिरीश जिंदल, आलोक गोयल व अन्य सदस्य परिवार सहित शामिल हुए।

# एसपी क्रिकेट ग्रुप ने एपी स्पोर्ट क्लब को हराकर जीता मैच




**ग्रेटर नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। एलएसजी ग्राउण्ड ओमीक्रान-3, ग्रेटर नोएडा में 6 टीमों का एक टूर्नामेंट शुरू हुआ, जिसमें 6 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच एसपी क्रिकेट ग्रुप बनाम ए पी स्पोर्ट क्लब के बीच हुआ, एस पी क्रिकेट ग्रुप ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 158 रन बनाए, दूसरी टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 149 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच हृदेश कुमार, बेस्ट आफ फील्डर राहुल मिश्रा रहे। मुख्य अतिथि ए.डी. पाण्डेय ने दोनों टीमों को मोमेन्टो दिया और विजयी टीम को ट्रॉफी देकर टीम को शुभकामनाएं दिया। टीम में खिलाड़ी पी.के. तिवारी, सीताराम खण्डेलवाल दर्शन शर्मा, विकास त्रिपाठी, राहुल मिश्रा, चिन्मय दिवाकर सिंह, राजेश सिंह, रवि भण्डारी, अजय राणा, कुश हरिदेश कुमार आदि थे।

# प्रोजेक्ट इंजीनियर से घर में घुसकर कर्मचारियों ने की मारपीट

**जेवर,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे के टोल प्लाजा के वरिष्ठ प्रोजेक्ट इंजीनियर ने एक नामजद कर्मचारी समेत तीन लोगों पर घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीडित इंजीनियर की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। मध्यप्रदेश के रीवा जिला के गांव सिरमौर पीड़ित सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि वह यमुना एक्सप्रेस वे के जेवर टोल प्लाजा पर वरिष्ठ प्रोजेक्ट इंजीनियर के पद पर तैनात हैं तथा जेवर के इमली चौक पर किराये पर रहते हैं। उन्होने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार को टोल प्लाजा केम्पस में रहने वाला कर्मचारी मनोज कुमार अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उनके घर पहुंचा तथा ड्यूटी लगाने को लेकर गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज का विरोध करने पर दो लोगों ने घर में घुसकर लाठी डंडो से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित द्वारा शोर मचाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

# श्रीमद्भागवत कथा में ध्रुव की संकल्प यात्रा को सुनकर भावुक हुए भक्त



**ग्रेटर नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में रामलीला मैदान, एच्छर पाई में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय 'श्रीमद्भागवत कथा' के दूसरे दिन कथा व्यास साध्वी आस्था भारती ने श्रीमद्भागवत में बालक ध्रुव की संकल्प यात्रा को बहुत ही मार्मिक ढंग से सुनाया और बताया कि भगवान तो भाव के भूखे होते हैं। जो भी उन्हें सच्चे भाव से पुकारता है, वे शीघ्र ही वहां पहुंच जाते हैं। भक्त ध्रुव-प्रहलाद को उनकी माताओं ने श्रेष्ठ संस्कारों से पोषित किया। जिसके कारण आज भी भक्त प्रहलाद को स्मरण किया जाता है। इस अवसर पर पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर जी.पी.गोस्वामी, सौरभ अग्रवाल, रमेश रावत, बी.के.पाण्डेय, राहुल नम्बरदार, पं. राकेश पाण्डेय, सुरेंद्र तोमर, गौरव बंसल, राजेश वार्ष्णेय सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तजनों ने कथा का श्रवण किया।

# कलेक्ट्रेट में धूमधाम से मनी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती






**ग्रेटर नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आंबेडकर जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिला अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी भू.आ. एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों तथा कलेक्ट्रेट के स्टाफ द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत के महापुरुष हैं। उन्होंने भारत के संविधान निर्मित होने में जो योगदान दिया है वह अनुकरणीय है। साथ ही उनका जीवन चरित्र हम सभी को सब के साथ एक जैसा व्यवहार करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सिद्धांतों से हमें धर्म, जाति, संप्रदाय अमीरी, गरीबी के भेदभाव को मिटाकर एक साथ रहने की प्रेरणा मिलती है।

आज हम सभी को उनके आदर्शों का अनुकरण करने का संकल्प लेते हुए अपनी कार्यप्रणाली में उन्हें अनुकरण करना चाहिए ताकि भारत देश एवं समाज का ओर अधिक विकास तेजी से आगे बढ़ सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू.आ. बच्चू सिंह एवं सूचना विभाग के लेखाकार अरुण कुमार तथा अन्य वक्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी ओमहरि उपाध्याय, अननेचुरल स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसी प्रकार मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

# वाहन जांच के दौरान पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़, दो गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। सूरजपुर थाने की पुलिस और बदमाशों के बीच सोमवार को 130 मीटर रोड पर मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए, जबकि उनका एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने घायल बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, चोरी की एक मोटरसाइकिल और विभिन्न घटनाओं से संबंधित छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सूरजपुर पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी, तभी तिलपता गोल चक्कर की तरफ से एक बिना नंबर प्लेट की स्पलेंडर मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन बाइक सवार नहीं रुके और पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करते हुए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाशों का पीछा किया, जिसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान अरमान उर्फ गब्बर पुत्र अय्यूब, निवासी लोहिया नगर, मेरठ और विशाल पुत्र रामनिवास, निवासी रसूलपुर, संभल के रूप में हुई है। उनका एक साथी विपिन पुत्र विनोद, निवासी रसूलपुर रिठौरी, बुलंदशहर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीमें कॉम्बिंग कर रही हैं। पुलिस ने घायल आरोपियों के पास से 2 तमंचे 315 बोर, 2 खोखा कारतूस, 2 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और चोरी व लूट की विभिन्न घटनाओं से संबंधित 6 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस उनके अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटा रही है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने पुलिस टीम के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें 20 हजार का नगद पुरस्कार प्रदान किया है। पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# राजनीतिक पार्टियों ने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की जयंती पर किया याद



**ग्रेटर नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती सभी राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मनाया। अंबेडकर की जयंती को लेकर पहले बहुजन समाज पार्टी के कार्यालय पर मनाया जाता था, अब सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं में अंबेड़कर जयंती मनाने को लेकर होड़ लगी हुई है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने दादरी विधानसभा और जेवर विधानसभा के 1116 बूथों पर भारत रत्न बाबा भीम राव अंबेडकर की जयन्ती मनाई।

भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने दादरी के बूथ नंबर 352 पिंक सिटी, दादरी में भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए। अभिषेक शर्मा ने कहा कि सरकार उन्हीं के कार्य को पूरा करने में लगी है गरीब वंचित शोषित को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्य मंत्री आदित्य नाथ योगी के नेतृत्व की सरकार गरीब शोषित वंचित को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर पूरा करने का काम कर रहीं है। इस अवसर पर अवसर पर मुख्य रूप से शुभाष भाटी विजय गौतम जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज मनोज गर्ग धर्मेन्द्र कोरी जिला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जिला कांग्रेस ने बाबा साहब अम्बेडकर जयंती मनाई



जिला कांग्रेस कमेटी कैंप कार्यालय बिसरख पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्प सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा की 135 वर्ष पूर्व एक ऐसे युग दृष्टा ने भारत की पावन भूमि पर जन्म लिया जिन्होंने आजादी के समय से पहले ही सामाजिक रूप से दशा व दिशाहीन भारतीय समाज के पुनरुत्थान के लिए जन जागरण करने का काम शुरू किया। जब संविधान सभा ने संविधान को गढ़ने व इसे अंतिम स्वरूप देने का काम उन्हें सौंपा तो उन्होंने एक ऐसे महान ग्रंथ व महान व्यवस्था की नींव रखी।

## जयंती पर सपाइयों ने डॉ. अम्बेडकर को किया याद




सूरजपुर स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूम-धाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता थे। वह गरीब, पिछड़े, दलितों के सच्चे मसीहा थे। उन्होंने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध लंबी लड़ाई लड़ी। उन्होंने हमेशा समानता और समता के लिए कार्य किया और दबे कुचले लोगों को उनका हक दिलाने के लिए संघर्ष किया और कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने हमेशा शिक्षा पर जोर दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि भारत में विश्व की सबसे मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू करने का श्रेय बाबा साहब को ही जाता है।

## रालोद कार्यालय पर मनाई गई डॉ. अंबेडकर की जयंती



राष्ट्रीय लोक दल जिला कार्यालय चाई-तीन में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर पुष्प चढ़कर उन्हें कोटि -कोटि नमन किया एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर स्वतंत्र भारत के निर्माता थे, उन्होंने पूरे जीवन लोगों को बताया कि अगर देश की उन्नति चाहते हो शिक्षित बनो तभी हम देश को मजबूत और खुशहाल बना सकते हैं अपने पूरे जीवन में उन्होंने गरीब कमजोर अल्पसंख्यक दलितों समाज को बढ़ाने के लिए सदैव संघर्ष करते रहे। इस मौके पर महेश आर्य, राष्ट्रीय सचिव अजीत सिंह दौला, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमा पाठक, प्रदेश महासचिव मनवीर भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 15 अप्रैल 2025
संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## अंबेडकर के प्रति मोदी की श्रद्धा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भारतीय जनता पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं की तरह नरेन्द्र मोदी की जो विचारधारा विकसित हुई है, उसके तहत जिनके प्रति सर्वाधिक नफ़रत करना सिखाया गया है, उनमें महात्मा गांधी तथा प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के साथ संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर रहे हैं जिनकी सोमवार को देश भर में जयंती मनाई गई। वैसे तो पीएम होने के नाते उन्हें उन सभी राष्ट्र निर्माताओं को उनके जीवन की महत्वपूर्ण तिथियों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने होते हैं क्योंकि वे जिस पद पर आसीन हैं, यह शिष्टाचार उनके कर्तव्य निर्वहन के अंतर्गत होता है- फिर चाहे उन महामानवों के विचारों से उनकी पटरी बैठे या न बैठे। समझदार तो वे होते हैं जो विपरीत विचारों की शख्सियतों को माल्यार्पण आदि कर अपने उत्तरदायित्व की खानापूरी कर लेते हैं। मोदीजी ने बाबासाहेब की 135वीं जयंती पर उनके योगदान स्वरूप जो बातें कहीं, उसमें विरोधाभासों व विसंगतियों की भरमार थी-हमेशा की भांति। यह बात एक बार फिर से यह साबित हुई कि मोदी हर अवसर को विपक्ष, खासकर कांग्रेस को कोसने तथा खुद की वाहवाही करने से ज्यादा कुछ नहीं मानते, जो हास्यास्पद है, दुर्भाग्यजनक भी। प्रधानमंत्री पद की गरिमा व प्रतिष्ठा के प्रतिकूल तो है ही। वैसे यह मोदी के लिये बड़ी बात नहीं है।

सोमवार की सुबह मोदी संसद के भीतर श्रद्धांजलि का औपचारिक कार्यक्रम पूरा करने के बाद, जिसमें तमाम प्रमुख शख्सियतें मौजूद थीं, हरियाणा के हिसार पहुंच गये जहां इस अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया था। अपनी चिर-परिचित शैली में प्रधानमंत्री ने इस शहर के साथ अपने पुराने सम्बन्धों का ज़िक्र किया। उन्होंने अंबेडकर के जीवन-संघर्ष का उल्लेख करते हुए बतलाया 'बाबासाहेब का संदेश ही उनकी 11 वर्षीय सरकार की यात्रा का प्रेरणा-स्तंभ है'। अंबेडकर के प्रति अपनी कटिबद्धता को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए पीएम ने दावा किया कि 'उनकी सरकार का हर दिन, हर फ़ैसला, हर नीति डॉ. अंबेडकर को समर्पित रहा।' वंचितों, पीड़ितों, शोषितों, गरीबों, आदिवासियों, महिलाओं के जीवन में बदलाव लाकर उनके सपनों को पूरा करना उन्होंने अपनी सरकार का मकसद बतलाते हुए कहा कि उनका निरंतर व तेज विकास ही भाजपा सरकार का मंत्र है। चूंकि सोमवार को ही हिसार-अयोध्या हवाई सेवा शुरू हुई, तो मोदी ने अपने उस वादे का ज़िक्र किया कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज में उड़ेगा। उनका दावा था कि देश में आज यह होता हुआ सब देख रहे हैं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा-'जब तक बाबासाहेब जीवित थे, कांग्रेस ने उन्हें अपमानित किया। दो बार चुनाव हरवाया तथा उनकी यादें मिटाने की कोशिशें कीं।' मोदी के अनुसार कांग्रेस अंबेडकर के विचारों को हमेशा के लिए खत्म कर देना चाहती थी। पीएम ने डॉ. अंबेडकर को संविधान का संरक्षक और कांग्रेस को उसका भक्षक बतलाया। कांग्रेस के प्रति अपनी भड़ास को निचले स्तर तक ले जाते हुए मोदी ने कहा कि 'कांग्रेस ने अनुसूचित जातियों, अनु. जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों को हमेशा दोयम दर्जे का नागरिक समझा। उनके मुताबिक कांग्रेसी नेताओं के घरों में स्विमिंग पूल होते थे तथा गांवों में प्रति सैकड़ा केवल 16 घरों में ही पाइप से पानी पहुंचता था। इससे ये वर्ग ही सबसे ज्यादा प्रभावित थे।

वक्फ़ कानून को लेकर भी मोदी कांग्रेस पर बरसे तथा इसे 'कट्टरपंथियों को खुश करने का साधन' बतलाया जबकि बाकी समाज बेहाल, अशिक्षित व गरीब रहा। प्रधानमंत्री ने 'कांग्रेस की कुनीति का सबसे बड़ा प्रमाण वक्फ कानून' बतलाया। अपने निशाने पर उन्होंने कर्नाटक सरकार को भी लिया व आरोप लगाया कि उसने अनु. जाति-जनजाति और ओबीसी के अधिकार छीनकर धर्म के आधार पर आरक्षण दिया। नये वक्फ़ कानून को उन्होंने गरीब और पसमांदा मुस्लिमों, महिलाओं, खासकर विधवाओं, बच्चों आदि के लिये लाभप्रद बताया। इसे ही पीएम ने 'असली सामाजिक न्याय' बतलाया। वैसे उनका कांग्रेस से सवाल करना कहीं अधिक मज़ेदार है कि पार्टी का अध्यक्ष मुस्लिम क्यों नहीं है? यदि अध्यक्ष ही हितैषी होने का पैमाना है तो मानना होगा कि कांग्रेस दलित हितैषी तो है क्योंकि मल्लिकार्जुन खरगे दलित हैं। भाजपा को अपना अध्यक्ष किसी मुस्लिम को बनाकर बतलाना चाहिये कि वह मुस्लिमों की हितैषी है।

जो भी व्यक्ति मोदी के शासनकाल को ध्यान से देख रहा है वह जानता है कि मोदी की उपरोक्त बातों में कितनी सच्चाई है। हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज की सुविधा पहले ही अन्य जुमलों की तरह एक सुपर फ्लॉप वादा साबित हो चुका है क्योंकि इन दिनों हवाई यात्रा करना उच्च मध्यवर्गीय लोगों के लिये भी सम्भव नहीं रह गया है। वक्फ़ पर नए कानून का देश भर में होता विरोध बतला रहा है कि मुस्लिम उसे अपने हित में कतई नहीं मान रहे हैं। वे यह भी देख रहे हैं कि केन्द्र सरकार या उसके किसी भी राज्य की सरकार में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। बहरहाल, मुख्य मुद्दे पर आयें तो यह ऐतिहासिक सच्चाई है कि अंबेडकर को यदि गांधी और नेहरू का समर्थन न होता तो वे कानून मंत्री नहीं बनाये जाते। उनके बनाये संविधान के मसौदे को संविधान सभा तथा संसद में स्वीकृत कराने में नेहरू का प्रमुख योगदान था जबकि आरएसएस व हिन्दू महासभा ने इसका विरोध किया था।

मोदी का अंबेडकर तथा संविधान के प्रति प्रेम दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों के चलते उमड़ा है। भाजपा और उसके नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस का क्रमश: 370 व 400 सीटों का लक्ष्य इसलिये अधूरा रह गया क्योंकि जनता को संकेत मिल गये थे कि भाजपा संविधान को बदलने के लिये पूर्ण बहुमत के लायक सीटें चाहती है। इसलिये भाजपा 303 से 240 पर उतर आई और दो दलों (जनता दल यूनाइटेड व तेलुगु देसम पार्टी) की बैसाखियों पर खड़ी है। मोदी व भाजपा को अंबेडकर और संविधान की ताकत का पता चल चुका है। लगता है कि कांग्रेस का 'जय बापू जय भीम जय संविधान' का नारा भी असर करता दिखाई दे रहा है।

# संघवाद की हिमायत में फैसला

नरेंद्र मोदी के राज में राज्यपाल के पद को जिस तरह से विपक्ष-शासित राज्यों में सत्ताधारी संघ-भाजपा जोड़ी की क्षुद्र राजनीति का हथियार बनाया गया है, उस पर यकायक किसी तरह से रोक लग जाएगी, यह मानना मुश्किल है। फिर भी तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु राज्यपाल आदि मामले में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय खंडपीठ ने जो असाधारण फैसला सुनाया है, उसने मौजूदा निजाम में राज्यपालों की भूमिका के सवाल को एक बार फिर बहस के केंद्र में ला दिया है। न्यायाधीशगण जेबी पारदीवाला और आर माधवन के फैसले का महत्व सिर्फ इतना ही नहीं है कि पहली बार तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित ऐसे दस विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी के बिना ही पारित करार दे दिया गया है, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के अनुसार राज्य के राज्यपाल ने 'अवैध' तरीके से सालों से रोका हुआ था। राज्यपाल की यह नकारात्मक सक्रियता इस हद तक पहुंच गयी थी कि 2023 में जब सुप्रीम कोर्ट ने इसी विवाद में यह फैसला दिया था कि राज्यपाल, विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक अपने पास रोक कर नहीं रख सकता है और उसके पास ऐसे किसी भी विधेयक को मंजूरी देने के सिवा दो ही विकल्प थे, या तो विधेयक को नामंजूर कर के विधानसभा को लौटा दे या फिर परामर्श के लिए राष्ट्रपति को भेज दे। उस समय राज्यपाल ने बरसों से रोक कर रखे जा रहे विधेयकों को विधानसभा के दोबारा पारित कर के भेजने के बाद, उन पर मंजूरी देने के बजाए, कथित रूप से परामर्श के नाम पर राष्ट्रपति के पाले में डाल दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस समूचे धतकर्म को अवैध करार देते हुए, संबंधित दस विधायकों को राज्य विधानसभा द्वारा उनके दोबारा पारित कर लौटाए जाने की तारीख से ही, पारित घोषित कर दिया है।

इस फैसले का असर यह भी है कि केरल की एलडीएफ सरकार ने भी ऐसे ही मामले में, अपने राज्य के राज्यपाल द्वारा लंबे अर्से से रोक कर रखे गए, विधानसभा द्वारा पारित हुए विधेयकों को, इसी प्रकार से पारित घोषित किए जाने की मांग की है। राज्यपालों की विधानसभा की कार्यवाही में रोड़े अटकाने की अनुचित हरकतों को कटघरे में खड़ा किए जाने की यह बात निकली है, तो दूर तक जाएगी। याद रहे कि उत्तर हो या दक्षिण या पूर्व, कोई भी विपक्ष-शासित राज्य नहीं है, जहां मोदी राज द्वारा बैठाए गए राज्यपालों ने इस तरह की असंवैधानिकता नहीं की है। तमिलनाडु और केरल ही नहीं, तेलंगाना, पंजाब, दिल्ली आदि की सरकारें भी, ऐसी ही शिकायतों के साथ सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे पर पहुंची थीं। इसे देखते हुए यह कहने में जरा भी अतिरंजना नहीं होगी कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला, राज्यपालों के ऐसी असंवैधानिकता करने के लिए जिम्मेदार, केंद्र सरकार के मुंह पर एक करारा तमाचा है।

लेकिन, जैसे इस मामले में मोदी राज की इसी संलिप्तता का परोक्ष साक्ष्य पेश करते हुए, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी हरकतों को गैर-कानूनी ठहराते हुए सुप्रीम भर्त्सना किए जाने के बावजूद, न सिर्फ राज्यपाल के पद से इस्तीफा देने से इंकार कर दिया है, वह तो राज्यपाल के पद की मर्यादाओं को मिट्टी में मिलाते हुए, हर रोज नये-नये विवाद खड़े करने में लगा हुआ है। ताजातरीन विवाद उसने मदुरै में एक सार्वजनिक शिक्षा संस्था के कार्यक्रम में छात्रों से ''जय श्रीराम'' के नारे लगवा कर किया है, जो एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए सरासर असंवैधानिक आचरण है। बहरहाल, इन मामलों में केंद्र की संलिप्तता के प्रत्यक्ष साक्ष्य भी कम नहीं हैं। ऐसे ही एक साक्ष्य में केंद्र की ओर से इसके इशारे किए जा रहे हैं कि सरकार, सुप्रीम कोर्ट के उक्त फैसले के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका दायर करने जा रही है।

वास्तव में इस मामले में केंद्र सरकार को ही एक प्रकार से एक पक्ष बनाते हुए, देश के एडवोकेट जनरल ने इस मामले में तमिलनाडु के राज्यपाल की पैरवी की थी। तमिलनाडु के राज्यपाल के पक्ष में एडवोकेट जनरल द्वारा यह पूरी तरह से संविधानविरोधी और संघीय व्यवस्था विरोधी दलील दी गयी थी कि राज्यपाल के पास, विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूर करने, नामंजूर करने या राष्ट्रपति को भेजने के सिवा एक चौथा विकल्प भी होता है, जिसे आम लोगों की भाषा में पॉकेट वीटो कहा जाता है यानी विधेयक को लिया और जेब में डालकर भूल गए। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले में न सिर्फ यह स्पष्ट कर दिया गया है कि राज्यपाल को इस तरह के किसी भी वीटो का कोई अधिकार नहीं है, बल्कि यह भी साफ कर दिया गया है कि राज्यपाल को और यहां तक कि राष्ट्रपति को भी, ऐसे विधेयकों के मामले में इस समुचित समय सीमा के अंदर अपना फैसला देना होगा और यह समय सीमा एक महीने से लेकर तीन महीने तक की है। इस तरह, सुप्रीम कोर्ट ने अपनी तरफ से तो राज्यपाल द्वारा राज्य विधानसभा के निर्णय के रूप में, राज्य की जनता की इच्छा का रास्ता रोके जाने की इस बढ़ती प्रवृत्ति का रास्ता बंद ही कर दिया है।



राजेंद्र शर्मा

> सुप्रीम कोर्ट के फैसले में स्पष्ट शब्दों में और बलपूर्वक इस बात को कहा गया है कि राज्यपाल की भूमिका तो संविधान के रखवाले की है यानी उसका काम संघीय व्यवस्था का सुचारु रूप से काम करना सुनिश्चित करने में मदद करना है। उसकी भूमिका किसी भी तरह से राजनीतिक खिलाड़ी की नहीं है और विपक्षी राजनीतिक खिलाड़ी की तो हर्गिज-हर्गिज नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले में स्पष्ट शब्दों में और बलपूर्वक इस बात को कहा गया है कि राज्यपाल की भूमिका तो संविधान के रखवाले की है यानी उसका काम संघीय व्यवस्था का सुचारु रूप से काम करना सुनिश्चित करने में मदद करना है। उसकी भूमिका किसी भी तरह से राजनीतिक खिलाड़ी की नहीं है और विपक्षी राजनीतिक खिलाड़ी की तो हर्गिज-हर्गिज नहीं है। कहने की जरूरत नहीं है कि मोदी राज में विपक्ष शासित राज्यों के राज्यपालों को, विपक्षी राजनीतिक खिलाड़ी की ठीक ऐसी ही भूमिका में घटा दिया गया है। अव्वल तो राज्यपालों की नियुक्ति ही इन अपेक्षाओं के आधार पर ही की जा रही है और अगर कोई कमी रह जाती है, तो केंद्र के निर्देशों से उन्हें संघ-निर्देशित रास्ते पर ले आया जाता है। बेशक, हमारे देश में संघीय व्यवस्था के संदर्भ में, राज्यपालों के पद का केंद्र की राजनीतिक इच्छा के हिसाब से दुरुपयोग किए जाने का इतिहास, मोदी राज से कहीं पुराना है। तरह-तरह के बहानों से निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने/हटाने के लिए राज्यपाल के पद का इतनी बार दुरुपयोग हुआ है कि न सिर्फ इस पद की भूमिका पर कई आयोगों/ कमेटियों द्वारा रोक-टोक करने वाली टिप्पणियां की गयी हैं तथा शर्तें लगायी गयी हैं, वास्तव में अनेक हलकों से इस पद की ही जरूरत पर भी सवाल उठते रहे हैं। इसके बावजूद, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता है कि मोदी राज में इन प्रवृत्तियों को एक नयी ही ऊंचाई पर पहुंचा दिया गया है और राज्यपालों को विपक्षी सरकार के खिलाफ इस हद तक तथा इतनी नंगई से सत्ताधारी पार्टी के सक्रिय एजेंटों में तब्दील किया गया है, जैसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था।

इस खेल की नंगई को समझने के लिए एक तथ्य की ओर ध्यान दिलाना ही काफी होगा। तमिलनाडु विधानसभा के जिन विधेयकों को राज्यपाल रवि ने अनंतकाल तक रोके रखने की कोशिश की थी और जिन्हें अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश से कानून बना दिया गया गया है, उनमें उच्च शिक्षा क्षेत्र से संबंधित विधेयक भी शामिल हैं, जो राज्य विश्वविद्यालयों के चांसलर का पद राज्यपाल से लेकर, निर्वाचित सरकार को सौंपने का प्रयास करते हैं। मोदी राज में संघ-भाजपा द्वारा राज्यपालों को माध्यम बनाकर, जिस तरह राज्य विश्वविद्यालयों पर ही कब्जा करने का अभियान छेड़ा गया है, उसके सामने तमिलनाडु ही नहीं केरल, पश्चिम बंगाल आदि अन्य अनेक विपक्ष-शासित राज्यों को भी, राज्यपाल को पदेन चांसलर के पद से हटाने का रास्ता अपनाना पड़ा है। लेकिन, मोदी राज द्वारा बैठाए गए राज्यपाल, इसके सीधे उनके अपने हितों से जुड़ा मामला होने के बावजूद, विधानसभाओं द्वारा पारित इन विधेयकों को भी दबा कर बैठे रहे हैं।

बेशक, विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों का रोक कर रखा जाना, विपक्षी सरकारों के खिलाफ राज्यपाल के पद के दुरुपयोग का एकमात्र हथियार नहीं है। लेकिन, यह संघीय व्यवस्था की जड़ पर ही प्रहार करने वाला ऐसा अतिवादी हथियार जरूर है, जिसकी असंवैधानिकता सुप्रीम कोर्ट की छन्नी से बचकर नहीं निकल पायी है। इससे मौजूदा शासन की बढ़ती संघवादविरोधी प्रवृत्ति पर कुछ अंकुश लगने की उम्मीद तो की ही जा सकती है। पर यह अंकुश उसी हद तक काम करेगा, जिस हद तक विपक्षी ताकतें सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के संघवाद तथा जनतंत्र के लिए महत्व को, आम जनता के बीच ले जाने में कामयाब होंगी।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# लोकसभा परिसीमन : लोकतंत्र की मजबूती या क्षेत्रीय तनाव का नया दौर?

■ **अरुण कुमार डनायक**

भारत में स्वतंत्रता के बाद कई पुराने-नए विवाद उभरे, कुछ को सरकारों ने बंद बस्ते में डाल दिया। अब एक नया जटिल मुद्दा है लोकसभा सीटों का परिसीमन, जिसे 1976 के 42वें और 2002 के 84वें संविधान संशोधन के जरिए 2026 तक टाला गया। यह विवाद अब फिर से सुर्खियों में है। वर्तमान में लोकसभा की 543 सीटें, 1971 की जनगणना के आधार पर तय हैं। संविधान के अनुसार, हर जनगणना के बाद सीटों का परिसीमन होना चाहिए। 1951 से 1971 तक ऐसा हुआ। आपातकाल के दौरान पारित हुए 42वां संशोधन ने 1971 की जनगणना के आधार पर आवंटित सीटों की संख्या को आगामी 25 वर्षों के लिए स्थिर कर दिया। 2002 के संशोधन ने यह मानते हुए कि देश के विभिन्न हिस्सों में परिवार नियोजन कार्यक्रमों की प्रगति के कारण किसी भी नई जनगणना पर आधारित परिसीमन करने निर्णय लिया जाना उचित नहीं होगा और यह अवधि और 25 वर्षों अर्थात 2026 तक के लिए बढ़ा दी।

इस परिप्रेक्ष्य में यह कहा जा सकता है कि 1971 से अब तक कोई नई जनगणना आधारित परिसीमन नहीं हुआ है। 2011 के बाद से कोई जनगणना नहीं हुई है, और अगर अब जनसंख्या के अनुपात में सीटों का पुनर्विन्यास किया गया, तो दक्षिणी राज्यों की सीटों में कटौती हो सकती है। दक्षिण भारत के राज्य इसी कारण से परिसीमन का विरोध कर रहे हैं। आकड़ों के अनुसार, उत्तर भारत के राज्यों की तुलना में विन्ध्य पर्वत के उस पार स्थित राज्यों की जनसंख्या में वृद्धि की दर कम रही है। संविधान, लोकसभा सदस्यों की संख्या निर्धारण में समान अनुपातिता की व्यवस्था देता है लेकिन लद्दाख, गोवा और पूर्वोत्तर जैसे छोटे राज्यों में जनसंख्या की तुलना में अधिक सांसद हैं, जबकि दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों में प्रतिनिधित्व कम है।

> मूल प्रश्न यह है कि क्या हमें वर्तमान 543 सांसदों से अधिक सदस्यों वाली संसद की आवश्यकता है? क्या प्रत्येक राज्य में और अधिक विधायकों की जरूरत है? सांसदों की संख्या को परिसीमन के माध्यम से बढ़ाने के फायदे और नुकसान दोनों हो सकते हैं। ऐसे तर्क दिए जा रहे हैं कि परिसीमन लागू हो जाने के पश्चात जन प्रतिनिधित्व बेहतर होगा।

मूल प्रश्न यह है कि क्या हमें वर्तमान 543 सांसदों से अधिक सदस्यों वाली संसद की आवश्यकता है? क्या प्रत्येक राज्य में और अधिक विधायकों की जरूरत है? सांसदों की संख्या को परिसीमन के माध्यम से बढ़ाने के फायदे और नुकसान दोनों हो सकते हैं। ऐसे तर्क दिए जा रहे हैं कि परिसीमन लागू हो जाने के पश्चात जन प्रतिनिधित्व बेहतर होगा। एक सांसद अभी 20-25 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। सीटें बढ़ने से यह अनुपात कम होगा, जिससे जनता की समस्याएं बेहतर उठेंगी। जनसंख्या के आधार पर सीटें बढ़ने से तेजी से बढ़ रही आबादी वाले राज्यों की आवाज मजबूत होगी। इससे असंतुलन कम होगा। अधिक सांसद मुद्दों पर गहन एवं विविधतापूर्ण चर्चा कर लोकतंत्र को और समृद्ध करेंगे।

यदि यह फ़ायदे हैं तो इसके नुकसान भी कम नहीं हैं। अधिक सांसदों का मतलब वेतन, भत्ते और सुविधाओं पर ज्यादा खर्च। अधिक सदस्यों के साथ संसद में बहस और निर्णय लेना जटिल हो सकता है, जिससे कार्यक्षमता प्रभावित होगी। जनसंख्या आधारित डिलिमिटेशन से उत्तर भारत के राज्यों को अधिक सीटें मिलेंगी,जबकि दक्षिणी राज्य अपने प्रभाव को कम होता देख सकते हैं। सीटें बढ़ने से राजनीतिक दलों को अधिक उम्मीदवार उतारने पड़ेंगे, जिससे चुनावी खर्च और प्रबंधन जटिल हो सकता है। साथ ही, छोटे दलों का प्रभाव कम हो सकता है।

परिसीमन लागू करने से पहले हमें भारत की जनसंख्या वृद्धि के भविष्य के परिदृश्य को भी ध्यान में रखना होगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार, भारत की जनसंख्या 2040-50 तक 167 करोड़ के शिखर पर पहुंचेगी, फिर घटने लगेगी, क्योंकि सकल प्रजनन दर 2.1 से नीचे आ चुकी है। ऐसे में जनसंख्या आधारित परिसीमन की प्रासंगिकता कम हो रही है। इसलिए, यह आवश्यक है कि जनगणना की प्रक्रिया पूरी की जाये, लेकिन जनसंख्या के अनुपात के आधार पर सीटों के परिसीमन की प्रक्रिया को स्थगित रखा जाये।

पिछले अनुभव बताते हैं कि भारतीय संसदीय लोकतंत्र में विधायिका अनेक कमियों से जूझ रही है। संसद और विधानसभाओं के सत्रों की अवधि लगातार घट रही हैं, और इनमें हंगामा, नारेबाजी या बहिष्कार जैसे व्यवधानों के कारण प्रभावी चर्चा और विधायी कार्य कम हो पाता है। प्रतिनिधियों को जटिल नीतिगत मुद्दों की पर्याप्त समझ नहीं होती, इससे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गुणवत्तापूर्ण गहन बहस नहीं हो पाती। कई निर्वाचित प्रतिनिधियों पर आपराधिक मामले लंबित रहते हैं, जो विधायिका की विश्वसनीयता और नैतिकता पर सवाल उठाते हैं।

दलीय अनुशासन से बंधे सांसद और विधायक स्वतंत्र रूप से मतदान करने में असमर्थ होते हैं। संसदीय समितियों का उपयोग विधेयकों की गहन जांच के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पाता और उनके सुझावों को सरकार द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता है। विधायिका में महिलाओं और कुछ अल्पसंख्यक समुदायों का प्रतिनिधित्व उनकी जनसंख्या के अनुपात में कम है, जिससे उनकी आवाज कमजोर रहती है। कई बार विधेयकों को बिना पर्याप्त चर्चा या जनता की राय लिए जल्दबाजी में पारित कर दिया जाता है, जिससे अपर्याप्त या दोषपूर्ण कानून बनते हैं। विधायिका के भीतर मंत्री परिषद की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी तंत्र की कमी है।

लोकसभा सीटों का परिसीमन भारत के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है, जिसमें जनप्रतिनिधित्व को बेहतर बनाने की संभावना के साथ-साथ क्षेत्रीय असंतुलन और संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ जैसे जोखिम भी जुड़े हैं। अधिक सांसदों से स्थानीय मुद्दों पर ध्यान बढ़ सकता है, लेकिन संसद की कार्यक्षमता, क्षेत्रीय तनाव और वित्तीय लागत जैसे नुकसान इसे विवादास्पद बनाते हैं। वर्तमान संसदीय व्यवस्था में व्याप्त कमियों- जैसे सत्रों की कमी, हंगामा, अपर्याप्त बहस और जवाबदेही के अभाव को देखते हुए केवल सीटों की संख्या बढ़ाना समाधान नहीं है। भारत की विविधता और सीमित संसाधनों को ध्यान में रखते हुए, परिसीमन से पहले व्यापक सहमति, पारदर्शी जनगणना, और संसदीय सुधारों पर जोर देना ज़रूरी है। इसके बजाय, संसाधनों का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सृजन, और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में करना अधिक लाभकारी होगा। आज भारत को केवल एक विशाल संसद की नहीं, अपितु सशक्त और समावेशी लोकतंत्र की आवश्यकता है। हमें गांधीजी के लोकतांत्रिक आदर्शों को हृदयंगम करना होगा, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की पीड़ा को मिटाया जा सके। सुसंस्कृत प्रतिनिधित्व और दूरदर्शी नीतिगत हस्तक्षेप के माध्यम से राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति को सुनिश्चित किया जा सकता है।

**(लेखक गांधी विचारों के अध्येता एवं समाजसेवी हैं)**

## आपके पत्र

### प्राइवेट सिस्टम का खेल : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी अधिकार आज निजी संस्थानों के लिए मुनाफे का जरिया बन चुके हैं। प्राइवेट स्कूल सुविधाओं की आड़ में अभिभावकों से मनमाने शुल्क वसूलते हैं—ड्रेस, किताबें, यूनिफॉर्म, कोचिंग—सब कुछ महंगा और अनिवार्य बना दिया गया है। वहीं, प्राइवेट हॉस्पिटल डर और भ्रम का माहौल बनाकर मरीजों से मोटी रकम वसूलते हैं। सामान्य बीमारी को गंभीर बताकर महंगी जांच, दवाइयां और भर्ती का दबाव बनाया जाता है। इन संस्थानों के पीछे राजनीतिक संरक्षण है, जिस कारण कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती। सबसे अधिक संकट में मध्यम वर्ग है, जिसे न सरकारी सेवाओं पर भरोसा है, न प्राइवेट सिस्टम से राहत। यह एक चेतावनी है कि यदि जनता ने अब भी आवाज़ नहीं उठाई, तो शिक्षा और स्वास्थ्य सिर्फ विशेषाधिकार बनकर रह जाएंगे।

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है।

शिक्षा या व्यापार-प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस- हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। किताबें स्कूल के किसी 'अधिकृत वेंडर' से ही खरीदनी होती हैं, जिनका मूल्य बाज़ार दर से दोगुना होता है क्योंकि उसमें स्कूल का कमीशन जुड़ा होता है। स्कूल यूनिफॉर्म भी उन्हीं से लेनी पड़ती है, जो आम बाजार में मिलती ही नहीं।

यह सब इसलिए नहीं कि अभिभावक इन सुविधाओं की मांग करते हैं, बल्कि इसलिए क्योंकि स्कूलों ने इसे 'अनिवार्य' बना दिया है। पढ़ाई नाम की चीज अब कक्षा में कम और कोचिंग संस्थानों में ज्यादा होती है और दिलचस्प बात ये है कि उन कोचिंग संस्थानों के मालिक भी कई बार उन्हीं स्कूल संचालकों से जुड़े होते हैं। बच्चा दिनभर स्कूल, फिर कोचिंग, फिर होमवर्क, और फिर ट्यूशन- खुद के लिए ना समय, ना सोच, ना बचपन।

इन सबका उद्देश्य एक ही होता है ङ्क च्९१त्न लाओज्। और जब ये नंबर नहीं आते, तो बच्चे हीन भावना से ग्रस्त हो जाते हैं। अभिभावक दूसरों के बच्चों से तुलना करने लगते हैं, और ये पूरी प्रक्रिया मानसिक उत्पीड़न में बदल जाती है।

स्वास्थ्य का नाम, व्यापार का काम अब अगर शिक्षा में ये स्थिति है, तो स्वास्थ्य क्षेत्र उससे भी भयावह है। प्राइवेट हॉस्पिटल्स का ढांचा अब इलाज से ज्यादा 'कमाई' पर केंद्रित हो गया है। अस्पताल में घुसते ही 'पर्ची' कटती है, फिर तरह-तरह की जाँचें, महंगी दवाइया, , और 'एडवांस पेमेंट' की मांग और वो भी बिना यह बताए कि मरीज़ की स्थिति क्या है।

सामान्य सर्दी-खांसी या बुखार को भी डॉक्टर ऐसा बताते हैं मानो जीवन संकट में हो। डर दिखाकर लोगों को लंबी दवाओं और भर्ती की सलाह दी जाती है। मरीज़ ठीक भी हो जाए, तब भी बिल देखकर परिवार बीमार हो जाता है। जो दवा बाहर 10 रुपए में मिलती है, वही अस्पताल के बिल में 200 से 300 रुपए की होती है।

-सत्यवान सौरभ



## ललित सुरजन की कलम से

### यात्रा वृत्तांत : एक अनूठे गाँव की कहानी

*'पटना से गंगा के दक्षिणी किनारे के साथ-साथ पूरब की दिशा में चलते हुए सेमरिया घाट पर राजेन्द्र सेतु पार कर कोई तीन घंटे में हम बेगूसराय पहुंचे। यहां निकट ही बरोनी में इंडियन ऑयल का तेलशोधन संयंत्र है और जो बिहार में औद्योगिक विकास का एकमात्र उदाहरण है। बेगूसराय में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही महाकवि दिनकर की विशालकाय प्रतिमा स्थापित है। थोड़ा आगे बढ़कर गांव की तरफ रास्ता मुड़ता है। तीस-पैंतीस मिनट बाद गोदरगावां पहुंचते हैं। प्रवेश करते साथ ही चन्द्रशेखर आजाद की आदमकद मूर्ति लगी है। गांव के ही एक किसान ने अपने स्वर्गवासी अनुज की स्मृति में इस प्रतिमा की स्थापना की है। देश में ऐसे उदाहरण कम ही होंगे जहां प्रियजन की स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए एक महान क्रांतिवीर की प्रतिमा लगाई जाए। यहां एक ओर निजी स्मृतियों को संजोए रखने की भावुकता थी, तो दूसरी ओर समाज को बदलने का अधूरा सपना वास्तविकता में बदलने का एक मौन संकल्प भी।'*

**(देशबंधु में 4 अप्रैल 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/04/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के रहस्य

मनुष्य सदा से स्वस्थ या युवा रहना चाहता है पर व्यवस्था उसकी इच्छानुरूप बन नहीं पाती। यौवन देर तक ठहरता नहीं और अनपेक्षिक बुढ़ापा आ धमकता है। इस स्थिति में कुरुपता भी बढ़ती है और असमर्थता भी। अंत क्या होता है, इसे सभी जानते हैं। बूढ़े के लिए मृत्यु के मुख में जाने के अतिरिक्त और कोई चारा नहीं। फिर भी इच्छा तो बनी ही रहती है कि बुढ़ापा देर में आए और अधिक दिन जीने का अवसर मिले। जिंदगी में ऐसा ही कुछ रस और आकर्षण है कि उसे सहज छोड़ते नहीं बनता। अब तक बुढ़ापे को रोकने और मरण का दिन अधिक आगे धकेलने के लिए अनेकानेक प्रयास होते रहे हैं। उनमें आंशिक सफलता ही मिली है फिर भी आशा बलवती है- प्रयत्नक्रम भी रुका नहीं है।

इस संदर्भ में खोज करने वालों ने जो तथ्य ढूंढ निकाले हैं, उनमें चार प्रमुख हैं-1. शरीर का तापमान कम करना 2. ठंडे वातावरण में रहना 3. प्रजनन में अति न बरतना 4. मस्तिष्कीय उद्विग्नता से बचना। ये चार अवलंबन ऐसे हैं जिन्हें अपनाकर प्रकृति व्यवस्था के साथ सहयोग करते हुए समर्थता को देर तक बनाए रहा जा सकता है। इन चारों प्रयोगों को भारत के ऋषिकल्प व्यक्ति अपनी जीवनचर्या में सतर्कतापूर्वक समाविष्ट करते रहे हैं। फलत: उन्हें सामान्यजनों की तुलना में कहीं अधिक लंबा जीवन जीने का अवसर मिला है। हिमालय के शीतल क्षेत्रों को उन्होंने अपना कार्यक्षेत्र चुना। स्वल्पाहार, उपवास अपनाया। पेट पर भार लदने और तापमान बढ़ने जैसा प्रसंग न आने दिया। ब्रह्मचर्य को साधना का आवश्यक अंग माना। और स्थितप्रज्ञ जैसा निस्पृह स्वभाव बनाकर संतुष्ट रहने एवं हँसते-हँसते समय गुजारने का अभ्यास किया। प्रकृति से विद्रोह करने की अपेक्षा सहयोग देने की दूरदर्शिता अपना कर, उन्होंने जीवनसंपदा का समुचित लाभ उठाया।

शरीर का तापक्रम घटा देने से बुढ़ापा देर से आता है,यह सिद्धांत विज्ञानक्षेत्र में अब मान्यता प्राप्त करता जा रहा है। इस तापक्रम के संदर्भ में दो बातें कही जाती हैं- एक यह कि वातावरण ठंडा हो, दूसरी यह कि शरीर में पाई जाने वाली स्वाभाविक गर्मी सामान्य तापमान से घटाकर किन्हीं उपायों से कम कर दी जाए। दोनों ही सुयोग मिल सके, तब तो उसे सोना में सुगंध कहा जाएगा। कैलीफोर्निया यूनिवर्सिटी के किए प्रयोगों में सिद्ध हुआ कि शरीर का तापमान तीन डिग्री घटा दिया जाए तो आयु 30 वर्ष बढ़ सकती है। यदि स्वल्पाहार का स्वभाव डाला जाए तो पाचन भी ठीक हो और अनावश्यक भार वहन में जो जीवनीशक्ति का अपव्यय होता है, वह भी रुके। तापक्रम कम रखने का उपयुक्त तरीका कम भोजन से काम चला लेना होता है। कम भोजन करने पर ठीक प्रकार से पचा हुआ आहार कहीं अधिक शक्ति प्रदान कर देता है, जबकि बहुत खाने वाला पचाने में असमर्थ रहता है। उत्तेजित पाचन प्रक्रिया अनावश्यक तापमान की वृद्धि करती है और दीर्घजीवन में भारी व्यतिरेक उत्पन्न करती है। उससे आधे में ही काम चल सकता है। इससे आर्थिक बचत और अधिकता की बरबादी रुकने का अतिरिक्त लाभ मिलता है।

-युग निर्माण योजना

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in


# देश विदेश

## पश्चिमी सूडान में आरएसएफ के हमले में 56 लोगों की मौत

**खार्तूम,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिमी सूडान के उत्तरी प्रांत दारफुर के उम्म कडाडा में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में 56 लोग मारे गए हैं। स्वयंसेवी समूहों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरएसएफ ने गुरुवार को शहर पर नियंत्रण करने के बाद हमला किया । सभी मृतक स्थानीय नागरिक हैं। एक स्थानीय स्वयंसेवी समूह ने मिलिशिया पर व्यापक उल्लंघन करने, निवासियों को जबरन विस्थापित करने और सभी संचार नेटवर्क बंद करने का आरोप लगाया। आरएसएफ ने आवासीय घरों को जला दिया और संपत्तियों को लूट लिया। इसके अलावा स्थानीय अस्पताल पर भी हमला किया और अस्पताल के निदेशक सहित चार चिकित्सा कर्मचारियों की हत्या कर दी।

# पाकिस्तान के 67 हजार जायरीन नहीं कर पाएंगे हज यात्रा

- सऊदी अरब ने पाकिस्तान के लिए 1,79,210 तीर्थयात्रियों का कोटा किया था आवंटित
- समझौतों व भुगतानों में देरी से सऊदी प्राधिकारियों ने खारिज कर दिए आवेदन



**इस्लामाबाद,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के लगभग 67,000 जायरीन इस साल हज के लिए सऊदी अरब नहीं जा पाएंगे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक इन आवेदनों को अस्वीकार करने का मुख्य कारण सऊदी प्राधिकारियों को समय पर बुकिंग और भुगतान न करना था।

एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब ने इस वर्ष पाकिस्तान के लिए 1,79,210 तीर्थयात्रियों का कोटा आवंटित किया था, जिसमें सरकारी और निजी टूर आयोजकों के लिए 89,605 संख्या तय की गई। हालांकि प्राइवेट स्कीम के तहत केवल 14,000 आवेदन ही स्वीकार किए गए।

हज आयोजकों ने दावा किया कि उन्होंने 67,000 तीर्थयात्रियों के लिए बुकिंग की थी और इसके लिए सऊदी अरब को 7 मिलियन सऊदी रियाल भेजे थे।

हालांकि, समझौतों और भुगतानों को अंतिम रूप देने में देरी के कारण सऊदी प्राधिकारियों ने उनके आवेदन खारिज कर दिए, जिससे हजारों लोगों को हज करने का मौका नहीं मिल सका।

रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सरकार के विशेष अनुरोध पर सऊदी अरब ने अतिरिक्त 10,000 कोटे को मंजूरी दी। हालांकि यह अभी भी सभी आवेदकों को शामिल करने के लिए अपर्याप्त है, जिसके परिणामस्वरूप 67,000 पाकिस्तानी तीर्थयात्री इससे बाहर हो गए। हज आयोजकों ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से इस मामले में हस्तक्षेप करने और समस्या को सुलझाने में मदद करने की अपील की है।

प्रधानमंत्री शरीफ ने निजी हज कोटे में कटौती की तत्काल जांच के निर्देश दिए, जिसकी वजह से हजारों पाकिस्तानी तीर्थयात्री 2025 में हज यात्रा पर नहीं जा पाएंगे।

जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निजी हज कोटा हासिल करने में नाकामी के जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। कैबिनेट प्रभाग के सचिव की अध्यक्षता वाली समिति में संघीय राजस्व बोर्ड (एफबीआर) के अध्यक्ष और गिलगित-बाल्टिस्तान के संघीय सचिव शामिल हैं।

समिति को तीन दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का काम सौंपा गया है।

## कराची से क्वेटा जाने वाली ट्रेन को बलूचिस्तान में नहीं मिला प्रवेश, यात्रियों को स्टेशन पर उतारा



- खुफिया एजेंसियों ने ट्रेन पर योजनाबद्ध तरीके से अपहरण व हमले की दी थी चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्थिक केंद्र कराची से बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी क्वेटा जाने वाली एक यात्री ट्रेन को रास्ते में रोक दिया गया और बलूचिस्तान प्रांत में प्रवेश की अनुमति भी नहीं दी गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लगभग 150 यात्रियों को ले जा रही बोलन मेल ट्रेन को सिंध प्रांत के जैकोबाबाद शहर में रोक दिया गया। यहां यात्रियों को उतार दिया गया और ट्रेन को सोमवार तड़के बलूचिस्तान में प्रवेश देने से मना कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, यात्री ट्रेन कराची से रवाना हुई और आधी रात के बाद जैकोबाबाद पहुंची। ट्रेन को रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। रेलवे अधिकारियों को सूचित किया गया कि सुरक्षा मंजूरी मिलने तक आगे की आवाजाही की अनुमति नहीं दी जाएगी। ट्रेन में कई सरकारी अधिकारी, सुरक्षाकर्मी और उनके परिवार सवार थे।

## पाकिस्तान से एक ही दिन में 852 अफगान परिवार निर्वासित



**काबुल।** पाकिस्तान सरकार अफगान शरणार्थियों को उनके देश वापस भेजने को लेकर अपनी कार्रवाई को तेज करती जा रही है। रविवार को पाकिस्तानी एजेंसियों ने कुल 852 अफगान परिवारों को निष्कासित कर दिया। अफगानिस्तान में वापस लौटने वालों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित उच्चायोग ने सोमवार को यह जानकारी दी कि 852 परिवारों में 4,567 सदस्य शामिल थे। आयोग ने शनिवार को पाकिस्तान ने कुल 6,500 अफगान शरणार्थियों को निष्कासित किया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तोरखम सीमा पर आयोग ने लौटने वाले लोगों के लिए अस्थायी शेल्टर, भोजन, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान कीं। पाकिस्तानी सरकार 2025 तक तीन मिलियन अफगानों को उनके देश वापस भेजने की तैयारी में है। कथित तौर पर, लगभग सात मिलियन अफगान शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश के पास दस्तावेज नहीं है, वर्तमान में विदेश में रह रहे हैं। अधिकांश अफगानी पड़ोसी देश - पाकिस्तान और ईरान में रह रहे हैं।

## सुडोकू 6883

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | | | | | | |
| | 7 | | 2 | | 6 | 4 | | |
| 4 | | | | 1 | | 7 | | |
| | 8 | | 6 | | | 1 | | |
| | 1 | 4 | 7 | | 9 | 6 | 3 | |
| | | 6 | | | 1 | | 2 | |
| | | 8 | | 3 | | | | 6 |
| | | 1 | 8 | | 7 | | 4 | |
| | | | | | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 15 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - आज आप सामाजिक तथा सार्वजनिक क्षेत्र में प्रशंसा का पात्र बनेंगे। धन लाभ के योग हैं। पारिवारिक जीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। आज आप बौद्धिक चर्चा में हिस्सा ले सकेंगे।

वृषभ - आपका आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आपके काम निर्धारित समय पर पूरे होंगे। आर्थिक लाभ की संभावना है। पुराने छुटे अधूरे काम पूरे होंगे।

मिथुन - आप तन एवं मन की अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। आज नया काम शुरू करने की योजना बनेगी, हालांकि आज आप इंतजार करें। वाद-विवाद में मानहानि होने की आशंक है।

कर्क - आपके लिए आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आपमें आनंद एवं स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है। घर में झगड़े का वातावरण रहेगा। स्वजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

सिंह - आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा है। भाई-बंधुओं के साथ समय आनंदपूर्वक गुजरेगा। उनसे लाभ भी होगा। किसी सुंदर स्थल पर घूमने जाना हो सकता है।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ फल देनेवाला है। अपनी मीठी वाणी से किसी का भी दिल आप जीत सकते हैं। आपके काम सिद्ध होने की काफी संभावना है। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा।

तुला - आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति निखरेगी। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का खास ध्यान रखें। विचार की दृढ़ता से आप काम को अच्छी तरह से पूरा कर पाएंगे।

वृश्चिक - आनंद-प्रमोद, मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा। मानसिक चिंता एवं शारीरिक कष्ट के कारण आप परेशान रहेंगे। बातचीत में किसी के साथ गलतफहमी न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

धनु - आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी है। गृहस्थजीवन का संपूर्ण आनंद ले पाएंगे। आप रोमांटिक बने रहेंगे। मित्रों के साथ किसी रमणीय स्थल पर घूमने जा सकते हैं।

मकर - आप का दिन संघर्षमय रहेगा। आज के दिन आग, पानी या वाहन सम्बंधित दुर्घटना हो सकती है, आप सावधान रहें। व्यापार में चिंता बनी रहेगी। व्यापार के लिए यात्रा करने से लाभ होगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

कुंभ - आपका दिन मिश्रित फलदायी है। आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। फिर भी मानसिक शांति प्राप्त कर पाएंगे। काम करने का उत्साह मंद होगा। अधिकारियों से संभलकर चलना हितकर है। खर्च अधिक होगा।

मीन - आज आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। मानसिक तथा शारीरिक श्रम के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। सर्दी, सांस की तकलीफ, खांसी और पेट दर्द की परेशानी हो सकती है। खर्च में वृद्धि होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# यूनुस सरकार के तहत मजबूत हुई कट्टरपंथी ताकतों पर जमकर बरसीं शेख हसीना

- हसीना ने वैश्विक मंच पर बांग्लादेश का सिर ऊंचा करने का किया आग्रह



**जो हमारी विरासत व संस्कृति के खिलाफ जघन्य साजिशों में शामिल हैं, वे देश के दुश्मन हैं : शेख हसीना**

**ढाका/नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने देशवासियों से मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत मुक्ति-विरोधी और संस्कृति-विरोधी ताकतों को खदेड़ने और वैश्विक मंच पर बांग्लादेश का सिर ऊंचा करने का आग्रह किया है।


बंगाली नववर्ष 'पोहेला बोइसाख' पर अपने संदेश में भारत में निर्वासन में रह रही सुश्री हसीना ने अंतरिम सरकार के इस्लामी कट्टरपंथी झुकाव के खिलाफ जमकर हमला बोला, जिसने इस्लामी कट्टरपंथी हिफाजत-ए-इस्लाम पार्टी के कहने पर मोंगोल शोभायात्रा का नाम बदलकर अनोंदो शोभायात्रा करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने नाम बदलने के लिए मजबूर करने वाली इस्लामी ताकतों को बांग्लादेश का दुश्मन करार दिया।

उन्होंने कहा जो लोग मंगल शोभायात्रा का नाम बदलने की हिम्मत करते हैं, जो हमारी विरासत और संस्कृति के खिलाफ इस तरह की जघन्य साजिशों में शामिल हैं, वे देश के दुश्मन हैं, हमारी संस्कृति के दुश्मन हैं, बांग्लादेश के दुश्मन हैं। इस देश के लोग उन्हें कभी सफल नहीं होने देंगे। पिछले साल पांच अगस्त को तथाकथित छात्र आंदोलन द्वारा उनकी अवामी लीग सरकार को हटाए जाने और सेना समर्थित अंतरिम सरकार की स्थापना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज, बांग्लादेश में स्वतंत्रता विरोधी ताकतों ने अवैध रूप से सत्ता पर कब्जा कर लिया है। वे सक्रिय रूप से बंगाली संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। जब भी अतीत में स्वतंत्रता विरोधी ताकतों ने नियंत्रण हासिल किया, उन्होंने देश के इतिहास, विरासत और संस्कृति पर हमला किया। उन्होंने न केवल मंगल शोभायात्रा को रोकने की कोशिश की, बल्कि इसका नाम बदलने का भी प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि इस पोहेला बैशाख पर, राष्ट्र की भलाई के लिए हर नागरिक के भीतर छिपी देशभक्ति को जगाएं। संभावनाओं के नए द्वार खुलें। बंगाली नववर्ष के इस शुभ अवसर पर, आइए हम उन सभी चीजों को अस्वीकार करने का संकल्प लें जो अस्वस्थ, बदसूरत या विकृत संस्कृति का हिस्सा हैं - और इसके बजाय, एक स्वस्थ, सुंदर और रचनात्मक जीवन शैली को अपनाएं। उन्होंने लिखा कि बंगाली नववर्ष के लिए यही हमारी आशा है। जय बांग्ला। जय बंगबंधु। अंधकार मिट जाए और प्रकाश हो।

यूनुस शासन के तहत बांग्लादेश ने शेख मुजीबुर रहमान और 1971 के मुक्ति संग्राम से जुड़े अपने इतिहास को मिटाने का सक्रिय प्रयास देखा है और भारत ने मुक्ति बलों को मदद की है, जिसने तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान से बांग्लादेश के निर्माण में मदद की। यूनुस शासन के तहत बांग्लादेश भर में इस्लामी भीड़ ने मुजीब की भित्तिचित्र, मूर्तियां और तस्वीरें ध्वस्त कर दीं ।

## वर्ग पहेली 6883



**बायें से दायें:-**

१. अपहरण करने वाला,चोर, डाकू
४. किसी मार्ग या पुल पर से आवागमन करने पर लगने वाला कर
६. सामने, आंखों के सामने
७. किसी वस्तु के निर्माण आदि पर होने वाला खर्च
८. विद्यालय
१०. प्रमाणित (उर्दू)
११. परिवर्तित होना या करना
१३. लालच
१४. सूर्य
१५. दूर करना, हटाना
१७. यूनान का निवासी
१९. प्रकाश, उजाला
२१. विनाश, बरबादी (उर्दू)
२२. व्यापार(उर्दू)
२४. नपुंसक, हिजड़ा

**ऊपर से नीचे:-**

१. कामना, हसरत
२. इच्छुक,जिसे आवश्यकता हो (उर्दू)
३. कुलबुलाना
४. तरफदारी
५. झगड़ालु स्त्री
९. लाख का बना घर जिसे दुर्योधन ने पांडवोंको जीवित जलाने के लिए बनवाया था
११. झगड़ा, उपद्रव, दंगा (उर्दू)
१२. आसार
१३. वह उपसर्ग जैसा शब्द जो किसी धातु या मूल शब्द के अंत में कोई संज्ञापद-क्रियापद अव्यय या विशेषण बनाने के लिए लगाया जाता है
१४. हुक्म, आज्ञा,
१५. घर, मकान
१६. नीरस
१८. वर्ष, साल
१९. दिलचस्प, रुचिकर
२०. वह आधारभूत सिद्धांत जिसके अनुसार कोई कार्य संचालित किया जाता है
२३. दलील

### वर्ग पहेली-6882

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ भु | क्त | २ भो | गी | ■ | ■ | ३ अ | श्वा | ४ रो | ही |
| ग | ■ | ज्य | ■ | ५ प | ल्ल | व | ■ | क | ■ |
| ६ त | ड़ | प | ■ | थ | ■ | ७ स | र्व | ना | ८ म |
| ना | ■ | दा | ■ | ९ भ्र | म | र | ■ | ■ | हा |
| ■ | १० अ | र्थ | ११ क | ष्ट | ■ | ■ | १२ सु | ग | म |
| ■ | जी | ■ | ले | ■ | १३ किं | ष्किं | धा | ■ | हि |
| १४ आ | ब | १५ ह | वा | ■ | वा | ■ | १६ र | १७ ह | म |
| क्र | ■ | ल | ■ | १८ अ | ड़ | १९ ना | ■ | र्ष | ■ |
| २० म | ग | ध | ■ | सी | ■ | २१ ना | प | क | २२ ना |
| ण | ■ | २३ र | स | म | य | ■ | ■ | ■ | ज |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## हैदराबाद में जन्मी डॉक्टर अमेरिका में एसीपी फेलोशिप से सम्मानित



**पिट्सबर्ग,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका में रहने वाली और मूल रूप से तेलंगाना की एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. दिव्या सिस्टला को फेलो ऑफ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजिशियन (एफएसीपी) की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया है, जो इंटरनल मेडिसिन के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह सम्मान एंडोक्राइनोलॉजी, मेडिकल रिसर्च और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्भुत कार्य के लिए दिया गया है। डॉ. सिस्टला ने तेलंगाना के कामिनेनी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी। वर्तमान में वह अमेरिका के पेनसिल्वेनिया प्रांत में यूपीएमसी मर्सी हॉस्पिटल में प्रमुख एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और ओबेसिटी मेडिसिन की विशेषज्ञ हैं। वह इंटरनल मेडिसिन, एंडोक्राइनोलॉजी तथा ओबेसिटी मेडिसिन में बोर्ड-सर्टिफाइड हैं और डायबिटीज, थायरॉइड डिजीज, पीसीओएस, ओस्टियोपोरोसिस तथा कुसिंग्स सिंड्रोम जैसी हार्मोन संबंधी जटिल विसंगतियों के इलाज में महारत के लिए जानी जाती हैं।

## न्यूयॉर्क में भी मनाया गया भीमराव अंबेडकर दिवस



**डॉ. अंबेडकर ने न्यूयॉर्क के कोलंबिया विश्वविद्यालय से ही प्राप्त की थी उच्च शिक्षा**

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी में पहली बार 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती का जश्न मनाया। इसे अंबेडकर दिवस के रूप में मनाया गया। न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर इसे आधिकारिक रूप दे दिया है। इस ऐलान से आजाद समाज पार्टी के प्रमुख और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद खुश हैं। उन्होंने इसे अत्यंत गर्व का क्षण बताया है।

डॉ. अंबेडकर ने न्यूयॉर्क के कोलंबिया विश्वविद्यालय से ही उच्च शिक्षा प्राप्त की थी। यहीं पर उनके विचारों ने आकार लिया और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में उन्होंने अभूतपूर्व काम किया। चंद्रशेखर आजाद ने अपनी पोस्ट में भी इन्हीं सब बातों का जिक्र किया है। इसके साथ ही एक तस्वीर भी चस्पा की है जिसमें मेयर एडम्स की घोषणा की कॉपी संलग्न की गई है।

इस घोषणा से खुश सांसद ने अपनी पोस्ट में लिखा कि डॉ. अंबेडकर ने न्यूयॉर्क के कोलंबिया विश्वविद्यालय से ही उच्च शिक्षा प्राप्त की। यहीं पर उनकी वैश्विक सोच और सामाजिक परिवर्तन की भावना ने आकार लिया था। न्यूयॉर्क सिटी के इतिहास में पहली बार, वहां के मेयर ने सोमवार, 14 अप्रैल 2025 को डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर दिवस के रूप में घोषित किया है।

उन्होंने आगे लिखा कि यह देखकर अत्यंत गर्व होता है कि बाबा साहेब अंबेडकर की विरासत को पूरी दुनिया में, और विशेष रूप से न्यूयॉर्क सिटी में सम्मान मिल रहा है।

## आज का इतिहास

1469- सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक का जन्म।
1563- सिखों के पांचवें गुरु गुरु अर्जन देव का जन्म।
1658- धरमत की लड़ाई में औरंगजेब ने राजा जसवत सिंह को हराया। सिंह को दारा शिकोह और शाहजहां ने औरंगजेब से लड़ाई करने के लिए भेजा था।
1689- फ्रांस ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1923- डाइबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए इन्सुलिन बाजार में उपलब्ध हुआ।
1940- भारत के प्रसिद्ध सारंगी वादक और शास्त्रीय गायक सुल्तान खान का जन्म।
1948- हिमाचल प्रदेश का गठन।
1976- भारत ने 15 साल में पहली बार बीजिंग में अपना दूत भेजने की घोषणा की।
1980- छह गैर-सरकारी बैंक राष्ट्रीयकृत किए गए। इससे पहले भी कुछ बैंक इसी तरह राष्ट्रीयकृत किए गए थे।
1981- पाकिस्तान एयरवेज के अगवा बोईंग 720 विमान को दो सप्ताह की कोशिशों के बाद सीरिया में छुड़ा लिया गया। इस विमान और इसमें सवार 147 लोगों को छुड़ाने के लिए पाकिस्तान सरकार को जेल में बंद 54 लोगों को छोड़ना पड़ा।
1990- मिखाइल गोर्बाच्योव सोवियत संघ के पहले और अंतिम राष्ट्रपति बने।
1994- भारत ने 124 अन्य देशों के साथ जनरल एग्रीमेंट ऑफ ट्रेड एंड टैरिफ (जीएटीटी) पर हस्ताक्षर किए।
2004- फ्रांस के राष्ट्रपति जॉक शिराक ने उस कानून पर हस्ताक्षर किए, जिसके माध्यम से सरकारी स्कूलों में किसी भी तरह के धार्मिक चिह्न पहनने पर पाबंदी लगा दी गई।

**आरोप** *गाजा के अस्पताल को निशाना बनाने पर मिस्र ने की इजरायल की निंदा, कहा*

# इजरायल सभी वैश्विक नियमों का कर रहा उल्लंघन

**काहिरा,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। मिस्र ने गाजा के अल-अहली अरब अस्पताल पर हुए इजरायली हवाई हमले की कड़ी निंदा की है। मिस्र ने इस हमले को अंतरराष्ट्रीय मानवता कानून और सभी वैश्विक नियमों का गंभीर उल्लंघन बताया है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, मिस्र के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर गाजा पट्टी पर हो रहे सभी इजरायली हमलों को तुरंत रोकने की मांग की है। मिस्र ने वहां फंसे लोगों तक जल्दी से जल्दी मानवीय मदद और राहत सामग्री पहुंचाने की भी अपील की है। मिस्र ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वो दुश्मनी खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाए।

खास तौर पर उसने युद्धविराम समझौते को दोबारा शुरू करने और तनाव कम करने के लिए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलकर काम करने की जरूरत पर बल दिया है। इससे पहले, इजरायली सेना ने कहा कि उसने अस्पताल के परिसर में मौजूद हमास के कमांड और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया था। एक संयुक्त बयान में इजरायली सेना और सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि हमास इस जगह का इस्तेमाल आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उनका समन्वय करने के लिए कर रहा था।

एक मेडिकल स्टाफ सदस्य ने अपना नाम न बताने की शर्त पर सिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना ने हमले से थोड़ी देर पहले ही अस्पताल खाली करने की चेतावनी दी थी। यह हमला



अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर और ऑक्सीजन बनाने वाली यूनिट पर हुआ, जिससे अस्पताल के कई हिस्सों को भारी नुकसान पहुंचा। इजरायल ने जनवरी में हमास के साथ हुआ युद्धविराम समझौता खत्म कर दिया और 18 मार्च को गाजा में फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, 7 अक्टूबर 2023 को संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक 50,944 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

## गाजा में तुरंत खत्म हो युद्ध, इजरायल के भीतर उठी आवाज

**यरूशलम।** इजरायल की मोसाद खुफिया एजेंसी के 250 से अधिक पूर्व अधिकारियों ने सरकार से गाजा पट्टी में युद्ध को तुरंत समाप्त करने की अपील की। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज के मुताबिक पूर्व अधिकारियों ने सरकार को पत्र लिखकर यह मांग की। रिपोर्ट के अनुसार, हस्ताक्षरकर्ताओं में मोसाद के तीन पूर्व प्रमुख डैनी याटोम, एफ्रेम हेलेवी और तामीर पार्डो के साथ-साथ दर्जनों अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। मोसाद के पूर्व सदस्यों ने कहा कि लगातार लड़ाई बंधकों और हमारे सैनिकों के जीवन को खतरे में डाल रही है। इस पीड़ा को समाप्त करने वाले समझौते तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए।

## दुनिया को जानें

### डब्ल्यूएचओ ने पोलियो को लेकर पाकिस्तान पर यात्रा प्रतिबंध बढ़ाया

**इस्लामाबाद,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पोलियो को लेकर चिंताओं के कारण पाकिस्तान पर यात्रा प्रतिबंधों को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह निर्णय छह मार्च को आयोजित आपातकालीन समिति की 41वीं बैठक के दौरान लिया गया। पोलियो प्रभावित देशों के अधिकारियों ने वर्चुअली इस बैठक में भाग लिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, समिति ने पोलियो के वैश्विक प्रसार, पाकिस्तान की स्थिति और वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए सरकार के प्रयासों की समीक्षा की।

निष्कर्षों में कहा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान वैश्विक स्तर पर किए जा रहे पोलियो उन्मूलन प्रयासों के लिए खतरा बने हुए हैं। दोनों देशों को पोलियो वायरस के वैश्विक प्रसार के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। इस वर्ष अब तक पाकिस्तान में पोलियो के छह पुष्ट मामले सामने आए हैं। पिछले साल 74 मामले सामने आए थे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान में डब्ल्यूपीवी1 के प्रसार पर चिंता व्यक्त की और कहा कि यह वायरस अब वैश्विक स्तर पर दो देशों तक ही सीमित है।

# प्रादेशिकी

## आप विपक्षी नेताओं को खत्म करना चाहती है : चीमा

**अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने सोमवार को कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान कानून-व्यवस्था की स्थिति को काबू करने के बजाय विपक्षी नेताओं को निशाना बना रहे हैं और यह बात जोध सिंह समरा के पेट्रोल पंप पर हुए ताजा हमले ने साबित कर दिया है कि आम आदमी पार्टी (आप) विपक्षी पार्टी के नेताओं को खत्म करना चाहती है। श्री मजीठिया ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते कहा कि गैंगस्टर विपक्षी नेताओं को खुलेआम निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजीठा हलके के कलेर मांगट गांव के पेट्रोल पंप पर हमला इसीलिए हुआ, क्योंकि यह पंप शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्य जोध सिंह समरा का था,जो उनके करीबी सहयोगी है और अजनाला हलके के अकाली दल के प्रभारी हैं। उन्होंने कहा कि हमला देर रात पंप बंद होने के बाद हुआ। हमलावरों ने अपनी बाइक सड़क पर खड़ी कर अंधाधुंध फायरिंग की जिसमें एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

# धामी को यूसीसी लागू करने के लिए किया सम्मानित

■ सीएम बोले हरिद्वार में बाबा साहब समरसता स्थल का होगा निर्माण

■ अमरनाथ तिवारी




**हरिद्वार,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए डॉ. बी.आर. अंबेडकर महामंच द्वारा हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर हरिद्वार में बी.एच.ई.एल मैदान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कि चिलचिलाती धूप में बडी संख्या में स्थानीय जनता की जोशपूर्ण मौजूदगी रही। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सम्मान के लिए आभार जताते हुए कहा कि इतनी बडी संख्या में उमडी जनता से जाहिर है कि जनता ने इस साहसिक फैसले पर अपना भरोसा जता दिया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि उस विचारधारा को था जिसने वर्षों से भारतीय समाज में न्याय और समानता की आवाज़ बुलंद की है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री धामी ने बाबा साहेब को एक युगदृष्टा बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर इस बात में विश्वास रखते थे कि जब तक देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्राप्त नहीं होते, तब तक समाज में सच्ची समानता संभव नहीं है। यही सोच थी, जिसने उन्हें समान नागरिक संहिता जैसी क्रांतिकारी अवधारणा को संविधान में स्थान देने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उत्तराखंड सरकार ने सिर्फ एक कानून नहीं लागू किया, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वर्षों तक बाबा साहेब की उपेक्षा की गई, उनके विचारों को हाशिए पर रखा गया, जबकि आज का भारत उनके सपनों को अपनाने की ओर अग्रसर है। यह नया भारत है कृ जो न सिर्फ अपनी विरासत को सम्मान देता है, बल्कि साहसिक निर्णय लेकर नए मानदंड भी स्थापित करता है। सीएम ने कहा कि हरिद्वार में उमड़ी यह भीड़ केवल उपस्थित लोगों का जमावड़ा नहीं हैकृ यह एक जनआवाज़ है, जो कह रही है कि मुख्यमंत्री धामी के फैसलों पर जनता का भरोसा है और अब यह गूंज उत्तराखंड से निकलकर पूरे देश में सुनाई दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और हमारी दृढ़ इच्छाशक्ति ने मिलकर यह ऐतिहासिक निर्णय संभव किया है। उत्तराखंड आज एक बार फिर देश को दिशा दिखा रहा है कृ जहां समानता अब सिर्फ किताबों में नहीं, बल्कि कानून की शक्ल में ज़मीन पर उतर चुकी है। यह सिर्फ एक कानून लागू करने की बात नहीं, यह एक नए भारत की ओर बढ़ाया गया निर्णायक कदम है। मुख्यमंत्री धामी ने आने वाले पीढ़ी को अनुसूचित समाज का उद्धार करने वाले समाजसेवकों के जीवन चरित्र और इतिहास के साथ-साथ भारतीय संविधान के बारे में जानकारी देने के लिए हरिद्वार में बाबा साहब समरसता स्थल का निर्माण किए जाने।

### यूसीसी में हर धर्म व वर्ग का रखा गया ख्याल

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री ने कहा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान निर्माता के रूप में समान नागरिक संहिता को संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में सम्मिलित किया था। वो भली भांति जानते थे कि भारत और भारतीय समाज के लिए समान नागरिक संहिता बेहद आवश्यक है। उन्होंने समान नागरिक संहिता को कानूनी, सामाजिक आवश्यकता के साथ नैतिक आवश्यकता भी माना। बाबा साहेब ने हमेशा सभी जाति, धर्म के लोगों के लिए एक समान कानून की बात को प्राथमिकता दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा समान नागरिक संहिता का उद्देश्य समाज में समुदायों के लिए अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों के कारण भेदभाव, असमानता और अन्याय की स्थिति खत्म करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा समाज की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा राज्य में यूसीसी लागू होने के बाद महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा यूसीसी के माध्यम से उत्तराखंड की मुस्लिम बहन-बेटियों को इद्दत, बहुविवाह, बाल विवाह और तीन तलाक जैसी कुरीतियों से मुक्ति मिली है। अब किसी भी महिला को उत्तराधिकार या संपत्ति के अधिकार में भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### लोगों ने पुष्प वर्षा कर सीएम का किया स्वागत

**हरिद्वार।** कार्यक्रम से पूर्व बीएचईएल मैदान से केंद्रीय विद्यालय परिसर तक आयोजित रैली में हजारों की संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री पर पुष्प वर्षा कर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ बी.आर अम्बेडकर को नमन करते हुए कहा कि डॉ बी.आर अम्बेडकर ने हमारे समाज को समानता, समरसता और न्याय का मार्ग दिखाया। आज भी बाबा साहेब हमारी सामूहिक चेतना का अभिन्न हिस्सा हैं। उनका संपूर्ण जीवन ही हमारे लिए एक संदेश है। उन्होंने गुलाम भारत में जन्म लेकर अपने ज्ञान और संकल्प से स्वयं के साथ करोड़ों लोगों के जीवन को भी बलदने का काम किया है। उन्होंने अन्य लोगों को न्याय की राह दिखाई। उन्होंने कहा समाज के वंचित वर्ग को मुख्य धारा में लाने के लिए बाबा साहेब का संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने कहा भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहेब के योगदान के लिए हर देशवासी सदैव उनका आभारी रहेगा। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना में न्याय, स्वतंत्रता, समानता भारतीय गणराज्य के मूल स्तंभ को रखा। बाबा साहब ने ऐसे भारत की परिकल्पना की जिसमें सभी वर्गों को समान अधिकार, समान अवसर और समान गरिमा प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आजादी के बाद उत्तराखंड में सबसे पहले समान नागरिक संहिता लागू कर बाबा साहेब के सपनों के भारत के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# सामाजिक न्याय के योद्धा हैं बाबा साहब : जयराम ठाकुर



कांग्रेस ने सदा बाबा साहेब का अपमान किया

**शिमला,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बाबा साहेब की जयंती पर शिमला के चौड़ा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा साहेब आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और स्वास्थ्य एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम सांडिल भी उनके साथ उपस्थित रहे। मीडिया से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब का योगदान देश की आजादी की लड़ाई के साथ-साथ आजादी के बाद देश की चुनौतियों से निपटने में भी रहा। आजादी के बाद भारत को एक लोकतांत्रिक देश बनाने के साथ-साथ एक सर्वाग्रही, सर्व समावेशी, सर्वहितकारी विधान बनाने का दायित्व भी मिला। संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने यह दायित्व पूरी निष्ठा के साथ पूरा किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन सामाजिक न्याय और समानता के हितों की रक्षा करते और शोषण के विरुद्ध लड़ते हुए बीता। बाबासाहेब आधुनिक भारत के सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। देश के वंचित- शोषित समुदाय के हकों के लिए उन्होंने पूरी जिंदगी संघर्ष किया, आवाज उठाई और लोगों को उनका हक दिला कर रहे। बाबा साहेब के दिखाए गए रास्ते ही शोषण मुक्त, समानता और समरसता युक्त आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं। उनका जीवन दर्शन और शिक्षाएं हमेशा लोगों का पथ प्रदर्शन करता रहेगा। एक बेहद सामान्य परिवार से उठकर देश दुनिया की उच्चतर शिक्षा हासिल करना और अपनी सारी ऊर्जा वंचितों के हक की लड़ाई में लगाना किसी महामानव का ही कार्य हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव बाबा साहब के खिलाफ साजिशें रची। उनका अपमान किया। उनकी क्षमताओं का, उनकी शिक्षा का लाभ देश को नहीं उठाने दिया। उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर रखने और लोक सभा का उपचुनाव हराने के लिए साजिशें रची। 1952 के लोक सभा उपचुनाव में 74333 मतों को अमान्य करवाकर कांग्रेस ने पहली बार जनादेश की लूट का प्रयास किया।

## सार संक्षेप

### ठेकेदार से 10 प्रतिशत कमीशन मांगने के आरोप में एसई गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने नगर निगम लुधियाना में तैनात सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर (एसई) संजय कंवर को सोमवार को एक ठेकेदार से कमीशन मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया। ब्यूरो प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तारी लुधियाना के एक ठेकेदार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत की जांच के बाद की गई है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया कि उसने नेहरू रोज गार्डन, सिविल लाइन्स, लुधियाना में पुनर्निर्माण परियोजना के लिए टेंडर की आवेदन दिया था और उक्त आरोपी एसई ने उसे यह टेंडर आवंटित करने के बदले में 10 प्रतिशत कमीशन के रूप में रिश्वत मांगी। रिश्वत मांगने की बातचीत शिकायतकर्ता ने रिकॉर्ड कर ली थी और प्रमाण स्वरूप विजीलेंस ब्यूरो को सौंप दी गई। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी एसई संजय कंवर के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत विजीलेंस ब्यूरो के थाना लुधियाना रेंज में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी को कल सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा और इस मामले की आगे की जांच जारी है।

### हल्द्वानी में दूसरे दिन भी चार अवैध मदरसे सील

**नैनीताल।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में अवैध रूप से संचालित मदरसों के खिलाफ दूसरे दिन सोमवार को भी अभियान चलाया गया और चार मदरसों को सील किया गया। अपर जिलाधिकारी विवेक कुमार रॉय के नेतृत्व में सोमवार को भी जिला प्रशासन की ओर से अभियान चलाया गया। दो दिन में 17 मदरसों को सील किया गया है जबकि एक का अधिग्रहण किया गया है। कल यानी रविवार को 13 मदरसों को सील किया गया था। श्री राय के अनुसार नैनीताल जिले में अभी तक बिना पंजीकृत 21 मदरसे पर कार्रवाई की गई है। हल्द्वानी के अलावा कालाढूंगी में भी जिला प्रशासन की ओर से तीन मदरसों को सील किया गया है।

### नूंह : खड़े ट्रक से टकराया कैंटर, दो लोगों की मौत

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले में सोमवार को एक कैंटर खड़े ट्रक से जा टकराया जिसमें चालक और सहायक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि केले से लदा हिमाचल नंबर का कैंटर दिल्ली की आ रहा था। जब कैंटर पिनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत उमरी पुल से उजीना की ओर जा रहा था तो सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। उन्होंने बताया कि मृतक हिमाचल के रहने वाले थे।

# उत्तराखंड मे यूटिलिटी यमुना नदी में समाई, तीन की मौके पर मौत

■ उत्तरकाशी की डामटा क्षेत्र के चामी में हुई दुर्घटना




**देहरादून,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य में सड़क हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं, कभी पहाड़ों से तो कभी तराई के इलाकों से दुखद खबर सामने आ रही है ताजा मामला जनपद उत्तरकाशी के डामटा क्षेत्रांतर्गत चामी के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। एसडीआरएफ ने 3 व्यक्तियों के शव बरामद किए है। सोमवार को थाना पुरोला के माध्यम से एसडीआरएफ टीम को सूचना दी गई कि डामटा पास एक यूटिलिटी संख्या एचपी 17 जी 0319 दुर्घटनाग्रस्त हो गई है,जिसमें रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है।

सूचना प्राप्त होते ही पोस्ट बड़कोट से एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक नवीन कुमार के नेतृत्व में आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। इस वाहन विकासनगर से परचून का सामान लेकर पुरोला- मोरी की तरफ जा रहा था, जो डामटा क्षेत्र में चामी के पास अनियंत्रित होकर यमुना नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में तीन व्यक्ति सवार थे जिनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु ही गई थी। एसडीआरएफ टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन से तीनों व्यक्तियों के शवो को स्ट्रेचर के माध्यम से मुख्य मार्ग तक पहुंचाया तथा अग्रिम कार्यवाही के लिए जिला पुलिस के सुपुर्द किया।

### मृतकों का नाम

1. नौशाद पुत्र नूर मोहम्मद, निवासी जीवनगढ थाना विकासनगर देहरादून।
2. प्रवीण जैन पुत्र चमन लाल, निवासी जीवनगढ़ थाना विकासनगर देहरादून।
3. अजय शाह पुत्र बरगी नाथ, निवासी चौबेया थाना सासाराम जिला रोहतास बिहार। हाल पता- जीवनगढ़ थाना विकास नगर देहरादून।

## हिसार एयरपोर्ट, यमुनानगर थर्मल पावर प्लांट कांग्रेस सरकार की देन : हुड्डा

**चंडीगढ़,** 14 अप्रैल (एजेंसियां) कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने सोमवार को हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि हिसार एयरपोर्ट हो या यमुनानगर का थर्मल पावर प्लांट ये सब काम कॉंग्रेस सरकार की देन है। उन्होंने यहाँ जारी बयान में कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार की कैबिनेट ने हिसार और करनाल एयरपोर्ट और महम इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 2013 में मंजूर किया था। हिसार एयरपोर्ट तीन साल में बनकर तैयार हो जाना था, लेकिन मंजूरी तिथि के 11 साल बाद और कई बार अलग-अलग मौकों पर उद्घाटन कराने के बाद अब अब आनन-फानन में प्रधानमंत्री से फिर उद्घाटन कराया गया। जबकि करनाल एयरपोर्ट का काम आज भी ठंडे बस्ते में है। उन्होंने कहा कि हिसार एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की व्यवस्था तक नहीं है, और तो और हाल ही में एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल के निर्माण में 180 करोड़ रुपये का घोटाला उजागर हुआ।

## सुक्खू ने पांगी क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपए की विकासात्मक परियोजनाएं समर्पित की



**किलाड,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज जिला चम्बा के पांगी प्रवास के दौरान क्षेत्रवासियों के लिए करोड़ो रुपये लागत की 14 विकासात्मक परियोजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए।

मुख्यमंत्री किलाड़ में 3.75 करोड़ रुपए लागत के कृषि विभाग के आवासीय कमरों, राजकीय उच्च विद्यालय लुज में 1.5 करोड़ रुपए लागत से बनने वाले अतिरिक्त कमरों, राजकीय उच्च विद्यालय मिंधल में 1.5 करोड़ रुपए की लागत के अतिरिक्त कमरों, किलाड़ में 2.13 करोड़ रुपए की लागत के मार्केट यार्ड, किलाड़ में 49.42 लाख रुपये लागत के राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के नए कार्यालय, 1.99 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले स्वास्थ्य उप-केन्द्र रेई तथा 1.99 करोड़ रुपए की लागत के स्वास्थ्य उप-केन्द्र हुडान का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री 20.88 करोड़ रुपए लागत से निर्मित मिनी सचिवालय भवन किलाड़, 5.62 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आईटीआई भवन किलाड़, किलाड़ में 5.29 करोड़ रुपये लागत से निर्मित बस स्टेंड, किलाड़ में 2.98 करोड़ रुपये की लागत से बस स्टेंड के लिए वैकल्पिक मार्ग, 19.83 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नागरिक अस्पताल किलाड़ का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री किलाड़ में हि.प्र. राज्य सहकारी बैंक के एटीएम का शुभारम्भ किया तथा किलाड़ में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह परिसर में पौध रोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

## सैनी ने हिसार हवाई अड्डे में लगाई प्रदर्शनी का किया उदघाटन

**चंडीगढ़,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोमवार को हिसार हवाई अड्डे पर लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।



श्री सैनी ने कहा कि हरियाणा ने विकास का एक नया आयाम स्थापित किया है। सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी प्रदेश के विकास की गाथा का सटीक वर्णन करती है। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी भी मिल रही है।

## नेहरू ने अंबेडकर को किया अपमानित, जबकि पीएम मोदी ने किया सम्मानित : कंगना रनौत

■ कांग्रेस ने हमेशा लोगों को मूर्ख बनाने का काम किया है : कंगना रनौत



**मंडी,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अंबेडकर जयंती के अवसर पर देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी बीच मंडी की लोकसभा सांसद एवं भाजपा नेता कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने का आरोप लगाया। कंगना ने कहा कि पीएम मोदी ने अंबेडकर को सम्मानित किया। मंडी लोकसभा क्षेत्र में अंबेडकर जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की सत्ताधारी और देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधा। कंगना रनौत ने कांग्रेस पर जुबानी हमला करते हुए बोला कि कांग्रेस ने हमेशा लोगों को मूर्ख बनाने का काम किया है और अब यह पार्टी संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की किताब हाथ में लेकर वोट बैंक की राजनीति कर रही है। भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने का काम किया था, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें उनके पंच तीर्थ स्थानों को पूजनीय घोषित कर सम्मानित किया।

## गुरुवार को सामूहिक विरोध प्रदर्शन करेंगे अध्यापक संगठन

**सिरसा,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, विद्यालय अध्यापक संघ व हसला ने सोमवार को जारी संयुक्त ब्यान में कहा कि सरकार व शिक्षा विभाग के अव्यवहारिक निर्णयों का सब संगठन मिलकर विरोध करेंगे।

शिक्षक संगठनों के नेताओं ने कहा कि हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर टीचर डायरी लिखने के आदेश दिए गए हैं, जो कि पूरी तरह से अव्यवहारिक हैं व अध्यापकों को अधिक से अधिक समय तक शिक्षण के अतिरिक्त अन्य कामों में उलझाए रखने का षडयंत्र है, जिसके विरोध स्वरूप तीनों संगठन 17 अप्रैल को अपराहन तीन बजे से शाम पांच बजे तक लघु सचिवालय परिसर में विरोध प्रदर्शन करेंगे व जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

## सुडोकू 6883 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 |
| 8 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 8 | 1 | 3 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 |
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 1 |

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली : डॉ. राज कुमार वेरका ने भाजपा और आप पर साधा निशाना

■ कांग्रेस ने बाबा साहेब की जयंती पर पूरे देश में 135 रैलियां आयोजित कीं : वेरका



**अमृतसर,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक डॉ. राज कुमार वेरका ने 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर अमृतसर में आयोजित 'संविधान बचाओ रैली' में केंद्र और पंजाब सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने बीजेपी और आम आदमी पार्टी (आप) पर संविधान विरोधी काम करने और भाईचारा तोड़ने का आरोप लगाया। वेरका ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब की जयंती पर पूरे देश में 135 रैलियां आयोजित कीं। उन्होंने कहा कि आज बाबा साहेब का 135 वां जन्मदिन है। 170 देशों में उनका जन्मदिन मनाया जा रहा है। उन्होंने हमें संविधान दिया, जो सभी को बराबरी का हक देता है। लेकिन बीजेपी और आप की सरकारें इसे कमजोर करने में लगी हैं। उन्होंने कहा कि वेरका ने अमृतसर पश्चिम हलके में आयोजित रैली को संविधान की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर गंभीर आरोप लगाए। वेरका ने कहा, 'पिछले साल 14 अप्रैल को भगवंत मान ने पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को परेशान किया, ताकि वे बाबा साहेब की जयंती न मना सकें। इस बार भी प्रकाश सिंह बादल को समन भेजकर आप सरकार ने अपना असली चेहरा दिखाया। यह संविधान और भाईचारे के खिलाफ है। उन्होंने बीजेपी पर भी लोगों को बांटने और संविधान को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और भगवंत मान की सरकार मिलकर भाईचारा तोड़ रही है। ये लोग समाज में नफरत फैलाना चाहते हैं। वेरका ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका संविधान देश की एकता और समानता की नींव है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के सपनों को कोई नहीं मिटा सकता। कांग्रेस उनकी विचारधारा को मजबूत करने के लिए हमेशा लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि रैली में भारी भीड़ ने बाबा साहेब के प्रति सम्मान जताया और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।

# 'टोपी पहनकर गुंडागर्दी कर रहे हैं टीएमसी के कार्यकर्ता' : शादाब शम्स



**देहरादून,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा पर उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने दुख जताया। उन्होंने मुर्शिदाबाद हिंसा की तुलना अराजकता से की और टीएमसी पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि पश्चिम बंगाल में जो कुछ हो रहा है, वह पूरी तरह से अराजकता है। टीएमसी के गुंडे टोपी जैसे धार्मिक प्रतीकों और अपने राजनीतिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए वक्फ का इस्तेमाल कर रहे हैं। मेरा मानना है कि आखिरकार उन सभी का पर्दाफाश होगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ममता दीदी को लगता है कि ऐसा करके वह अपना वोट बैंक मजबूत कर सकती हैं और किसी तरह फिर से सत्ता हासिल कर सकती हैं, लेकिन देश देख रहा है कि वहां टीएमसी के कार्यकर्ता टोपी पहनकर किस तरह की गुंडागर्दी कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये पॉलिटिकल मुसलमान हैं, जो वक्फ कानून का विरोध कर रहे हैं और गरीब मुसलमानों का नाम बदनाम कर रहे हैं, क्योंकि गरीब मुसलमान का इस हिंसा से कोई लेना-देना नहीं है। मैं इतना ही कहूंगा कि जिस समुदाय के पास वक्फ की अरबों-खरबों की संपत्ति हो, पश्चिम बंगाल के अंदर उसके लोगों का हाल बेहाल है। टीएमसी की छाया में जो वक्फ माफिया फल-फूल रहा है, वह वहां अपना नंगा नाच दिखा रहा है। हमें उम्मीद है कि पश्चिम बंगाल के गरीब मुसलमानों को न्याय मिलेगा। शादाब शम्स ने आरोप लगाते हुए कहा कि वक्फ को लूट का अड्डा बना रखा है। वक्फ माफियाओं का राज चल रहा है और उनका इंतजाम करना बहुत जरूरी है।

# प्रादेशिकी

## सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई आंबेडकर की जयंती


**फर्रुखाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। सोमवार को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक समरसता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के सभी विधानसभाओं में आंबेडकर प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान, संगोष्ठी एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित हुए। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने आवास विकास स्थित लोहिया अस्पताल में मरीज को फल वितरण किया। फतेहगढ़ मंडल में भोलेपुर जेएनवी रोड तिराहे पर स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया इसके उपरांत आंबेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कि पूरे जनपद में आंबेडकर जयंती को श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

# समयबद्ध व सहज न्याय प्राथमिकता : योगी

■ **केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण लखनऊ खंडपीठ के उद्घाटन कार्यक्रम में की शिरकत**

**लखनऊ,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन की पहली शर्त है रूल ऑफ लॉ। यह समयबद्ध, सहज और सरल हो और एक कॉमन मैन के साथ सामान्य कार्मिक वहां तक पहुंच बना सके। उसकी समय पर सुनवाई और मेरिट के आधार पर मामलों का निस्तारण हो, यह जरूरी है। आज का दिन हम सभी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण क्योंकि भारत के संविधान के शिल्पी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पावन जयंती को दलित, वंचित और समाज के उपेक्षित वर्ग को न्याय दिलाने के महामानव के रूप में मनाते हैं। इसको लेकर सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है। हमारे न्यायालय में बहुत मामले लंबित पड़े हुए हैं।

इन लंबित मामलों के लिए कोर्ट के अनावश्यक समय को जाया ना करना पड़े, इसके लिए ट्रिब्यूनल के स्तर पर मामलों की अलग से सुनवाई हो। इस मंशा के अनुरूप ट्रिब्यूनल ने देश में अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) लखनऊ खंडपीठ के उद्घाटन कार्यक्रम में कही। इस दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ट्रिब्यूनल समयबद्ध तरीके से संबंधित पक्षों को मेरिट के स्तर पर न्याय प्रदान कर सके, यह सरकार की प्राथमिकता में है। कैट की भूमिका भी ऐसी ही है। केंद्रीय सरकार से जुड़े हुए विभिन्न सरकारी उपक्रम और शासकीय व्यवस्था से जुड़े हुए अधिकारियों और कार्मिकों को किसी स्तर पर न्याय नहीं मिल पाया, उनके लिए प्लेटफॉर्म देने और समय पर न्याय देने में कैट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



**कार्मिकों को प्लेटफॉर्म देने और समय पर न्याय देने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा कैट : योगी आदित्यनाथ**

उन्होंने कहा कि फुल बेंच हो या सर्किट बेंच अगर उनके पास कोई भी संसाधन नहीं है तो वहां दूसरों को न्याय प्रदान करने के लिए कितने एग्रेसिव तरीके से अपने कार्य को आगे बढ़ा पाएंगे, इसकी सहज कल्पना की जा सकती है। आज यहां पर 16 जनपदों के केंद्रीय कार्मिकों के लिए कैट की व्यवस्था की गई है। यहां शानदार भवन बना करके तैयार हो गया है। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप किसी मजबूरी में कार्मिकों यहां आना पड़ा तो उन्हे न्याय उपलब्ध कराने में कैट महत्वपूर्ण भूमिका का निर्माण करेगा। सीएम ने कहा कि वर्ष 2014 से 2025 के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप लखनऊ पीठ ने 10 वर्षों में कुल 6,700 मामलों में से 6,000 से अधिक मामलों का निस्तारण किया है, इसको अभी और तेज किया जा सकता है।

### योगी के प्रयासों से कैट का भवन बनकर हुआ तैयार

केंद्रीय मंत्री डॉ.जितेंद्र सिंह ने सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि सीएम योगी के प्रयासों से ही कैट का भव्य भवन बनकर तैयार हुआ है क्योंकि आपकी ही सरकार में जमीन के ट्रांसफर का काम शुरू हुआ। सीएम ने 1,825 स्क्वायर फीट जमीन देने में सरकार ने तनिक भी देर नहीं लगायी। इस पर 18 करोड़ का निर्माण कार्य हुआ। यह सारा काम आपके सीएम योगी सहयोग से भी संपन्न हुआ है।

उन्होंने कहा कि बहुत सारे मामलों में दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठा कर सुना जाए तो ऐसे ही बहुत सारे मामलों का निस्तारण हो सकता है। प्रदेश में वर्ष 2017 में राजस्व के 33 लाख मामले लंबित थे। इन बहुत सारे छोटे मामले थे।

इस पर सरकार ने इन मामलों को मेरिट के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इन मामलों को लेकर टाइम बाउंड किया गया। इसकी जवाबदेही के साथ ऑनलाइन मॉनीटरिंग की जाने लगी। पिछले आठ वर्षों में 34 लाख मामलों को निस्तारण किया गया जबकि पिछले 8 वर्षों में 10 लाख नये मामले आए। इन मामलों को भी टाइमलाइन के अनुसार निस्तारित किया जा रहा है। इससे सरकार के साथ कर्मचारियों को भी राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि मुझे नव निर्मित भवन से कार्मिकों को समय पर न्याय मिलने के साथ शासन के अनावश्यक बोझ को भी कम करने में मदद मिलेगी।

## मकान की दीवार में दबकर दो राजमिस्त्री की मौत

**फर्रुखाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। निहास खोदने के दौरान अचानक पड़ोसी की दीवार गिरने से दबे दो राजमिस्त्री घायल हो गए, उन्हें जेसीबी की मदद से निकाला गया। पुलिस ने उन्हें लोहिया अस्पताल भेजा। जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। थाना कादरी गेट के मोहल्ला अल्लानगर बढ़पुर में राघव दुबे निवासी अड़ियाना के प्लाट में निहास की खुदाई का कार्य चल रहा था । उसी दौरान अचानक पड़ोस के पूर्व सैनिक अमरीश तिवारी के प्लाट की निहास की दीवार भरभरा कर कार्य कर रहे राजमिस्त्री पर गिर गई। जिसमें कई मजदूर भी चपेट में आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची और कड़ी मशक्कत के बाद 50 वर्षीय इशरत पुत्र अशरफ निवासी लालबाग अड़ियाना व 50 वर्षीय रंजीत पुत्र राजा राम जाटव निवासी बालिस्टर वाली गली बढ़पुर को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया। जहां चिकित्सक प्रमोद वर्मा ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व एसपी आलोक प्रियदर्शी, एसडीएम सदर रजनीकांत ने मौके पर आकर जांच की। मृतक रंजीत की पत्नी लक्ष्मी, इशरत की पत्नी जमीला बेगम आदि का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी नें बताया कि दो राजमिस्त्री की दीवार गिरनें से मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीपदान किया

**मेरठ,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। सरधना नगर मंडल में भारतीय संविधान के रचयिता परम श्रद्धये भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा साहेब की प्रतिमा को सफाई कर पुष्पांजलि एवं दीपदान का कार्यक्रम किया गया। इसके बाद में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा ने कहा कि भारत रत्न बालासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी भारतीय संविधान के रचयिता के रूप में जाने जाते हैं। वे दूरदर्शी नेता समाज सुधारक विद्वान थे, जिनके योगदान ने आधुनिक भारत को आकार दिया। बाबा साहेब ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व पर आधारित लोकतांत्रिक ढांचे की नींव रखी। सामाजिक न्याय के दृढ़ समर्थन डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपना जीवन जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करने और वंचित समुदाय को सशक्त बनाने के लिए समर्पित कर दिया। समावेशी विकास सशक्तिकरण और प्रगति बाबा साहेब की विरासत है। बाबा



■ **गोष्ठी का भी किया गया आयोजन**

साहेब ने स्कूल कॉलेज शिक्षण संस्थान की स्थापना करके दलित वंचित समुदाय को शिक्षा का अधिकार दिलाकर समाज में भेदभाव समाप्त किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सूर्य देव त्यागी, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा मोहन गुर्जर, मंडल अध्यक्ष आलोक जैन, महिला मंडल अध्यक्ष पिंकी सोम, जिला मीडिया प्रभारी संजीव राणा, शालिनी सैनी, शानू जैन, सुमित महामंत्री, मंगू प्रधान, ओम कुमार पुंडीर, शिवकुमार जैन, रामकुमार प्रजापति, राहुल पाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### जनसुनवाई करने पहुंचेगी राज्य महिला आयोग की सदस्या

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्या मनीषा अहलावत द्वारा16 को प्रातः 11 बजे सर्किट हाऊस मेरठ में जनसुनवाई की जाएगी।

### फूड विभाग की टारगेट बेस सैंपलिंग बंद करने की मांग

**मेरठ।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश पंजीकृत के पुनः निर्वाचित अध्यक्ष ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित अधिवेशन को संबोधित कर कहा कि प्रदेश सरकार में सर्वाधिक भ्रष्ट विभाग फूड विभाग है। इसके व्यापारी उत्पीड़न व भ्रष्टाचार रुपी पाप का घडा अब भर चुका है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इस पाप के घड़े को फोड़कर व्यापारी को इससे मुक्ति दिलाएगा। सरकार द्वारा फूड एक्ट में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से टारगेट बेस पर सैंपलिंग कराई जा रही है जबकि सेंपलिंग घटिया सामान या मिलावट के आधार पर होनी चाहिए। अधिकारियों को सैंपलिंग के लंबे चौड़े टारगेट दिए गए।

### राज्य मंत्री ने किया बाबा साहब की शोभा यात्रा का उद्घाटन

**मवाना।** संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती नगर में धूमधाम के साथ मनाई गई। आयोजित कार्यक्रमों में राज्य मंत्री दिनेश खटीक व श्री प्रेमानंद महाराज जी ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। सोमवार सुबह जयंती पर नगर के आंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की 134 वीं जयंती मनाई गई। भगवान बुद्ध वंदना के उपरांत बाबा साहेब के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। सुनीत कुमार उर्फ काकी, रमेश चंद्र जाटव, रवि कुमार कार्ड वाले, विनोद जाटव, जयचंद फोजी, संजीव गौतम आदि ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। शाम 6 बजे आंबेडकर शोभायात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ राज्यमंत्री दिनेश खटीक सुमित कुमार विनोद कुमार जाटव रवि कार्ड वाले रमेश चंद्र जाटव ने फीता काटकर किया।

### कांग्रेसियों ने किया डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन

**मेरठ।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय बुढ़ाना गेट पर विचार गोष्ठी व पुष्पाजलि अर्पित कर उनके बताये रास्ते पर चलने की सौगंध ली। सभी कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष गौरव भाटी व महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतत्त्व में पूर्वी कचहरी स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पाजलि की। कांग्रेस कार्यालय पर विचार गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गौरव भाटी व महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने संयुक्त रूप से किया तथा संचालन हरिकिशन अम्बेडकर ने किया।

# कृषि विश्वविद्यालय में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**मेरठ,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वेटरनरी क्लीनिकल सभागार में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ बाबा साहब के चित्र पर अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के अध्यक्षीय संबोधन में




विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के. के. सिंह ने बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज के अंदर फैली कुरीतियों के निवारण के लिए पुरजोर आवाज उठाई तथा महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सामाजिक न्याय, राष्ट्र धर्म के मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से उठाते हुए समाज को नई दिशा प्रदान की तथा भारतीय संविधान के निर्माण में समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान एवम हितों की रक्षा का समावेश किया, उनका जीवन हम सब के लिए अनुकरणीय है। कुलसचिव डॉ. रामजी सिंह ने कार्यक्रम के स्वागत भाषण में बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के शोषित एवम वंचित वर्ग के उत्थान में लगा दिया। डॉ. रविन्द्र कुमार ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने शिक्षा एवम राष्ट्र धर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।


# बाबा साहब का व्यक्तित्व करें आत्मसात : वीके सिंह

■ **जनपद में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती**

■ **हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान रही थीम, जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित**

■ **जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने माल्यार्पण कर बाबा साहब को किया नमन**

**मेरठ,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वतंत्रता के अमृत काल में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की थीम पर जिला मुख्यालय सहित समस्त तहसील, ब्लाक, नगर निगम, नगर पालिका, ग्राम पंचायत, स्कूल, कॉलिज आदि में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। जिलाधिकारी डा. वीके सिंह ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि



शासन के निर्देशों के क्रम में सोमवार को जनपद में सभी जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर जी भारत के संविधान के निर्माता है। हम सभी को उनकी विचारों को आत्मसात करना चाहिए। सभी लोग समाज व देश को आगे बढ़ाने का कार्य करें। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी, एमएलसी अश्वनी त्यागी तथा जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह ने अम्बेडकर चौराहा पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन मूल्यो पर प्रकाश डालते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके बताए गए मार्ग पर चलें।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है, उनका विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए व सभी को समान अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए। डॉ. भीमराव आंबेडकर का पूरा जीवन संघर्ष, सत्यनिष्ठा, लगन व वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है। जिलाधिकारी ने बाबा साहब के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि बाबा साहब के बताए गए रास्ते पर चल कर देश एवं समाज की तरक्की में अपना योगदान हमेशा देते रहना है। उन्होंने कहा कि हम सभी की यह नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ करें। जिला मुख्यालय के अतिरिक्त समस्त तहसील, ब्लाक नगर निगम, नगर पालिका, ग्राम पंचायत परिषदीय विद्यालय कॉलेज आदि में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन कर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कोभव्यता से मनाया गया।

# नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के पराक्रम ने मोइरांग से अंग्रेजों को खदेड़ा : तेजेन्द्र पाल

**मेरठ,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में मोइरांग विजय दिवस एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मांगल्या प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि आजाद हिन्द फौज की रानी झांसी रेजीमेंट की सदस्य लेफ्टिनेंट भारती आशा मोहन सहाय के सुपुत्र संजय चौधरी, वीर चक्र से सम्मानित कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी, उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह, सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने मोइरांग विजय दिवस एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने भारतीयों में देशभक्ति की अलख जलाकर मोइरांग को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कर भारत को अखंड बनाने का कार्य किया। डॉ.अतुल कृष्ण ने अपने संबोधन में देशवासियों को मोइरांग विजय



■ **असंख्य ज्ञात अज्ञात शहीदों के बलिदान से मिली आजादी : डॉ.अतुल कृष्ण**

■ **सुभारती में मोइरांग विजय दिवस एवं बाबा साहब क जयंती के कार्यक्रम में बोले अतिथि**

■ **दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ**

दिवस एवं बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती की मंगलकामनाएं दी। तेजेन्द्र पाल त्यागी ने नेताजी की साहसिक घटनाएं एवं स्वतंत्रता हेतु बनाई गई रणनीति से सभी को रूबरू कराया।

## अग्निशमन दिवस पर किया गया जागरूक

**मवाना,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। फायर स्टेशन मवाना की ओर से सोमवार को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत परेड फॉलिंग कर 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर माल वाहक जहाज की अग्नि दुर्घटना पर अग्निशमन कार्य करते हुए शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा अग्नि शमन वाहनों की रैली निकालकर लोगों को पंपलेट वितरण करते हुए, फ्लैग पिन लगाकर आग से बचाव व अग्निशमन के बारे में जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम में फायर स्टेशन मवाना प्रभारी प्रमोद कुमार तोमर व उनकी टीम द्वारा प्रभावी जागरूकता अभियान चलाकर जन सामान्य को अग्नि सुरक्षा के संबंध में सचेत किया गया। इस कार्यक्रम में फायर स्टेशन मवाना से प्रेमपाल सिंह, सचिन कुमार, ऋषियांक कुमार, रणजीत सिंह, राजीव कुमार, बबलू कुमार जयवीर सिंह, सुरेश सिंह, ओम कुमार, बिजेंद्र सिंह आदि सम्मिलित रहे।

# जिलाधिकारी ने की अंबेडकर प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई

**फर्रुखाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। शासन की मंशानुसार भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर के जन्म दिवस 14 अप्रैल भीमराव आंबेडकर जयंती राजकीय सम्मान के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी जिसके चलते विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा रविवार को जेएनवी रोड तिराहे व रजीपुर कमालगंज पहुंचकर भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर जी की मूर्ति की साफ सफाई की, इसके साथ ही कलेक्ट्रट गेट पर स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की भी साफ सफाई की गई।

डीएम ने इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों आदि की उपस्थिति में श्रमदान करते हुए लोगों से भव्यता के साथ डा. भीमराव आंबेडकर जयन्ती मनाने की अपील की। डीएम ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती के अवसर पर



■ **आंबेडकर की जयंती पर दी श्रद्धांजलि**

जनपद के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया जाए तथा कार्यक्रम को धूमधाम से आयोजित कर बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला जाए। शासन द्वारा स्वतंत्रता के अमृत काल में भीमराव आंबेडकर जयन्ती दिनांक 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक 15 दिवसीय कार्यक्रम में भागीदारी को हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की टैगलाइन के अंतर्गत विविध कार्यक्रम उत्सब के रूप में मनाए जाएं।

# अनुचित चिकित्सा लाभ प्राप्त करने को कुलपति ने दी झूठी जानकारी

■ **ओम प्रकाश सिंह**

**अयोध्या,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार पर योगी सरकार अंकुश लगाने में असहाय नजर आ रही है। कुलपतियों की मनमानी पर विधानसभा में एक सवाल पर गेंद राजभवन के पाले डाल दी गई। रामनगरी का अवध विश्वविद्यालय अवैध बनने की तरफ बुलेट ट्रेन की गति से भाग रहा है।

परीक्षा नियंत्रक के खिलाफ शासन के आदेश को वापस कर दिया गया है। कुलपति पर अपने पिता के इलाज को लेकर शासकीय धन के दुरुपयोग व बिना अवकाश मुख्यालय से बाहर रहने की शिकायत राज्यपाल से हुई है। आगरा जनपद के सिविल कोर्ट अधिवक्ता प्रभात शर्मा ने जनसूचना में प्राप्त तथ्यों के आधार पर कुलाधिपति से शिकायत किया है। आरोप है कि प्रतिभा गोयल कुलपति डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने कूटरचना, तथ्यों को छुपा कर, झूठी जानकारी व भ्रमित कर अवैध एवं अनुचित लाभ प्राप्त किया है। अनुचित चिकित्सा लाभ प्राप्त करना, सरकारी सुविधाओं का दुरुपयोग, प्रशासनिक शक्तियों के अनुचित प्रयोग की जानकारी सामने आई है। कुलपति गोयल ने सरकारी अधिकारियों की चिकित्सा के लिए बने कमान अस्पताल मध्य कमान लखनऊ के समक्ष तथ्यों को छुपा, झूठी जानकारी प्रस्तुत कर अपने पिता के लिए अनिधिकृत रूप से चिकित्सा सुविधा प्राप्त किया।

अवैध एवं अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए तथ्यों को छुपा कर गलत जानकारी प्रदान करने का यह कृत्य सरकारी नियमों का उल्लंघन है। एक उच्च पद पर आसीन व्यक्ति जिसके ऊपर भारत के भविष्य के निर्माण की जिम्मेदारी है उसके द्वारा

■ **पेंशन साठ हजार फिर भी आय के कालम में नो अर्निंग, शासकीय धन के दुरुपयोग का भी आरोप**

आपराधिक कृत्य समाज के साथ विश्वासघात एवं सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का स्पष्ट उदाहरण है।

प्रतिभा गोयल ने अपने पिता के चिकित्सा के प्रत्यावेदन में अपने पिता की आय के कलम में नाट अर्निंग लिखा है। जबकि कुलपति के पिता एक सरकारी पद से सेवा निवृत्त एवं पेंशन भोगी हैं। जनसूचना के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलपति ने इस प्रकरण से पूर्व भी अपने पिता का इलाज इसी कमान अस्पताल में करवाया था। जिसमें इन्होंने सामान्य प्रकार के प्रत्यावेदन में आंख के इलाज के दौरान पिता की आय 60000 प्रतिमाह बताया है।

कुलपति के पिता जब कमान अस्पताल में भर्ती थे तब उन्होंने लगभग 20 दिनों तक लखनऊ में रहने के लिए अपनी आधिकारिक शक्तियों का दुरुपयोग किया। इस दौरान कुलपति ने कार्यालय की विभिन्न पत्रावली लखनऊ में कई बार मंगवाए। जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा वाहन एवं व्यक्तियों का दुरुपयोग किया गया। कुलपति ने अपने व्यक्तिगत कार्य में विश्वविद्यालय के लगभग चार-पांच कर्मचारी और दो-तीन वाहन का उपयोग किया है। यह संस्थान के नियमों के विरुद्ध है और अनुचित लाभ प्राप्त करने की श्रेणी में आता है। कुलपति ने अपने कृत्य को छुपाने के उद्देश्य से ईंधन के सापेक्ष कुछ धनराशि भी विश्वविद्यालय कोष में जमा कराया है। इलाज के दौरान बीस बाइस दिन कुलपति मुख्यालय से बिना अनुमति बाहर रहीं। इतने दिवस तक लखनऊ में सरकारी वाहन अपने व्यक्तिगत प्रयोग के लिए रखने एवं सरकारी ड्राइवर एवं कर्मचारियों का व्यक्तिगत कार्य के लिए लखनऊ में रखना, अपने पद के दुरुपयोग एवं नैतिकता के सिद्धांत के विरुद्ध कृत्य है। महत्वपूर्ण यह भी है कि ड्राइवरों को वाह्य सेवा के दौरान देय भत्तों को देने से मना कर दिया गया है। उच्च पद पर रहते हुए कुलपति प्रोफेसर गोयल का यह आचरण न केवल अनैतिक है बल्कि प्रशासनिक विश्वास को भी ठेस पहुंचाता है।

इस आपराधिक श्रेणी तुल्य प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग अधिवक्ता प्रभात शर्मा ने किया है।

## कांग्रेसियों ने बाबा साहब की मनाई जयंती

**फर्रुखाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। परमपूज्य बोधिसत्व, विश्व रत्न, भारतीय संविधान के रचियता बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जयंती के शुभ अवसर पर सोमवार को फतेहगढ़ स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर तमाम साथियों के साथ माल्यार्पण कर अपने मसीहा को याद किया



और कृतज्ञता प्रकट की। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मो. रिजवान अहमद ताज, राजीव बाजपेई एवं मंजुल कुमार सहित तमाम साथी उपस्थित रहे। फतेहगढ़ कोर्ट स्थित बाबा साहेब की मूर्ति पर अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार व अन्य अधिवक्तागणओं के साथ माल्यार्पण किया। महान देशभक्त व करोड़ों करोड़ शोषितों, वंचितों सहित नारी जगत के उद्धारक आंबेडकर को कृतज्ञ राष्ट्र के करोड़ों करोड़ कृतज्ञ नागरिक उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन कर रहे हैं।




देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## 'खौफ' का किरदार कुछ अलग, मुझमें आया बड़ा बदलाव : रजत कपूर

**मुंबई।** अभिनेता-फिल्म निर्माता रजत कपूर स्टारर हॉरर सीरीज 'खौफ' रिलीज के लिए तैयार है। उत्साहित अभिनेता ने कहा कि यह उनके लिए 'एक बड़ा बदलाव' था। रजत ने बताया कि उन्हें अपकमिंग हॉरर सीरीज 'खौफ' में किस बात ने आकर्षित किया और यह किरदार उनके निभाए अब तक के किरदारों से अलग क्यों है। 'खौफ' में अपनी भूमिका के बारे में उन्होंने कहा कि यह किरदार मेरे अभी तक के निभाए सभी किरदारों से अलग है। जब मुझे फोन कॉल आया और मैंने कंटेंट को पढ़ा, तो मैं उत्साहित था। यह मेरे लिए एक बड़ा बदलाव था, जो काम मैंने पहले किया था, उससे बिल्कुल अलग।

## मेघना गुलजार की 'दायरा' में दिखेंगी करीना कपूर

**मुंबई,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेत्री करीना कपूर खान फिल्म निर्माता-निर्देशक मेघना गुलजार की अपकमिंग फिल्म 'दायरा' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। करीना के अपोजिट अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन होंगे। मनोरंजक क्राइम-



ड्रामा 'दायरा' अपराध, सजा और न्याय के बीच के संघर्ष को उजागर करती है और वर्तमान समाज की परेशानियों को पर्दे पर उतारती है। फिल्म में करीना और पृथ्वीराज अपनी मजबूत भूमिकाओं के साथ काम करने को तैयार हैं। फिल्म के बारे में करीना ने कहा कि हिंदी सिनेमा में 25 साल पूरे होने के मौके पर मैं अपनी अगली फिल्म 'दायरा' की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं, जिसकी निर्देशक मेघना गुलजार हैं। 'तलवार' से लेकर 'राजी' तक, मैं उनके काम की प्रशंसक रही हूं और उनके प्रोजेक्ट में काम करना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा है। अभिनेत्री ने अभिनेता पृथ्वीराज की तारीफ करते हुए कहा कि फिल्म में टैलेंटेड पृथ्वीराज के साथ काम करने का अवसर भी एक मुख्य आकर्षण है और मैं फिल्म की साहस और विचारों से भरी कहानी से आकर्षित हूं। 'दायरा' एक ऐसे सिनेमाई अनुभव का वादा है, जो चुनौती देने के साथ प्रेरित भी करता है और मैं इस शानदार फिल्म में मेघना, पृथ्वीराज और जंगली पिक्चर्स की टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। पृथ्वीराज ने कहा कि जब मुझे स्क्रिप्ट सुनाई गई, तो मुझे पता चल गया था कि मुझे यह फिल्म करनी है। मुझे यह इतनी पसंद आई कि मैं अपने किरदार और कहानी के आगे बढ़ने के साथ-साथ उसके द्वारा पेश किए जाने वाले पहलुओं के साथ पूरी तरह से जुड़ गया था।

## केले, ब्रोकली के अधिक सेवन से मिल सकती है उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद

- दुनिया भर में 30 प्रतिशत से अधिक वयस्क हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित
- हाई ब्लड प्रेशर दिल की बीमारी, और याददाश्त कम होने जैसी समस्याओं का कारण

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। केले या ब्रोकली जैसे पोटैशियम से भरपूर फल और सब्जियां खाने से हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप) को कम करने में मदद मिल सकती है। एक अध्ययन के अनुसार, दुनिया भर में 30 प्रतिशत से अधिक वयस्क हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं। हाई ब्लड प्रेशर दिल की बीमारी, स्ट्रोक (लकवे), किडनी की बीमारी, दिल की धड़कनों में गड़बड़ी और याददाश्त कम होने जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है।

कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ वाटरलू के वैज्ञानिकों ने पाया कि खाने में पोटेशियम की मात्रा बढ़ाकर और नमक (सोडियम) की मात्रा घटाकर ब्लड प्रेशर को बेहतर ढंग से कंट्रोल किया जा सकता है। वाटरलू विश्वविद्यालय में कंप्यूटर विज्ञान, फार्मेसी और जीव विज्ञान की प्रोफेसर अनीता लेटन ने कहा कि आमतौर पर हमें कम नमक खाने की सलाह दी जाती है, लेकिन हमारा अध्ययन बताता है कि केले या ब्रोकली जैसे पोटैशियम से भरपूर खाद्य पदार्थ खाने से ब्लड प्रेशर पर और भी अच्छा असर पड़



सकता है।पोटैशियम और सोडियम दोनों ही ऐसे तत्व हैं जो शरीर में मांसपेशियों की क्रिया और पानी की मात्रा को नियंत्रित करते हैं। इस अध्ययन को अमेरिकन जर्नल ऑफ फिजियोलॉजी- रीनल फिजियोलॉजी में प्रकाशित किया गया है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि पुराने समय में इंसान ज्यादा फल और सब्जियां खाते थे, जिससे शरीर इस तरह की डाइट के हिसाब से ढल गया था - जिसमें पोटैशियम ज्यादा और सोडियम कम होता था। लेकिन आज के पश्चिमी खानपान में नमक ज्यादा और पोटेशियम कम होता है। शायद इसी कारण विकसित देशों में हाई ब्लड प्रेशर ज्यादा पाया जाता है, जबकि दूरदराज के इलाकों में यह कम होता है। पोटैशियम का सेवन बढ़ाने से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में कैसे मदद मिल सकती है, यह समझने के लिए टीम ने एक गणितीय मॉडल भी बनाया। अध्ययन में यह भी पाया गया कि पुरुषों को महिलाओं की तुलना में हाई ब्लड प्रेशर जल्दी हो जाता है, लेकिन पोटैशियम की मात्रा बढ़ाने पर पुरुषों को ज्यादा फायदा होता है।

## फिर जन्म हुआ तो भीमराव अंबेडकर बनना चाहूंगी : सेलिना

**मुंबई,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अभिनेत्री सेलिना जेटली ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सेलिना ने एक



वीडियो भी शेयर किया, जिसमें वह पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली के एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहती नजर आईं 'फिर जन्म हुआ तो भीमराव अंबेडकर बनना चाहूंगी।' सोमवार को भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की 135वीं जयंती है। इंस्टाग्राम पर मिस इंडिया यूनिवर्स से जुड़े एक वीडियो को शेयर करते हुए सेलिना ने बताया कि उनसे कौन से प्रश्न पूछे गए थे और उन्होंने क्या जवाब दिया था। इंस्टाग्राम पर वीडियो को शेयर करते हुए सेलिना ने कैप्शन में लिखा, आज अंबेडकर जयंती है। भीमराव रामजी अंबेडकर (14 अप्रैल 1891 - 6 दिसंबर 1956) की विरासत को याद करते हुए मेरे दिवंगत फौजी पिता और माता ने मुझे डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की जन्मभूमि से जुड़ी प्रेम की विरासत का तोहफा देते हुए एमएचओडब्ल्यू (मध्य प्रदेश में स्थित डॉ. अंबेडकर नगर) को अपने घर के रूप में चुना था। उनके जरिए मैं एक ऐसे व्यक्ति की यात्रा से जुड़ सकी, जिसने देश और मुझे दोनों को बदल दिया...। वहीं, वीडियो में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को सेलिना से यह सवाल पूछते हुए देखा जा सकता है, यदि आप दोबारा जन्म लें।

## ब्लड शुगर के तेजी से बढ़ रहे मामले

- कुपोषण से होने वाली डायबिटीज टीबी से ज्यादा
- आधिकारिक नाम न होने के कारण मरीजों की पहचान करने या असरदार इलाज ढूंढने में दिक्कत

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। दुनिया भर में जहां एक ओर ब्लड शुगर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, वहीं एक कम पहचाने गए शुगर के प्रकार 'टाइप-5 डायबिटीज' पर भी अब दुनिया का ध्यान जा रहा है। यह बीमारी कुपोषण से जुड़ी होती है। लगभग 75 साल पहले पहली बार इस बीमारी का जिक्र हुआ था, लेकिन तब इसे ठीक से समझा नहीं गया था। अब हाल ही में थाईलैंड के बैंकॉक में हुई इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन (आईडीएफ) की बैठक में इसे औपचारिक रूप से 'टाइप-5 डायबिटीज' नाम दिया गया है।

यह बीमारी अक्सर दुबले-पतले और कमजोर युवाओं में पाई जाती है। सबसे पहले इसका ज़िक्र 1955 में जमैका में हुआ था, और तब इसे जे-टाइप डायबिटीज कहा गया था। 1960 के दशक में भारत, पाकिस्तान और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में कुपोषित लोगों में भी यह बीमारी देखी गई। 1985 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे डायबिटीज की एक अलग किस्म के रूप में मान्यता दी थी, लेकिन 1999 में यह मान्यता वापस ले ली गई, क्योंकि उस समय इसके बारे में पर्याप्त शोध और प्रमाण नहीं थे। टाइप-5 डायबिटीज एक कुपोषण से जुड़ी हुई मधुमेह की बीमारी है। यह आमतौर पर कमजोर और कुपोषित किशोरों व युवाओं में पाई जाती है, खासकर गरीब और मध्यम आय वाले देशों में।

इस बीमारी से दुनिया भर में लगभग 2 से 2.5 करोड़ लोग प्रभावित हैं, जिनमें ज्यादातर लोग एशिया और अफ्रीका में रहते हैं।

पहले यह माना जाता था कि यह बीमारी इंसुलिन के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया कम होने (इंसुलिन रेजिस्टेंस) के कारण होती है। लेकिन अब पता चला है कि इन लोगों के शरीर में इंसुलिन बन ही नहीं पाता, जो पहले ध्यान नहीं दिया गया था।

न्यूयॉर्क स्थित 'अल्बर्ट आइंस्टीन कॉलेज ऑफ मेडिसिन' में प्रोफेसर मेरीडिथ हॉकिंस, कहती हैं, 'यह खोज हमारे इस बीमारी को समझने के तरीके को पूरी तरह बदल देती है और इसके इलाज को लेकर नया रास्ता दिखाती है।' 2022 में 'डायबिटीज केयर' नामक जर्नल में छपे एक अध्ययन में, डॉ. हॉकिंस और उनके सहयोगियों (वेल्लोर के क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज से) ने यह साबित किया कि यह बीमारी टाइप-2 डायबिटीज (जो मोटापे के कारण होती है) और टाइप-1 डायबिटीज (जो एक ऑटोइम्यून बीमारी है) से बिल्कुल अलग है। हालांकि डॉक्टरों को अब भी यह ठीक से समझ नहीं आ पाया है कि टाइप-5 डायबिटीज के मरीजों का इलाज कैसे किया जाए, क्योंकि कई मरीज बीमारी का पता चलने के एक साल के भीतर ही नहीं बच पाते। हॉकिन्स के अनुसार, इस बीमारी को पहले ठीक से पहचाना नहीं गया और न ही इसे अच्छे से समझा गया। कुपोषण से होने वाली डायबिटीज टीबी से ज्यादा है और लगभग एचआईवी/एड्स जितनी ही आम है। कोई आधिकारिक नाम न होने के कारण मरीजों की पहचान करने या असरदार इलाज ढूंढने में दिक्कत आ रही थी।

इस बीमारी को अच्छे से समझने और इसका इलाज ढूंढने के लिए, आईडीएफ ने एक टीम बनाई है।

## व्हाइट से ज्यादा नुकसान पहुंचाता है ब्राउन राइस

- पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में ब्राउन राइस से आर्सेनिक के हानिकारक प्रभाव का खतरा
- युवा वयस्कों के कोग्नेटिव डेवलपमेंट पर नकारात्मक प्रभाव

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। आर्सेनिक एक ऐसा रासायनिक तत्व है जो इंसानी शरीर के लिए जहर है। यह दिमाग और दिल पर नकारात्मक असर डालता है। एक नई शोध बताती है कि ब्राउन राइस में विषैले रसायन की मात्रा 50 फीसदी से अधिक होती है, इसलिए सेवन करने से पहले ऐहतियात बरतनी चाहिए। लेकिन आखिर ऐसा होता क्यों है? क्यों इसमें जहरीले तत्व की मात्रा ज्यादा होती है? रिसर्च रिपोर्ट इसका भी खुलासा करती है। वाइली ऑनलाइन लाइब्रेरी में प्रकाशित शोध पत्र से पता चलता है कि ब्राउन राइस में आर्सेनिक की मात्रा काफी अधिक होती है।

इस रिसर्च में शोधकर्ताओं ने चावल के नमूनों के आंकड़ों का विश्लेषण किया और पाया कि ब्राउन राइस में व्हाइट राइस यानी सफेद चावल की तुलना में 24 प्रतिशत



अधिक आर्सेनिक और 40प्रतिशत अधिक इन-ऑर्गेनिक आर्सेनिक (जो एक ज्ञात कैंसरकारी पदार्थ है) मौजूद रहता है।

अध्ययन यह भी बताती है कि 'पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में ब्राउन राइस से आर्सेनिक के हानिकारक प्रभाव का खतरा हो सकता है,' क्योंकि वे वयस्कों की तुलना में अपने शरीर के वजन के सापेक्ष अधिक भोजन खाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ के मुताबिक बचपन में आर्सेनिक के संपर्क में आने से 'युवा वयस्कों के कोग्नेटिव डेवलपमेंट पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और मृत्यु दर में वृद्धि होती है।' अब सवाल उठता है कि ब्राउन राइस जहरीला क्यों? ब्राउन चावल में आर्सेनिक का स्तर अधिक होता है, क्योंकि यह विषैला तत्व अनाज की बाहरी परतों में जमा हो जाता है, जो इसमें बरकरार रहता है, वहीं व्हाइट राइस से प्रोसेसिंग के दौरान इसे हटा दिया जाता है। इसका सीधा मतलब है कि ब्राउन चावल में फाइबर और पोषक तत्वों के साथ ही आर्सेनिक की मात्रा भी कम नहीं है।

विशेषज्ञ इसे लेकर जरूरी सलाह भी देते हैं। उनके मुताबिक इससे पूरी तरह परहेज नहीं करना चाहिए बल्कि विकल्पों में विविधता लाने पर जोर देना चाहिए।

खाना पकाने के ऐसे तरीकों को अपनाना चाहिए जिससे आर्सेनिक की मात्रा को कम किया जा सके। वह तरीका चावल को अच्छी तरह से धोना और उसे अतिरिक्त पानी में पकाना हो सकता है। विशेष रूप से छोटे बच्चों के लिए पकाते समय इसका ध्यान दिया जाना चाहिए।

## जिंदगी और कुछ भी नहीं तेरी मेरी कहानी है : राजेंद्र जैना

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। दो दोस्त दोनों में बेशुमार टैलेंट, हम बात कर रहे हैं जाने-माने निर्माता, निर्देशक, लेखक, दादा साहब फाल्के अवार्ड से सम्मानित एक्टर मनोज कुमार की और निर्माता, निर्देशक, लेखक, एक्टर और सिंगर डॉ. ई. राजेंद्र जैना की जो दोनों बहुत अच्छे दोस्त रहे सबसे अच्छी बात की दोनों का दिल्ली स्थित सागर अपार्टमेंट में फ्लेट भी है जब यह बिल्डिंग बनी थी तो उस समय टॉप स्टार लोगों ने इसमें फ्लैट लिया था। पिछले दिनों मनोज कुमार के निधन पर मनोज जी को याद करते हुए राजेंद्र जैना काफी भावुक हो गए, और उन्होंने कहा कि एक अच्छा एक्टर होने के साथ-साथ मनोज कुमार एक बहुत अच्छे इंसान भी थे, हमारी बहुत अच्छी दोस्ती रही, और आज मेरा दोस्त मुझसे जुदा हो गया। अपने बीते लम्हों को याद करते हुए राजेंद्र जैना ने भावुक होते हुए कहा कि बहुत कम लोगों को पता है मनोज कुमार होम्योपैथी के डॉक्टर भी थे, और लगभग सभी बीमारी का इलाज होम्योपैथी से करते थे वह लोगो को होम्योपैथी की दवाई की मुफ्त सलाह भी देते थे, मेरी और उनकी इच्छा थी कि दिल्ली के समीप एक चैरिटेबल होम्योपैथी हॉस्पिटल बने जिसके लिए उन्होंने नरेला के पास जमीन भी ली साथ ही वो होम्योपैथी पर एक किताब भी लिखना चाहते थे अगर लिख पाते तो काफी मरीजों का फायदा होता।



## स्वास्थ्य के लिए वरदान है शीशम

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। गोल-गोल और हरी चमकती पत्तियों की खूबसूरती से आप भले ही मोहित हों लेकिन इनकी औषधीय खूबियों से अनजान होंगे। जी हां! हम बात कर रहे हैं स्वास्थ्य के लिए वरदान शीशम के बारे में जो, कई समस्याओं को खत्म करता है। आयुर्वेदाचार्य शीशम को औषधीय गुणों से भरपूर बताते हैं। पंजाब स्थित 'बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल' के डॉ. प्रमोद आनंद तिवारी ने शीशम को स्वास्थ्य के लिए वरदान बताते हुए विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में शीशम का इस्तेमाल कई शारीरिक समस्याओं को दूर करने में किया जाता है। आयुर्वेद में इसके पत्तों, छाल और बीज का इस्तेमाल भी कई रोगों के इलाज में किया जाता है। इसमें कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। उन्होंने आगे बताया कि पाचन संबंधित समस्याओं जैसे पेट में जलन, वात, अपच, कब्ज हो रही हो, तो शीशम के पत्तों से बने काढ़े को पीने से कई राहत मिलती है और इसके नियमित सेवन से पाचन तंत्र मजबूत होता है। यदि आपको मुंह से संबंधित समस्याएं हैं तो इसके रस से राहत भी मिलती है। इसके लिए पत्तों को चबाना फायदेमंद रहता है।प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद के अनुसार, आंखों की बीमारी




में राहत के लिए भी शीशम का इस्तेमाल किया जा सकता है। शीशम का तेल त्वचा संबंधित रोगों में भी राहत देता है।

इससे खुजली ठीक होती है और दाग भी मिट जाते हैं। वहीं, काढ़े के सेवन से महिलाओं में होने वाले लिकोरिया की समस्या से भी मुक्ति मिल जाती है।वैद्य जी की मानें तो दस्त को रोकने के लिए भी शीशम का उपयोग किया जा सकता है। इसका काढ़ा पीने से लाभ मिलता है। इससे मूत्र संबंधी व्याधि दूर करने में शीशम उपयोगी साबित होता है। इससे ब्लड सर्कुलेशन भी ठीक रहता है और रक्त विकार को दूर करता है। आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि शीशम का रस शरीर को अंदर से साफ करने में मदद करता है। पत्तों से बने काढ़े को पीने से अर्थराइटिस के दर्द और सूजन से राहत मिलती है। इन चमकीले हरे पत्तों को सेंककर सीधे जोड़ों पर लगाने से भी आराम मिलता है।

## 'कोस्टाओ' का टीजर आउट, भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए कस्टम अधिकारी बने नवाजुद्दीन

**मुंबई,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी स्टारर बायोग्राफिकल ड्रामा 'कोस्टाओ' का टीजर जारी हो चुका है। टीजर में अभिनेता कस्टम अधिकारी के रूप में गोवा के कुख्यात तस्कर से भिड़ते नजर आए। गोवा के सबसे बड़े तस्कर से लोहा लेने वाले कस्टम अधिकारी, मिस्टर कोस्टाओ फर्नांडिस के जीवन से प्रेरित इस प्रोजेक्ट का निर्देशन सेजल शाह ने किया है। डायलॉग्स से लेकर कलाकारों तक 'कोस्टाओ' नवाजुद्दीन की एक और रोमांचक फिल्म होने का वादा करती है। टीजर के साथ जी5 ने लिखा, 'एक ऐसा हीरो जिसके पास कोई कैप नहीं है - सिर्फ एक सफेद वर्दी, अडिग साहस और जो सही है उसके लिए खड़े होने की इच्छाशक्ति है।' विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, भावेश मंडालिया, सेजल शाह, श्याम सुंदर और फैजुद्दीन सिद्दीकी ने मिलकर 'कोस्टाओ' का निर्माण किया है। 'कोस्टाओ' एक निडर कस्टम अधिकारी की कहानी से प्रेरित है। बॉम्बे फैबल्स मोशन पिक्चर्स के सहयोग से भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत 'कोस्टाओ' गोवा के एक निडर कस्टम अधिकारी कोस्टाओ फर्नांडीस के प्रेरक जीवन की कहानी है, जो 1990 के दशक में अपने साहसिक मिशन के बाद भारत में सोने की तस्करी के सबसे बड़े प्रयास को विफल कर देता है। यह एक बहुत ही प्रासंगिक सवाल भी उठाता है कि आपको ईमानदारी की क्या कीमत चुकानी पड़ती है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म के प्रमुख पात्रों का पहला लुक शेयर किया था। जी5 ने लिखा था, यह कोस्टाओ की असाधारण कहानी है। जल्द ही जी5 पर आ रही है।



## सत्तू के दान से प्रसन्न होते हैं देव, तृप्त होते हैं पूर्वज

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। सतुआन या सतुआ संक्रांति हिंदू धर्म में वह दिन है, जब घड़ा, पंखा, सत्तू और ठंडे फलों को दान कर लोग ढेरों पुण्य कमाते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन दान करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और पूर्वजों की आत्मा तृप्त होती है। इसे गर्मी के मौसम की शुरुआत के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।

पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने राजा बलि को पराजित करने के बाद सबसे पहले सत्तू का भोजन किया था और इसी वजह से इस दिन सत्तू का सेवन करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

काशी के ज्योतिषाचार्य, यज्ञाचार्य एवं वैदिक कर्मकांडी पं. रत्नेश त्रिपाठी ने सतुआ संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डाला और विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह त्योहार भगवान सूर्य के राशि परिवर्तन से संबंधित है। इस दिन भगवान सूर्य राशि परिवर्तन करते हैं। सूर्य देव आज के दिन मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करते हैं। इस अवसर पर श्रद्धालु गंगा या अन्य पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं और फिर पूजा-पाठपाठ करते हैं। भगवान सूर्य की आराधना करने के बाद श्रद्धालु सत्तू, जल से भरा घड़ा, गुड़, मौसमी फल जैसे बेल, तरबूज, खरबूज, कच्चा आम समेत मौसम से जुड़ी चीजों का दान करते हैं।

उन्होंने बताया कि इस दिन भरा हुआ घड़ा दान करने से पितर तृप्त होते हैं। वहीं, सत्तू के दान से देव प्रसन्न होते हैं और पापों का नाश होता है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार जिनकी कुंडली में चंद्रमा कमजोर होते हैं, यदि वे आज के दिन जल से भरा घड़ा दान करते हैं तो उनका चंद्रमा मजबूत होता है।




उन्होंने आगे बताया कि भगवान सूर्य को समर्पित इस दिन को मेष संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। भगवान सूर्य के राशि परिवर्तन करने के साथ ही खरमास का भी आज ही के दिन समापन हो जाता है। खरमास समाप्ति के साथ शुभ कार्य जैसे शादी, उपनयन संस्कार समेत अन्य मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। बता दें, धर्म में सत्तू को जितना पवित्र माना जाता है उतना ही स्वास्थ्य के लिहाज से भी लाभदायक है। गर्मी के मौसम में सत्तू के सेवन से शरीर में एनर्जी बनी रहती है। सत्तू के बने शरबत से शरीर की तपन दूर होती है और यह शीतलता देता है। फाइबर से भरपूर सत्तू के सेवन से पेट की गर्मी दूर होती है और पाचन तंत्र भी मजबूत बनता है। आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि गर्मी के दिनों में लू से बचने के लिए घर से निकलने से पहले सत्तू या शरबत के सेवन से लू लगने का भय नहीं रहता है।

- गर्मी के दिनों में लू से बचने के लिए घर से निकलने से पहले करें सत्तू या शरबत

## रेड कार्पेट में होगा 'ग्राउंड जीरो' का प्रीमियर

**मुंबई,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेता इमरान हाशमी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। 38 सालों में श्रीनगर, कश्मीर में 'ग्राउंड जीरो' रेड कार्पेट प्रीमियर पाने वाली पहली फिल्म बन गई है। प्रीमियर के साथ निर्माता दुश्मनों से देश की रक्षा करने वाले जवानों और सेना के अधिकारियों को यह फिल्म दिखाना चाहते थे। 18 अप्रैल को श्रीनगर में अपने रेड कार्पेट प्रीमियर के साथ 'ग्राउंड जीरो' नए मानक स्थापित करेगी, क्योंकि पिछले 38 सालों में किसी भी अन्य फिल्म का प्रीमियर श्रीनगर में नहीं हुआ है, जिससे 'ग्राउंड जीरो' इतने लंबे समय के बाद यह अग्रणी कदम उठाने वाली पहली फिल्म बन गई है। ट्रेलर रिलीज के बाद से 'ग्राउंड जीरो' को दर्शकों से बहुत प्यार मिल रहा है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार 'ग्राउंड जीरो' की कहानी साल 2001 में हुए संसद हमले से संबंधित है, जिसमें एक बीएसएफ अधिकारी की पड़ताल दो साल तक चलती है। इस जांच में मास्टरमाइंड गाजी बाबा का पता लगाया जाता है, जिससे भारत का सबसे बड़ा आतंकवाद विरोधी अभियान संभव हो पाता है। फिल्म में अभिनेता बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र नाथ दुबे के किरदार में नजर आएंगे। गाजी बाबा जैश-ए-मोहम्मद का एक शीर्ष रैंकिंग कमांडर और आतंकी समूह हरकत-उल-अंसार का मुखिया था।





38 सालों में यह सम्मान पाने वाली बनी पहली फिल्म

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 4.91 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 3.72 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 3.25 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.85 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.84 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एसट्रल लिमिटेड | 1.40 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.76 प्रतिशत |
| अपोलो हॉस्पिटल | 0.53 प्रतिशत |
| एवन्यू सुपरमार | 0.43 प्रतिशत |
| कॉफोर्ग लिमिटेड | 0.36 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 93,440 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 92,793 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.71 | 90.42 |
| पौंड स्टर्लिंग | 101.90 | 118.21 |
| यूरो | 85.13 | 98.74 |
| चीन युआन | 8.31 | 13.47 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5750-5850 |
| दाल चना | 6750-6850 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# रेलवे ने 2024-25 में बेहतर प्रदर्शन के साथ अधिक आय की अर्जित

- भारतीय रेलवे ने अपने परिचालन अनुपात में किया सुधार
- रेलवे ने 2024-25 के दौरान हर 100 रुपए कमाने के लिए 98.32 रुपए खर्च किए

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के लिए परिचालन अनुपात में सुधार दर्ज किया है, जो 98.32 प्रतिशत है। इसी के साथ आय में 2.65 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, यात्री राजस्व में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि माल ढुलाई आय में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

भारतीय रेलवे (आईआर) ने अपने परिचालन अनुपात में सुधार किया है, जो 98.32 प्रतिशत है। यह प्रदर्शन में दक्षता के स्तर को दर्शाता है। इसका मतलब है कि रेलवे ने 2024-25 के दौरान हर 100 रुपए कमाने के लिए 98.32 रुपए खर्च किए। वर्ष 2023-24 के दौरान परिचालन अनुपात 98.43 प्रतिशत रहा, क्योंकि रेलवे ने प्रत्येक 100 रुपए की कमाई पर 98.43 रुपए खर्च किए।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रेलवे में लागत में कटौती के उपायों में जनशक्ति प्रबंधन और पटरियों का विद्युतीकरण शामिल है, जिससे भारी बचत हुई है, क्योंकि डीजल इंजनों से ट्रेन चलाना अधिक महंगा है।

भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता में सुधार हुआ है, क्योंकि वर्तमान में 80,000 किलोमीटर तक विस्तारित ट्रेनों के लिए 110 किलोमीटर प्रति घंटे की




गति क्षमता है, जो 2014 में केवल 31,000 किलोमीटर थी। इसके अलावा, 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति क्षमता के लिए 2014-15 से 2024-25 तक लगभग 23,000 किलोमीटर ट्रैक को अपग्रेड और सुधार किया गया है। आरक्षित श्रेणी में अधिक लोगों के यात्रा करने और माल ढुलाई में वृद्धि के साथ, भारतीय रेलवे ने वर्ष के दौरान आय में वृद्धि दर्ज की। 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 के बीच भारतीय रेलवे से कुल 715 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की। डेटा से यह भी पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025 में कुल यात्रियों में से 81 करोड़ ने एसी और स्लीपर क्लास के यात्रियों सहित आरक्षित श्रेणी से यात्रा की और 634 करोड़ अनारक्षित श्रेणी के यात्री थे। इसमें उपनगरीय यात्रा भी शामिल है, जो भारतीय रेलवे के कुल यात्रियों का 55 प्रतिशत से अधिक है और इस पर भारी सब्सिडी दी जाती है। इसी तरह, भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2024 में हासिल 1,590.68 मीट्रिक टन की तुलना में 1,617 मिलियन टन (एमटी) से अधिक फ्रेट लोडिंग की। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 1.7 प्रतिशत या 26.70 मीट्रिक टन की वृद्धि है। भारतीय रेलवे के कुल माल लदान मिश्रण में कोयला 50 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर बना हुआ है।

2025 में भारतीय रेलवे द्वारा लगभग 822 मीट्रिक टन कोयला, 89 मीट्रिक टन कंटेनर, 51 मीट्रिक टन पेट्रोलियम और लगभग 50 मीट्रिक टन खाद्यान्न का परिवहन किया गया। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू कंटेनरों में हॉट रोल्ड कॉइल, सिरेमिक टाइलें, वॉल केयर पुट्टी और चावल प्रमुख वस्तुएं हैं। पिछले वर्ष की तुलना में, घरेलू कोयले की लोडिंग में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# वित्त वर्ष 26 में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान : क्रिसिल

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को कहा कि वित्त वर्ष 26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। हालांकि, बढ़ते अमेरिकी टैरिफ विकास के लिए अभी भी जोखिम बने हुए हैं। क्रिसिल को उम्मीद है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति में नरमी से बाहरी चुनौतियों की कुछ भरपाई हो सकेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि ब्याज दरों में कटौती, आयकर में राहत और महंगाई में कमी से इस वित्त वर्ष में खपत को बढ़ावा मिलेगा। अच्छे मानसून से कृषि आय भी बढ़ेगी।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में धीमेपन की आशंका से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट हुई है। इससे घरेलू विकास को बढ़ावा मिलेगा।

रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी क्रिसिल के वित्त वर्ष 2026 के लिए जीडीपी वृद्धि पूर्वानुमान के लिए एक प्रमुख जोखिम है, क्योंकि अनिश्चितता और टैरिफ में लगातार बदलाव निवेश में बाधा डाल सकते हैं।

वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में कैपिटल, इन्फ्रास्ट्रक्चर और कंस्ट्रक्शन गुड्स के आउटपुट में इजाफा हुआ है। इसकी वजह कंस्ट्रक्शन/ कैपिटल खर्च




आरबीआई की मौद्रिक नीति में नरमी से बाहरी चुनौतियों की कुछ भरपाई हो सकेगी : क्रिसिल

गतिविधियों में बढ़ोतरी होना है।

आरबीआई के नवीनतम तिमाही औद्योगिक परिदृश्य सर्वेक्षण में चौथी तिमाही (वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही) में मांग में मजबूती देखी गई है।

रिपोर्ट में बताया गया, आरबीआई के नवीनतम उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण में मार्च में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सुधार का संकेत मिलता है। ये सभी कारक घरेलू मांग में सुधार की पुष्टि करते हैं। चौथी तिमाही में रबी का अच्छा उत्पादन और मुद्रास्फीति में कमी भी उपभोग मांग के लिए अच्छा संकेत है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) द्वारा मापी जाने वाली औद्योगिक वृद्धि दर, जनवरी के 5.2 प्रतिशत से फरवरी में धीमी होकर 2.9 प्रतिशत हो गई।

# अगले 12 महीने में 25,500 के पार पहुंच सकता है निफ्टी



एफएमसीजी व डिफेंस सेक्टर करेंगे लीड

**मुंबई,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच निफ्टी अगले 12 महीने में 25,521 के स्तर को छू सकता है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

वित्तीय सर्विसेज फर्म पीएल कैपिटल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि छोटी अवधि में हॉस्पिटल, फार्मा, रिटेल, एफएमसीजी, बैंकों, डिफेंस और पावर सेक्टर लीड कर सकते हैं। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि नया अनुमान पहले के अनुमान 25,689 से कम है। ब्रोकरेज फर्म को भारत की लंबी अवधि की स्टोरी में विश्वास है और हम उम्मीद करते हैं कि प्रमुख सेक्टर बाजार को मजबूती और सपोर्ट प्रदान करेंगे। पीएल कैपिटल ने रिपोर्ट में कहा कि मजबूत घरेलू संकेतों और नीतिगत सुधारों के समर्थन के कारण वैश्विक झटकों से बाजार उभरने में सफल रहेगा और वृद्धि दर मजबूत रहेगी।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि तेजी की स्थिति में इंडेक्स 27,590 और उम्मीद से कम तेजी की स्थिति में इंडेक्स 24,831 तक पहुंच सकता है।

# टैरिफ टेंशन के बीच अमेरिकी डॉलर में लगातार पांचवें दिन गिरावट

- निवेशकों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती पर खत्म होने लगा भरोसा

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी डॉलर में सोमवार को 0.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी मुद्रा लगातार पांचवें दिन कमजोर हुई है। इस गिरावट से दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक (डीएक्सवाई) तीन साल के निचले स्तर पर आ गया।

अप्रैल की शुरुआत में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी आक्रामक टैरिफ नीतियों को पेश करते हुए 'लिबरेशन डे' की घोषणा की, तब से डॉलर सूचकांक में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। निवेशकों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती पर भरोसा



खत्म होने लगा है और वे अमेरिकी परिसंपत्तियों से अपना पैसा निकाल रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले सप्ताह इन चिंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी डॉलर हमेशा पसंदीदा मुद्रा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई देश डॉलर का इस्तेमाल करना बंद करता है तो उसका फैसला पलटवाने के लिए एक फोन कॉल ही काफी होगा। उनके आत्मविश्वास के बावजूद, बाजार की प्रतिक्रियाओं में बढ़ती घबराहट दिखी है।

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक रिजर्व मुद्रा के रूप में डॉलर का अभी भी कोई स्पष्ट विकल्प नहीं है, लेकिन टैरिफ को लेकर हाल ही में हुई खींचतान ने अनिश्चितता पैदा कर दी है। पिछले सप्ताह ही अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाकर कुल 145 प्रतिशत कर दिया। जवाब में चीन ने अमेरिकी आयात पर टैरिफ 84 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया।

विशेषज्ञों ने कहा कि इस व्यापार युद्ध ने बाजारों में वैश्विक बिकवाली को बढ़ावा दिया है।

# कच्चे रेशम उत्पादन में इजाफा, निर्यात भी बढ़ा

- भारत ने 2023-24 में 3,348 मीट्रिक टन रेशम वेस्ट का किया निर्यात
- रेशम का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक व सबसे बड़ा उपभोक्ता है भारत

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के कच्चे रेशम उत्पादन में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है और बीते छह वर्षों में उत्पादन बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 38,913 मीट्रिक टन (एमटी) हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2017-18 में 31,906 एमटी था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस वृद्धि की वजह शहतूत के बागानों का विस्तार होना है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2,63,352 हेक्टेयर तक हो गया है। वित्त वर्ष 2017-18 में यह आंकड़ा 2,23,926 हेक्टेयर था। इससे शहतूत रेशम का उत्पादन 2017-18 में 22,066 मीट्रिक टन से बढ़कर 2023-24 में 29,892 मीट्रिक टन हो गया है। कुल कच्चे रेशम का उत्पादन 2017-18 में 31,906 मीट्रिक टन से बढ़कर 2023-24 में 38,913 मीट्रिक टन हो गया। रेशम और रेशम वस्तुओं का निर्यात 2017-18 में 1,649.48 करोड़ रुपए से बढ़कर 2023-24 में 2,027.56 करोड़ रुपए हो गया।

सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, देश ने 2023-24 में 3,348 मीट्रिक टन रेशम वेस्ट का निर्यात किया है। 2024-25 की अप्रैल-जनवरी अवधि में कच्चे रेशम का उत्पादन 34,042 मीट्रिक टन होने का अनुमान है, जो 2014-15 की इसी अवधि के 24,299 मीट्रिक टन के आंकड़े से लगभग 10,000 टन अधिक है।

भारत रेशम का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और दुनिया में रेशम का सबसे बड़ा उपभोक्ता भी



है। भारत में शहतूत रेशम का उत्पादन मुख्य रूप से कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, जम्मू और कश्मीर और पश्चिम बंगाल राज्यों में होता है, जबकि गैर-शहतूत रेशम का उत्पादन झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और उत्तर-पूर्वी राज्यों में होता है। शहतूत रेशम रेशम के कीड़ों से आता है जो केवल शहतूत के पत्ते खाते हैं। यह मुलायम, चिकना और चमकदार होता है, जो इसे लग्जरी साड़ियों और हाई-एंड कपड़ों के लिए एकदम सही उत्पाद बनाता है। देश के कुल कच्चे रेशम उत्पादन का लगभग 92 प्रतिशत शहतूत से आता है।

गैर-शहतूत रेशम (जिसे वान्या रेशम भी कहा जाता है) जंगली रेशम के कीड़ों से आता है जो ओक, अरंडी और अर्जुन जैसे पेड़ों की पत्तियों को खाते हैं। इस रेशम में कम चमक के साथ एक प्राकृतिक, मिट्टी जैसा एहसास होता है लेकिन यह मजबूत, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल होता है। भारत में रेशम उद्योग के विकास में सरकारी योजनाओं की अहम भूमिका है। ये पहलें रेशम उत्पादन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता और संसाधन उपलब्ध कराती हैं।

रेशम समग्र योजना भारत भर में रेशम उत्पादन उद्योग को बेहतर बनाने के लिए सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार करके उत्पादन को बढ़ाना और देश में रेशम उत्पादन की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वंचित, गरीब और पिछड़े परिवारों को सशक्त बनाना है।

रेशम समग्र-2 इसी प्रयास का विस्तार है, जिसका बजट 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 4,679.85 करोड़ रुपए है। अब तक 1,075.58 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता प्रदान की जा चुकी है, जिससे 78,000 से अधिक लोगों को लाभ मिला है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 'रेशम समग्र-2' में उद्योगों की सहायता के लिए पिछले तीन वर्षों में आंध्र प्रदेश (72.50 करोड़ रुपए) और तेलंगाना (40.66 करोड़ रुपए) को वित्तीय सहायता दी गई है।

# भारत ने आईटीईएस-क्यू का पहला संस्करण किया जारी

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत सरकार के प्रिंसिपल साइंटिस्ट एडवाइजर (पीएसए) ऑफिस ने सोमवार को क्वांटम के लिए इंटरनेशनल टेक्नोलॉजी इंगेजमेंट स्ट्रैटेजी का पहला संस्करण जारी किया, जो क्वांटम साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन (क्यूएसटीआई) में भारत की बाहरी रणनीति को स्पष्ट करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इसका उद्देश्य खोज में तेजी लाना, इनोवेशन को बढ़ावा देना और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अडॉप्शन को तीव्र करना है। इस रिपोर्ट को आधिकारिक तौर पर पीएसए प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने विश्व क्वांटम दिवस 2025 के अवसर पर पेश किया, जिसे हर साल 14 अप्रैल को मनाया जाता है।

यह रिपोर्ट विशेष महत्व रखती है क्योंकि वर्ष 2025 संयुक्त राष्ट्र और सदस्य देशों से नामित इंटरनेशनल ईयर ऑफ क्वांटम साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईवाईक्यूएसटी) है।

सूद ने क्वांटम टेक के महत्व के



बारे में बात करते हुए इसे एक ऐसे क्षेत्र के रूप में उजागर किया, जहां कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहता क्योंकि यह रणनीतिक स्वायत्तता के लिए महत्वपूर्ण है और क्वांटम सेफ हुए बिना रणनीतिक स्वायत्तता नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा कि भारत को क्वांटम हार्डवेयर में निवेश करना होगा, हमें आयात पर अपनी निर्भरता कम करनी होगी और क्वांटम कंप्यूटिंग के सभी क्षेत्रों में प्रगति इसमें मदद कर सकती है। हमें स्टार्टअप के लिए और अधिक फंड लाने और निवेश को जोखिम मुक्त करने की जरूरत है, जिसका अर्थ है कि हमें उत्पादों के लिए बाजार बनाने की जरूरत है।

# भारतीय एफएमसीजी कंपनियों की आय वित्त वर्ष 25 में बढ़ेगी

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 25 में भारत की एफएमसीजी कंपनियों की आय एकल अंक में बढ़ने का अनुमान है। साथ ही वित्त वर्ष 26 के लिए आधार अनुकूल बना हुआ है। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में दी गई।

बीएनपी परिबास इंडिया की रिपोर्ट में बताया गया कि एफएमसीजी आय में वृद्धि वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के 4 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 5 प्रतिशत हो जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया कि जैसे-जैसे व्यापार संबंधी चिंताएं कम होती हैं, हम हाल के बेहतर प्रदर्शन के उलट होने का जोखिम देखते हैं। हालांकि, निकट-अवधि में कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं, जैसे कि कच्चे तेल की कीमत में गिरावट और हमारा आर्थिक हीट मैप ग्रामीण विकास के लिए सकारात्मक रुझान दिखा रहा है। मैरिको, डाबर और जीसीपीएल की टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि मांग मजबूत रही है, जबकि जनरल ट्रेड में कमजोरी के कारण शहरी मंदी वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में बनी रही है।रिपोर्ट में कहा गया कि गोल्ड की कीमतों में बढ़ोतरी से ज्वेलरी कंपनियों को चौथी तिमाही में सालाना आधार पर मजबूत बिक्री वृद्धि दर्ज करने में मदद मिलेगी। पिछले वित्त वर्ष की शुरुआत में कंजम्प्शन सेक्टर की आय में वृद्धि कमजोर थी। इसकी वजह ग्रामीण मांग में धीमापन आना है। इसके अलावा कीमतों में कमी ने ग्रोथ पर दबाव बढ़ाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, तिमाही दर तिमाही ग्रामीण वृद्धि में मजबूती देखी गई। इसकी वजह अच्छा मानसून, कम आधार और उच्च खाद्य उत्पादों की कीमतें थी। रिपोर्ट में बताया गया कि हालांकि, शहरी मांग में कमजोरी के कारण इसकी भरपाई हो गई। नतीजतन, हम उम्मीद करते हैं कि वित्त वर्ष 25 अधिकांश कंपनियां कम से लेकर मध्यम एकल अंकों की राजस्व वृद्धि के साथ समाप्त करेंगी।



# पीएमएमवाई इकोसिस्टम से मिल रही महिलाओं के सशक्तीकरण में मदद

- घरों में महिलाओं की खरीद शक्ति व संसाधनों पर पकड़ बढ़ी

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) भारत में सशक्त और आर्थिक रूप से सक्रिय महिलाओं का एक इकोसिस्टम तैयार कर रही है। यह जानकारी एक एक्सपर्ट्स की ओर से दी गई। एक मीडिया रिपोर्ट में, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अनुसंधान विभाग के ओएसडी आदित्य सिन्हा ने बताया कि किस प्रकार पीएमएमवाई देश में महिलाओं के नेतृत्व वाली वृद्धि को सशक्त बना रहा है। पीएमएमवाई के तहत माइक्रो और नैनो एंटरप्राइजेज को बिना कुछ गिरवी रखकर लोन दिया जाता है।

सिन्हा ने कहा कि एक फाइनेंसिंग स्कीम से कहीं अधिक, पीएमएमवाई गरीबों, विशेषकर महिलाओं को निष्क्रिय कल्याणकारी विषयों के बजाय उद्यमियों के



रूप में मान्यता देता है। सिन्हा ने आगे कहा कि पीएमएमवाई के तहत लोन के लिए कुछ गिरवी रखने की आवश्यकता नहीं है, इससे लेनदेन की लागत घटती और यह गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों और माइक्रो फाइनेंस मध्यस्थों के माध्यम से लोन पहुंच को विकेन्द्रीकृत करता है।

पीएमएमवाई से केवल घरेलू कामकाज या मौसमी मजदूरी करने वाली महिलाएं अब सक्रिय रूप से सिलाई यूनिट्स, ब्यूटी पार्लर, फूड स्टॉल, कृषि प्रसंस्करण उद्यम और खुदरा दुकानें जैसे सूक्ष्म उद्यम शुरू कर रही हैं।

पीएमएमवाई गरीबों, विशेषकर महिलाओं को उद्यमियों के रूप में मान्यता देता है : आदित्य सिन्हा

सिन्हा ने इस परिवर्तन को डीप सोशल बताया, जिससे घरों में महिलाओं की खरीद शक्ति और संसाधनों पर पकड़ बढ़ी है। 2015 में शुरू की गई पीएमएमवाई एक सरकारी योजना है जो सूक्ष्म और लघु उद्यमों को छोटे ऋण (20 लाख रुपए तक) प्रदान करती है। इस योजना में शिशु कैटेगरी के तहत 50,000 रुपए तक, किशोर कैटेगरी के तहत 50,001 रुपए से 5 लाख रुपए, तरुण कैटेगरी के तहत 5,00,001 रुपए से 10 लाख रुपए और तरुण प्लस कैटेगरी के तहत 20 लाख रुपए तक के लोन दिए जाते हैं। वित्त वर्ष 2016 से वित्त वर्ष 2025 के बीच पीएमएमवाई के तहत प्रति महिला लोन वितरण की सीएजीआर 13 प्रतिशत रही, जो 62,679 रुपए तक पहुंच गई।

## सार संक्षेप

### भारत के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में 2024 में हुई 25 डील

**मुंबई।** वर्ष 2024 भारत के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए शानदार रहा। इस दौरान करीब 42,071 नए कमरे जोड़े गए। यह जानकारी एक रिपोर्ट में सोमवार को दी गई। जेएलएल के लेटेस्ट एनालिसिस के अनुसार, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में वर्ष 2024 में लगभग 25 डील हुई। इसमें बिजनेस और अवकाश स्थल दोनों प्रकार की डील शामिल थीं। जेएलएल के मुताबिक, हाई-नेट-वर्थ व्यक्तियों, फैमिली ऑफिस और प्राइवेट होटल व्यवसायियों ने इस सेक्टर का नेतृत्व किया और कुल लेनदेन वॉल्यूम में इनका योगदान 51 प्रतिशत का था। वहीं, लिस्टेड होटल कंपनियों का 34 प्रतिशत, मालिक-संचालकों और रियल एस्टेट डेवलपर्स ने क्रमशः 8 प्रतिशत और 7 प्रतिशत का छोटा लेकिन महत्वपूर्ण योगदान दिया। रिपोर्ट में कहा गया कि बड़ी बात यह है कि टियर 2 और 3 शहरों की ओर बड़ा बदलाव हुआ है और सभी होटल लेनदेन में इन शहरों की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत हो गई है।

### टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी ने एनटीपीसी से किया करार

**मुंबई।** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने 200 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) परियोजना के लिए देश की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि देश में कई स्थानों पर फैली इस परियोजना को 24 महीने के भीतर पूरा किया जाना है। इससे सालाना लगभग 1,300 मिलियन यूनिट (एमयू) बिजली पैदा होने की उम्मीद है, जिससे प्रति वर्ष 10 लाख टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होगा। यह परियोजना टीपीआरईएल ने प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर हासिल की थी और इसमें सौर, पवन तथा बीईएसएस टेक्नोलॉजी शामिल होंगी। बयान में बताया गया कि इस पहल की एक प्रमुख विशेषता चार घंटे की पीक पावर सप्लाई के लिए प्रतिबद्धता है।

### गोल्ड की कीमतों में आ सकती है 38 प्रतिशत तेजी

**नई दिल्ली।** ट्रेड वार के चलते गोल्ड की कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़कर 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती हैं, जो कि मौजूदा भाव 3,247 डॉलर प्रति औंस से करीब 38 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी विदेशी निवेश बैंक गोल्डमैन सैश की ओर से दी गई। विदेशी निवेश बैंक गोल्डमैन सैश ने बढ़ते अमेरिकी-चीन व्यापार युद्ध और मंदी की आशंकाओं का हवाला देते हुए कहा कि अत्यधिक जोखिम की स्थिति में 2025 के अंत तक गोल्ड की कीमतें 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती हैं। इसके अलावा, वित्तीय फर्म ने कहा कि सामान्य स्थिति में गोल्ड की कीमतें 2025 के अंत तक बढ़कर 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती है। गोल्डमैन सैश की ओर से 2025 के अंत के गोल्ड के टारगेट में तीसरी बार बढ़ोतरी की गई है।

# खेल जगत

## कपिल देव बने एसओजी ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के ब्रांड एंबेसडर



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और 1983 विश्वकप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव को एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के उत्तर और पूर्व क्षेत्र फाइनल्स का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। स्किलहब ऑनलाइन गेम्स फेडरेशन (एसओजीएफ) गुरुग्राम के हयात रीजेंसी में 20 और 30 अप्रैल को इस ग्रैंडमास्टर्स सीरीज का आयोजन करेगा। इस ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के लिए अब तक एक लाख 50 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इस अवसर पर पद्म भूषण कपिल देव ने कहा, कि दुनिया भर में माइंड स्पोर्ट्स की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, जिसका श्रेय इंटरनेट, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती पहुंच को जाता है। एसओजीएफ के साथ जुड़कर मैं बेहद उत्साहित हूं।

# पंजाब को केकेआर के खिलाफ जीत की राह पर लौटाने की चुनौती

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ निगाहें केकेआर के कप्तान रहाणे व पंजाब के कप्तान श्रेयस पर

■ पंजाब को केकेआर के सुनील से चौकस रहने की जरूरत

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। श्रेयस अय्यर की बल्लेबाजी और कप्तानी अपनी नई टीम पंजाब किंग्स के लिए नए कोच रिकी पोंटिंग के मार्गदर्शन में बेहद निखरी नजर आई है। श्रेयस ने पंजाब किंग्स को मौजूदा 2025 आईपीएल में पंजाब किंग्स को शुरू के पांच मैचों में तीन जिताए हैं। पंजाब किंग्स को मौजूदा सीजन में पहली हार राजस्थान रॉयल्स से अपने मुल्लांपुर के मैदान पर 50 रन से और दूसरी पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के हाथों उसके घरेलू मैदान पर आठ विकेट से झेलनी पड़ी । श्रेयस अय्यर पर अपनी नई टीम पंजाब किंग्स को अपने पिछले मैच में सीएसके को उसके घर में आठ विकेट से हरा छह मैच में तीसरी जीत दर्ज करने वाली अपनी पुरानी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर अपने घर मुल्लांपुर में मंगलवार को जीत दिला फिर जीत की राह पर वापस लौटाने की चुनौती है। श्रेयस के बल्ले से दमदार प्रदर्शन कर 36 गेंदों में छह छक्कों और छह चौकों की मदद से 82 रन की बड़ी पारी खेल पंजाब किंग्स को 20 ओवरों में छह विकेट पर 245 रन के पहाड़ के स्कोर तक पहुंचाने के बावजूद अभिषेक शर्मा ने 55 गेंदों में 10 छक्कों और 14 चौकों की मदद से 140 की तूफानी फेर खेल पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को अपने घर हैदराबाद में आठ विकेट से जीत दिला दी थी। दोनों टीमों के बीच अब तक पिछले पांच में से तीन मैच पंजाब किंग्स ने और दो केकेआर ने जीते हैं। पंजाब किंग्स ने मुल्लांपुर के अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स से 50 रन से हारी और अगले मैच में प्रियांश के तूफानी शतक से चेन्नै सुपर किंग्स को बड़े स्कोर वाले मैच में 18 रन से हराया था। ऑलराउंडर सुनील नारायण ने जिस तरह सीएसके खिलाफ बल्ले और गेंद से दमदार प्रदर्शन कर केकेआर को पिछले मैच में जिताया उससे पंजाब किंग्स को उनसे चौकस रहने की जरूरत है। मौजूदा आईपीएल में अब तक जड़े तीन शतक -एसआरएच के ईशान किशन व अभिषेक शर्मा और पंजाब किंग्स के बल्लेबाज के रूप में नई सनसनी दिल्ली के बाशिंदे प्रियांश आर्य ने जड़े हैं। ऐसे में अपने मुल्लांपुर के मैदान पर पंजाब किंग्स का यह तीसरा मैच होगा कि इस पर शीर्ष क्रम में प्रियांश और कप्तान श्रेयस तथा मध्यक्रम में शशांक सिंह की कोशिश बड़ी पारी खेल कर पंजाब किंग्स को केकेआर के खिलाफ जीत की राह पर लौटाने की पुरजोर कोशिश करेंगे। इस मैच में निगाहें पंजाब किंग्स के लिए पांच मैचों में तीन अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा कुल 250 रन बना रन बनाने में चौथे स्थान पर चल रहे कप्तान श्रेयस अय्यर और केकेआर के लिए छह मैचों में दो अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा 202 रन बनाने वाले कप्तान अजिंक्य रहाणे पर रहेंगी। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सीजन कर इकलौता शतक जड़ने वाले भारत के चीफ कोच गौतम गंभीर के गुरु भाई प्रियांश आर्य ने पांच मैचों में 103 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ कुल 194 रन बनाए हैं लेकिन इससे भी अहम यह है कि उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के तूफानी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को छोड़ कर बाकी सभी चारों टीमों के तेज गेंदबाजों के खिलाफ जिस बेखौफ अंदाज में रन बनाए हैं वह मेजबान टीम के लिए उसका हौसला बढ़ाने वाली बात है। प्रियांश के साथ उनके सलामी जोड़ीदार विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने एक अर्द्धशतक सहित पांच मैचों में एक अर्द्धशतक सहित 131 रन, चार मैचों में एक अर्द्धशतक सहित 141 रन बनाने वाले नेहाल वढेरा पर मध्यक्रम में तेज पारियां खेल पंजाब किंग्स को बड़े स्कोर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी।

## खराब गेंदबाजी के कारण धोनी ने काटा अश्विन का पत्ता

**लखनऊ,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। आईपीएल 2025 का 30वां मुकाबला लखनऊ सुपर जाएंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जा रहा है। सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। इस मैच में धोनी ने चौंकाने वाला फैसला लेते हुए अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वहीं, लखनऊ के खेमे में विस्फोटक बल्लेबाज मिचेल मार्श की वापसी हो गई है। आईपीएल 2025 से पहले हुई मेगा नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने रविचंद्रन अश्विन को खरीदा था। उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने मेगा नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था। हालांकि, इस सत्र में अश्विन कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। अबतक खेले छह मैचों में उन्हें पांच विकेट जरूर मिले, लेकिन 9.90 की इकोनॉमी से उन्होंने रन खर्च किए हैं। लखनऊ के खिलाफ मैच के लिए कप्तान धोनी ने चेन्नई की प्लेइंग 11 में दो बदलाव किए हैं। उन्होंने अश्विन की जगह शेख रशीद को मौका दिया है जबकि डेवोन कॉनवे की जगह जेमी ओवरटन को शामिल किया गया है। वहीं, लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने बताया कि मिचेल मार्श इस मैच में खेलेंगे। वह गुजरात के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेले थे।

## मुंबई इंडियंस की जीत के साथ टूटा तिलक वर्मा के साथ जुड़ा अनचाहे रिकॉर्ड का सिलसिला

■ मुंबई इंडियंस ने पहले बैटिंग करते हुए जब भी 200 प्लस का स्कोर बनाया है, उन्हें जीत मिली




**आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए तिलक वर्मा के 50 प्लस रन**

- 2022 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 61 रन – मैच हार गए
- 2022 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 51 रन – मैच हार गए
- 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद 84 रन – मैच हार गए
- 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 64 रन – मैच हार गए
- 2024 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 65 रन – मैच हार गए
- 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 64 रन – मैच हार गए
- 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 56 रन – मैच हार गए
- 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 59 रन – मैच जीत गए

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का मुकाबला कुछ दिलचस्प आंकड़ों का गवाह बना। इस मैच में मुंबई इंडियंस को 12 रनों से जीत मिली क्योंकि दिल्ली कैपिटल्स ने 206 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए ऑलआउट होकर 193 ही रन बनाए। इसके साथ ही मुंबई इंडियंस का 200 या उससे ज्यादा के स्कोर को डिफेंड करने का रिकॉर्ड बरकरार है। मुंबई इंडियंस ने पहले बैटिंग करते हुए जब भी 200 प्लस का स्कोर बनाया है, उन्हें जीत मिली है। ऐसा करते हुए यह एमआई की 15वीं जीत थी। मुंबई इंडियंस ऐसी टीम भी है जिसने आईपीएल में विपक्षी टीमों को सबसे ज्यादा 37 बार ऑल आउट किया है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स की यह दिल्ली में 15वीं हार थी। आईपीएल में किसी भी टीम ने किसी एक जगह पर इतने ज्यादा मैच नहीं हारे हैं।

हालांकि एक मामले में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स एक ही पेज पर हैं। दोनों ही टीमों ने अब तक 200 प्लस का टारगेट देते हुए कोई मैच नहीं गंवाया है। इस मुकाबले में डीसी की हार के कई कारण रहे। गेंद बदलना भी इनमें एक प्रमुख कारण रहा। इसके अलावा एक ही ओवर में तीन रन आउट भी टीम के पक्ष में नहीं गए। आईपीएल के इतिहास में ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ है जब एक ओवर में किसी टीम के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए हैं।

इसके अलावा, मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा के नाम एक ऐसा दुर्योग था जो इस मैच में टूट गया। अब तक ऐसा एक बार भी नहीं हुआ था जब तिलक वर्मा ने अर्द्धशतकीय पारी खेली और उनकी टीम मुंबई इंडियंस को जीत मिली। लेकिन इस बार तिलक ने अपनी टीम की 12 रनों की जीत में अहम योगदान देते हुए 33 गेंदों पर 59 रनों की पारी खेली। आईपीएल 2022 से अब तक तिलक ने विभिन्न टीमों के खिलाफ खेलते हुए सात मैचों में अर्धशतकीय पारी खेली है। इन सातों मैचों में मुंबई इंडियंस को हार मिली है। आखिरकार तिलक के लिए यह मिथक भी टूट गया है।

# भारत ने तीरंदाजी विश्वकप के पहले चरण में जीते चार पदक



■ तीरंदाजी विश्वकप में मेक्सिको छह पदकों (तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) के साथ शीर्ष पर रहा

**ऑबर्नडेल ( अमेरिका ),** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने तीरंदाजी विश्व कप 2025 के पहले चरण में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित कुल चार पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया। भारत तीरंदाजी विश्वकप में चार पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। इसमें पुरुष रिकर्व टीम में एक रजत और पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व में धीरज बोम्मादेवरा का कांस्य शामिल रहा। ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय और अतनु दास वाली भारतीय पुरुष रिकर्व टीम फाइनल में चीन के वांग यान, ली झोंगयुआन और काओ वेनचाओ से 1-5 से हार गई। तीरंदाजी विश्वकप में मेक्सिको छह पदकों (तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) के साथ शीर्ष पर रहा। भारत ने सेमीफाइनल में स्पेन को 6-2 से हराने से पहले क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 6-2 से शिकस्त दी और पहले दौर में ब्राजील को 6-2 से हराया था। धीरज बोम्मादेवरा ने स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को 6-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत के दो अन्य पदक कंपाउंड तीरंदाजी में आए। ऋषभ यादव और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने एलए 2028-बाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया इस बीच, चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में पोडियम फिनिश से चूक गईं। वह महिला व्यक्तिगत रिकर्व में क्वार्टरफाइनल में पहुंचने में कामयाब रहीं लेकिन उन्हें अमेरिका की केसी कॉफहोल्ड से 2-6 के स्कोर से हार मिली।

## आईसीसी ने अफगानिस्तान महिला क्रिकेटरों को वित्तीय सहायता देने की घोषणा की

**दुबई,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विस्थापित अफगान महिला क्रिकेटरों को सहायता के लिए एक टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है। आईसीसी, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड, इंग्लैंड व वेल्स क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के साथ मिलकर अफगानिस्तान की महिला खिलाड़ियों को यह वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इस पहल के तहत आईसीसी अफगानिस्तान की महिला खिलाड़ियों का आवश्यक संसाधन मुहैया कराने के लिए सीधे तौर पर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक कोष स्थापित करेगा। इससे इन खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय उन्नत कोचिंग, सुविधाओं के साथ खेल को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस पहल को लेकर आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में हम समावेशिता को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हर क्रिकेटर को अपनी परिस्थितियों की परवाह किए बिना चमकने का अवसर मिले।

## आईपीएल 2025 : धीमी ओवर रेट के लिए अक्षर पर लगा जुर्माना



**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के एक मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ धीमे ओवर रेट के कारण दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

यह मुकाबला अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया, जहां दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक मुकाबले में 12 रनों से हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल की ओर से जारी बयान के अनुसार, अक्षर पटेल को आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। इस अनुच्छेद के अंतर्गत धीमी ओवर गति बनाए रखने पर पहली बार अपराध के लिए कप्तान पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। आईपीएल के बयान में कहा गया, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अंतर्गत उनकी टीम का इस सत्र में पहला अपराध था, इसलिए पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अक्षर पटेल इस सत्र में धीमी ओवर गति के लिए दंडित होने वाले एकमात्र कप्तान नहीं हैं। मुंबई इंडियंस के हार्दिक पांड्या, लखनऊ सुपरजायंट्स के ऋषभ पंत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार पर भी इसी तरह के अपराध के लिए जुर्माना लगाया जा चुका है। मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 205/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 19 ओवर में 193 रन पर ऑलआउट हो गई। करुण नायर ने 40 गेंदों पर शानदार 89 रनों की पारी खेली, लेकिन उनके प्रयास को बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। मुंबई इंडियंस के कर्ण शर्मा ने अहम समय पर तीन विकेट चटकाए और मैच का रुख पलट दिया। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स की पारी में एक ओवर में तीन रन आउट भी देखने को मिले, जिसने मुकाबले को और रोमांचक बना दिया। आखिरी ओवरों में आशुतोष शर्मा और विपराज निगम ने अपनी अच्छी पारियों से दिल्ली को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन मुंबई की शानदार फील्डिंग, अनुशासित गेंदबाजी और 13वें ओवर के बाद गेंद बदले जाने से दिल्ली कैपिटल्स लक्ष्य को नहीं पा सकी।

## सार संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 26 सदस्यीय भारतीय महिला दल की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को 26 अप्रैल से चार मई तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ स्टेडिमय में होने वाली वाली पांच मैचों की सीरीज के लिए 26 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। हॉकी इंडिया के अनुसार भारतीय टीम की कमान तेजतर्रार मिडफील्डर सलीमा टेटे संभालेंगी, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान बनाया गया है। पांच मैचों की इस सीरीज में भारतीय टीम पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए टीम से और उसके बाद तीन मैच सीनियर ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ खेलें जायेंगे। यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण से पहले टीम की तैयारी के मद्देनजर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अनुभवी गोलकीपर सविता और युवा प्रतिभा बिचू देवी खारीबाम दोनों ही पोस्ट के बीच जिम्मेदारी साझा करेंगी, जिससे अंतिम पंक्ति में रक्षापंक्ति मजबूत होगी। रक्षापंक्ति में ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा शामिल हैं।

### रेंजर्स ने नार्थर्न यूनाइटेड से अंक छीना

**नई दिल्ली।** रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब ने सोमवार को नार्थर्न यूनाइटेड एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक कर डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में महत्वपूर्ण अंक झटक लिया। आज यहां खेले गये मुकाबले में रेंजर्स के लिए बढ़त दिलाने वाल हर्षतोमर को उनके श् शानदार गोल के लिए प्लेयर ऑद द मैच से नवाजा गया। इसके बाद नार्थर्न यूनाइटेड के नितेश शर्मा ने गोलकर स्कोर1-1 बराबर कर दिया। वहीं दिन के पहले मुकाबले में बंशनलांग के गोल से एम 2एम फुटबाल क्लब ने अहबाब फुटबाल क्लब को 1-0 से हरा कर डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में अपना विजयी अभियान शुरू किया। लीग का पहला मैच बेहद नीरस रहा। बंगाल, मणिपुर, मेघालय और सिक्किम के खिलाड़ियों से सजी दोनों टीमों ने बेहद सुस्त और उबाऊ फुटबाल खेली, लेकिन दिन के दूसरे मैच में अनुभव पर युवा खिलाड़ी भारी पड़े।

## एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भारत, दिल्ली में होगा आयोजन

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। दूसरी एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप, जो मूल रूप से 29-31 मार्च, 2025 के लिए निर्धारित थी, अब 25-27 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में होगी। संशोधित तिथियों में अतिरिक्त तैयारी के लिए अंतरराष्ट्रीय टीमों के अनुरोधों को समायोजित किया गया है और व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई है। साथ ही रमजान के पवित्र महीने को भी ध्यान में रखा गया है। भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन को वैश्विक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में स्थापित करना है। साथ ही इसकी गहरी परंपराओं का सम्मान करना है। इस आयोजन में एशिया भर के शीर्ष योगासन एथलीट एक साथ आएंगे, जो अपनी ताकत, लचीलेपन और सटीकता का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। यह योगासन को मुख्यधारा के खेल के रूप में स्थापित करने और वैश्विक बहु-खेल प्रतियोगिताओं में इसे शामिल करने के प्रयासों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है। एशियाई योगासन के अध्यक्ष डॉ. संजय मालपानी ने चैंपियनशिप के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला, तारीखों में बदलाव इस आयोजन को वास्तव में समावेशी और प्रतिस्पर्धी बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अधिक भागीदारी के साथ, चैंपियनशिप योगासन की उपस्थिति को एक गंभीर वैश्विक खेल के रूप में और मजबूत करेगी। हम विश्व स्तरीय आयोजन के लिए एशिया भर से एथलीटों का नई दिल्ली में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लोगो' एवं 'शुभंकर' का हुआ अनावरण

■ केंद्रीय मंत्री मांडविया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कार्यक्रम की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, खेलेगा बिहार, खिलेगा भारत




**पटना,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को एक कार्यक्रम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार 2025 के शुभंकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आधिकारिक 'लोगो' का अनावरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ने खेल सॉन्ग का भी शुभारंभ किया। साथ ही खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रा रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का बिहार में आयोजन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 मई को खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का पटना में उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस आयोजन के माध्यम से राज्य में खेलों की बुनियादी संरचना को और मजबूत करने तथा युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कार्यक्रम की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, खेलेगा बिहार, खिलेगा भारत। आज पटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मिलकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 के लोगो एवं शुभंकर का अनावरण किया है। यह आयोजन बिहार में जन्म ले रही खेल क्रांति को एक नया आयाम देगा। मुझे पूरा विश्वास है कि विकसित भारत के विकसित बिहार का जो लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है, उस दिशा में यह आयोजन बिहार के युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। बिहार में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार 2025 का आयोजन हो रहा है। 4 से 15 मई तक बिहार के पांच जिलों पटना, नालंदा, गया, भागलपुर और बेगूसराय में खेल महाकुंभ का आयोजन होगा। इसमें 28 खेलों के लिए देशभर से 8,500 खिलाड़ी और 1,500 टेक्निकल स्टाफ यानी कुल 10 हजार लोग भाग लेंगे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रा 15 अप्रैल से दो मई के बीच बिहार के 38 जिलों से होकर गुजरेगी। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का 'लोगो' बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और खेल भावना का प्रतीक है। इसका नारंगी और हरा रंग उत्साह और प्रकृति का मेल दर्शाता है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025, बिहार के शुभंकर 'गजसिंह' का स्वरूप एवं अवधारणा राज्य की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं खेल भावना का प्रतीक है।

# ईस्पोर्ट्स विश्व कप में भाग लेंगे भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन और अरविंद चितांबरम



■ 20 साल के निहाल सरीन केरल के त्रिशूर से हैं। उन्हें दुनिया के सबसे होनहार युवा शतरंज खिलाड़ियों में गिना जाता है

**मुंबई,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के दो मशहूर शतरंज खिलाड़ी निहाल सरीन और अरविंद चितांबरम ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप (ईडब्ल्यूसी) 2025 में हिस्सा लेंगे। इन्हें एस8यूएल की शतरंज टीम में शामिल किया गया है। इस साल पहली बार ईडब्ल्यूसी में शतरंज को शामिल किया गया है। इस खेल के लिए कुल इनाम राशि 1.5 मिलियन डॉलर (लगभग 12.9 करोड़ रुपये) रखी गई है। विश्व प्रसिद्ध ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन को इसका 'ग्लोबल एम्बेसडर' बनाया गया है। प्रतियोगिता का प्रारूप 'रैपिड' होगा, जिसमें हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय मिलेगा और चाल के बाद कोई अतिरिक्त समय (इन्क्रीमेंट) नहीं मिलेगा। खिलाड़ी 'चैम्पियंस चेस टूर' के फरवरी और मई में होने वाले टूर्नामेंट से क्वालीफाई करेंगे, जबकि अंतिम चार खिलाड़ियों का चयन रियाद में होने वाले 'लास्ट चांस क्वालिफायर' से होगा। 20 साल के निहाल सरीन केरल के त्रिशूर से हैं। उन्हें दुनिया के सबसे होनहार युवा शतरंज खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने 6 साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया और 10 साल की उम्र में वर्ल्ड यूथ चेस चैंपियनशिप जीतकर पहचान बनाई। 2022 में उन्होंने 'चेस डॉट कॉम ग्लोबल चैंपियनशिप' में उपविजेता बनकर शानदार प्रदर्शन किया। हाल ही में उन्होंने प्रेसिडेंट्स कप 2024 जीता और ताशकंद ओपन में 10 में से 8 अंक लेकर अपराजेय रहते हुए खिताब अपने नाम किया। फिलहाल वह भारत में 8वें और दुनिया में 40वें स्थान पर हैं। उनकी एफआईडीई रेटिंग 2687 है। निहाल ने इस मौके पर कहा कि ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप का हिस्सा बनना मेरे लिए एक नया और रोमांचक अनुभव है। शतरंज हमेशा एक पारंपरिक खेल रहा है, लेकिन अब इसे ईस्पोर्ट्स में शामिल किया जाना खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एक नया अवसर खोल रहा है। भारत और एस8यूएल का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात है। वहीं, 25 वर्षीय अरविंद चितांबरम तमिलनाडु के मदुरै शहर के तिरुनगर इलाके से हैं। उन्होंने 7 साल की उम्र में अपने दादाजी से शतरंज सीखना शुरू किया और 12 साल की उम्र में ही 'भारतीय अंडर-19 चैम्पियनशिप' जीत ली। 2013 में उन्होंने चेन्नई ग्रैंडमास्टर ओपन जीतकर सुर्खियां बटोरीं और अगले दो सालों में इंटरनेशनल मास्टर और फिर ग्रैंडमास्टर बन गए।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.081 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 5 | 4 | 1 | 8 | +0.899 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.672 |
| 4- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.162 |
| 5- | कोलकाता नाइट राइडर | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.803 |
| 6- | पंजाब किंग्स | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.065 |
| 7- | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 2 | -0.104 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.838 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 | -1.245 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.554 |